सूर्योदय 6:01 सूर्यास्त 6:45

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 5.0 न्यू | 14.0 अधि |
| धर्मशाला | 8.0 न्यू | 17.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77,563 |
| निफ्टी | 23,997 |
| सोना | 1,52, 100 |
| चांदी | 2,44,150 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 9 अप्रैल 2026 | 27 चैत्र, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 100, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### शून्य विद्यार्थी संख्या वाले 24 और स्कूल बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने विद्यार्थियों की शून्य संख्या वाले 24 और स्कूलों को बंद कर दिया है। शिक्षा विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार 19 प्राइमरी और पांच मिडिल स्कूल डी-नोटिफाई किए गए हैं। बंद किए गए स्कूलों के शिक्षण और गैर शिक्षण स्फाफ, आधारभूत संरचना, कार्यालय अभिलेख और अन्य स्टॉक आदि को शिफ्ट करने का कार्य 17 अगस्त 2024 और 11 सितंबर 2025 के माध्यम से पहले ही जारी किए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार होगा। बंद किए स्कूलों में शिमला जिले के 16, सिरमौर तीन, सोलन एक और लाहौल-स्पीति के चार स्कूल शामिल हैं। शिक्षा विभाग के अनुसार, इन स्कूलों में एक भी बच्चा पंजीकृत नहीं था। इस वजह से स्कूलों को बंद करने का निर्णय लिया गया है। सरकार का तर्क है कि जिन स्कूलों में छात्र ही नहीं हैं, उन्हें चलाए रखना संसाधनों की बर्बादी है।

### रामपाल 11 साल बाद जेल से आएगा बाहर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सतलोक आश्रम के प्रमुख रामपाल को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हत्या व अन्य धाराओं में दर्ज केस में



उम्रकैद की सजा काट रहे रामपाल को जमानत मिल गई है। रामपाल 11 साल, 4 महीने और 20 दिन से जेल हिसार सेंट्रल जेल-2 में बंद है। रामपाल को 19 नवंबर 2014 को हिसार जिले के बरवाला स्थित सतलोक आश्रम से गिरफ्तार किया गया था। हाईकोर्ट ने उसे कोर्ट की अवमानना के एक मामले में पेश होने का आदेश दिया था, लेकिन वह पेश नहीं हुआ। जब पुलिस उसे गिरफ्तार करने पहुंची, तो समर्थकों से झड़प हो गई। इस टकराव में 5 महिलाओं और डेढ़ साल के बच्चे की मौत हुई थी। इसी मामले में रामपाल पर देशद्रोह का केस दर्ज किया गया था।

### स्पाइस जेट का कांगड़ा से दिल्ली किराया 29900 रुपए

**अनंत ज्ञान, गगल।** कांगड़ा एयरपोर्ट से स्पाइसजेट के विमान का किराया 29900 रुपए होगा, जबकि पहला स्पाइस जेट का विमान 11 बजकर 35 मिनट पर कांगड़ा एयरपोर्ट से टेक ऑफ करेगा और एक बजे दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड करेगा, जिसका किराया 29900 रुपए होगा , जबकि दूसरा स्पाइसजेट का विमान जो शाम के 3:15 पर कांगड़ा एयरपोर्ट से टेक ऑफ करेगा और 4:45 पर दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड करेगा और इसका किराया 20707 रूपये विमान यात्रियों को देना पड़ा। वही इंडिगो का विमान सुबह 8:50 पर कांगड़ा एयरपोर्ट से टेक ऑफ करेगा और 10:20 पर दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड करेगा और जिसका किराया 16576 रुपए होगा।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- कुदरत ने बागवानों की उम्मीदों पर फेरा पानी -पेज 2
- मलेंद्र ने पलाख में किया स्टेडियम का उद्घाटन -पेज 4
- धनोटू रेस्ट हाउस उद्घाटन के बाद ही बना शोपीस -पेज 9

# हिमकेयर में पैसे हड़पने के लिए बनाए फर्जी बिल: सीएम सुक्खू

## कहा-बिलों में पुरुषों की 'बच्चेदानी के ऑपरेशन' तक दिखाए

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल की सियासत तीखे आरोपों-प्रत्यारोपों के दौर से गुजर रही है, जहां सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच जुबानी जंग खुलकर सामने आ रही है। वहीं पर पंचायती राज चुनाव को लेकर भी परस्पर तर्कों के तीर चल रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का हालिया बयान राजनीतिक हलकों में नई हलचल पैदा कर गया है, जिसमें न केवल भाजपा पर सीधे सवाल खड़े किए हैं बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर भी सख्त संदेश दिया है।

असम में चुनाव प्रचार से लौटने के बाद मुख्यमंत्री सुक्खू ने मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कई गंभीर आरोप लगाए। हिमकेयर योजना को लेकर उन्होंने पूर्व सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इसमें फर्जी बिलों के जरिए धन के दुरुपयोग के मामले सामने आए हैं, जिनकी जांच जारी है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि जांच के दौरान ऐसे चौंकाने वाले मामले सामने आए हैं, जिनमें पुरुषों के बच्चेदानी ऑपरेशन तक दिखाकर फर्जी बिल तैयार किए गए। उन्होंने इसे गंभीर और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि इस तरह की अनियमितताओं से सरकारी योजनाओं की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े होते हैं। सरकार इस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा राज्य की 10 हजार करोड़ रुपए की राजस्व घाटा अनुदान राशि बंद किए जाने के बावजूद भाजपा ने इसकी बहाली के लिए कोई ठोस पहल नहीं की। साथ ही

### प्रदेश भाजपा पांच गुटों में बंटी

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश भाजपा इस समय पांच गुटों में बंटी हुई है और राज्य में अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के अलग-अलग गुट आपस में ही राजनीतिक संघर्ष में उलझे हुए हैं, जबकि प्रदेश के हितों के मुद्दों पर वह सरकार का साथ नहीं दे रही है। उन्होंने विशेष रूप से राजस्व घाटा अनुदान (आरडीजी) के मुद्दे पर भाजपा की चुप्पी पर सवाल उठाए।

# अमेरिका-ईरान दो सप्ताह के संघर्ष विराम पर सहमत

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने किया ऐलान, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास ने की पुष्टि

**एजेंसी, वाशिंगटन/तेहरान**

अमेरिका और ईरान दो सप्ताह के संघर्ष विराम पर सहमत हो गए हैं। ईरान के 10 सूत्री प्रस्ताव पर यह समझौता राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की समयसीमा से दो घंटे से भी कम समय पहले हुआ।

यह ऐलान पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के मध्यस्थता प्रयासों के बाद हुआ है। गल्फ न्यूज, अल जजीरा, तसनीम, सीबीएस न्यूज और सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराकची ने पुष्टि की है कि अगले दो हफ्तों तक होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति ईरानी सेना के प्रबंधन में दी जाएगी। अराकची ने बुधवार तड़के अपने एक्स हैंडल पर ईरान के सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की ओर से युद्ध में प्रस्तावित युद्ध विराम के बारे में बयान जारी किया। इसमें कहा गया है कि अमेरिका के 15 और ईरान के 10 सूत्री प्रस्ताव के बाद शांति का यह अवसर मिला है।



बयान में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और सैन्य प्रमुख का आभार जताया गया है। इसमें कहा गया है कि दो सप्ताह की अवधि के लिए ईरान के सशस्त्र बलों के साथ समन्वय और तकनीकी सीमाओं का ध्यान रखते हुए होर्मुज़ जलडमरूमध्य से सुरक्षित मार्ग संभव होगा। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिका ने माना हमारा दस सूत्री प्रस्ताव : ईरानी अधिकारी

**ईरानी** अधिकारी अमेरिका के साथ इस सीजफायर समझौते को ईरान के लिए एक 'जीत' के तौर पर पेश कर रहे हैं। वह अब नागरिकों से वादा कर रहे हैं कि अब अगले कदम ईरान की शर्तों पर बढ़ेंगे। वे कह रहे हैं कि अमेरिका ने ईरान के 10 सूत्री प्रस्ताव को मानकर ही संघर्ष विराम पर सहमति जताई है। ईरान ने कहा है कि पाकिस्तान की मध्यस्थता से अमेरिका के साथ होने वाली आगामी इस्लामाबाद वार्ता के लिए किसे भेजा जाएगा, यह अभी तय नहीं है।

### यह अमेरिका की जीत : कैरोलीन लेविट

**व्हाइट** हाउस की प्रेस सचिव कैरोलीन लेविट ने अमेरिका-ईरान सीजफायर समझौते को अमेरिका की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि इसे राष्ट्रपति ट्रंप और जाबांज सेना ने मुमकिन बनाया। उन्होंने एक्स पर कहा कि ईरान के खिलाफ अमेरिका के सैन्य अभियान ने प्रशासन को कड़ी बातचीत करने का मौका दिया, जिससे अब एक कूटनीतिक समाधान और लंबे समय तक शांति की राह खुली है। उन्होंने लिखा, 'इसके अलावा राष्ट्रपति ने होर्मुज को फिर से खुलवाया।'

# विधानसभा चुनाव: असम, केरल और पुडुचेरी में आज होगी वोटिंग

**एजेंसी, नई दिल्ली।** असम, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए 9 अप्रैल को एक ही चरण में मतदान कराया जाएगा। चुनाव आयोग और स्थानीय प्रशासन ने शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी मतदान सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। असम की 126, केरल की 140 और पुडुचेरी की 30 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों की किस्मत 9 अप्रैल को ईवीएम में बंद हो जाएगी। इन सभी सीटों के लिए मतदान प्रक्रिया एक ही चरण में पूरी की जाएगी। असम में कुल 2.5 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 1.25 करोड़ पुरुष, 1.25 करोड़ महिलाएं और 343 तीसरे लिंग के मतदाता शामिल हैं। इसी तरह से केरल विधानसभा की 140 सीटों के लिए 890 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। यहां मुकाबला त्रिकोणीय है, जिसमें प्रमुख राजनीतिक दल शामिल हैं। सरकार बनाने के लिए 71 सीटों के बहुमत की आवश्यकता है। राज्य में कुल 2.71 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 1.32 करोड़ पुरुष, 1.39 करोड़ महिलाएं और 273 तीसरे लिंग के मतदाता शामिल हैं। वहीं, पुडुचेरी में 30 सीटों के लिए चुनाव हो रहे हैं, जिनमें से पांच सीटें अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित हैं। सरकार बनाने के लिए 16 सीटों के बहुमत की आवश्यकता है। यहां कुल 9.44 लाख मतदाता हैं, जिनमें लगभग 4.43 लाख पुरुष, 5 लाख महिलाएं मतदाता शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

## हिमाचल में 20 अप्रैल के आसपास आचार संहिता लगने की संभावना

# चार चरणों में हो सकते हैं पंचायत चुनाव

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायतीराज चुनावों को लेकर बड़ी प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है। सरकार ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि 31 मई से पहले चार चरणों में पंचायत चुनाव संपन्न कराए जाएंगे, जबकि 20 अप्रैल के आसपास आचार संहिता लागू होने की संभावना जताई जा रही है। इस बार चुनाव प्रक्रिया को लेकर सबसे बड़ा और सख्त निर्णय यह सामने आया है कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले परिवारों के सदस्य पंचायत प्रतिनिधि का चुनाव नहीं लड़ सकेंगे।

जानकारी के अनुसार, पंचायती राज संस्थाओं के लिए रोस्टर जारी होने के साथ ही चुनावी प्रक्रिया औपचारिक रूप से आगे बढ़ चुकी है। रोस्टर तय करने की प्रक्रिया में




आरक्षण, क्षेत्रीय संतुलन और कानूनी प्रावधानों का विशेष ध्यान रखा गया है। जिला प्रशासन और पंचायती राज विभाग ने मिलकर वार्ड, पंचायत, ब्लॉक और जिला परिषद स्तर पर सीटों का वर्गीकरण किया हैं। इसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग चुनाव कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की है। उच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद सरकार पर तय अवधि के भीतर चुनाव कराने का दबाव बना हुआ है। अदालत ने स्पष्ट किया था कि पंचायती राज संस्थाओं में देरी लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्रभावित करती है, इसलिए समयबद्ध चुनाव आवश्यक हैं। इसी के चलते सरकार और प्रशासन ने अपनी तैयारियों को तेज करते हुए सभी विभागों को निर्देश जारी कर दिए हैं।

### ये लोग नहीं लड़ सकेंगे चुनाव

**सबसे** चर्चित निर्णय अवैध कब्जाधारियों को चुनावी प्रक्रिया से बाहर रखने का है। अब यदि किसी व्यक्ति या उसके परिवार के सदस्य पर सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा साबित होता है, तो वह पंचायत चुनाव में उम्मीदवार नहीं बन सकेगा। यह नियम गांव स्तर की राजनीति में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लाया गया है। इससे पहले कई बार यह आरोप लगते रहे हैं कि प्रभावशाली लोग सरकारी जमीन पर कब्जा करने के बावजूद जनप्रतिनिधि बन जाते हैं, जिससे व्यवस्था पर सवाल उठते हैं।

# मिडल ईस्ट में सीजफायर के ऐलान से शेयर बाजार गुलजार

## सेंसेक्स में 2946, निफ्टी में 874 अंकों का उछाल

**एजेंसी, मुंबई**

अमेरिका और ईरान के बीच मिडल ईस्ट में 2 हफ्ते के सीजफायर के ऐलान के बाद बुधवार 8 अप्रैल को शेयर बाजार में तेजी रही। सेंसेक्स 2946 अंक (3.95%) चढ़कर 77,563 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 874 अंक (3.78%) ऊपर है, ये



23,997 पर बंद हुआ। वीरवार को ऑटो, रियल्टी और बैंकिंग शेयरों में ज्यादा खरीदारी रही। निफ्टी का ऑटो, बैंकिंग, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और रियल्टी इंडेक्स 5% ऊपर बंद हुए। गौर रहे कि अमेरिका और ईरान के बीच 40 दिन से जारी जंग पर 2 हफ्ते के लिए ब्रेक लग गया है। दोनों देशों ने पाकिस्तान-चीन की मध्यस्थता के बाद इस सीजफायर पर सहमति जताई है। (अनंत ज्ञान)

### कच्चा तेल 100 डॉलर के नीचे

**नई दिल्ली।** अमेरिका-ईरान जंग में 2 हफ्ते के सीजफायर के ऐलान के बाद क्रूड ऑयल (कच्चा तेल) 15% सस्ता हुआ है। बुधवार को दाम करीब 15 डॉलर गिरकर 94.27 डॉलर प्रति बैरल पर आ गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह करीब 6 साल में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट है। एक दिन पहले क्रूड ऑयल की कीमत 109.27 डॉलर प्रति बैरल थी। 28 फरवरी को जंग शुरू होने से पहले कच्चा तेल 73 डॉलर प्रति बैरल था। जंग के दौरान दाम बढ़कर 120 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गए थे। तब से पेट्रोल-डीजल के रेट बढ़ने की आशंका जताई जा रही थी।

# सर्दी है कि अप्रैल में भी नहीं जा रही

## प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फबारी और मैदानों में झमाझम बारिश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में अप्रैल महीने में भी सर्दी जाने का नाम नहीं ले रही। राजधानी शिमला में मंगलवार रात से शुरू हुई बारिश बुधवार को जारी रही। वहीं, कुल्लू जिले में अटल टनल समेत ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हुई। शिमला जिला के बाघी, नारकंडा, खिड़की, मड़ावग, खड़ापत्थर इत्यादि क्षेत्रों में हिमपात से सेब बगीचों को भारी नुकसान हुआ। लाहौल-स्पीति के अटल टनल, सिसू, कोकसर में भी ताजा बर्फबारी हुई। इसके बाद सोलंग वैल से आगे वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है।

बीते 24 घंटे के दौरान हुई बारिश-बर्फबारी से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। प्रदेश का औसत अधिकतम तापमान सामान्य से 11 डिग्री नीचे गिरा है। कई शहरों का पारा सामान्य से 14 डिग्री तक नीचे लुढ़क गया है। इससे अप्रैल के दूसरे सप्ताह में भी दिसंबर-जनवरी जैसी ठंड लौट आई है।



राजगढ़ में सबसे ज्यादा 60.0, भटियात 52.6, बरठी 50.6, नैना देवी 48.6, सोलन 48.0, कोटखाई 47.1, कसौली 43.0, कंडाघाट 42.2, धर्मपुर में 38.6 और शिमला में 27.7 मिलीमीटर बारिश हुई। पहाड़ों पर अभी भी बारिश-बर्फबारी जारी है।

### शिमला का न्यूनतम तापमान सामान्य से 5.8 डिग्री नीचे गिरा

**हिमाचल** की राजधानी शिमला का न्यूनतम तापमान सामान्य से 5.8 डिग्री नीचे गिरने के बाद 4.8 डिग्री सेल्सियस रह गया है। कांगड़ा का अधिकतम तापमान सामान्य से 14.1 डिग्री नीचे गिरने के बाद 18 डिग्री, मंडी का 11.1 डिग्री की गिरावट के बाद 18.7 डिग्री, मनाली का 10.8 डिग्री कम होने के बाद 8.6 डिग्री, ऊना का 10.4 डिग्री कम होने के बाद 22.4, धर्मशाला का 11.1 डिग्री लुढ़कने के बाद 14 डिग्री सेल्सियस रह गया है।

# एचआरटीसी की बस पर पहाड़ी से गिरे पत्थर

## अगला टायर सड़क से बाहर निकला, बसे में 15 से 20 यात्री थे सवार

अनंत ज्ञान

**ओपी शर्मा, भरमौर।** चंबा जिले में सवारियों से भरी एचआरटीसी की बस बुधवार सुबह उस समय खाई में गिरने से बाल-बाल बची, जब कुगती से भरमौर जाते समय हड़सर के पास सांदी में बस का अगला टायर सड़क से बाहर निकल गया। वहां पर पहले से भूस्खलन हो रहा था, इस कारण सड़क के एक छोर पर पत्थर गिरे हुए थे, जिससे बचाते हुए चालक ने जैसे ही बस को दूसरी तरफ से निकाला तो अचानक टायर हवा में लटक गया। सवारियों में चीख पुकार मच गई।

बस में सफर करने वाले 15 से 20 लोग निजी वाहनों और पैदल ही अपने गंतव्य की तरफ रवाना हुए। सबके चेहरे पर एक ही खौफ था कि यदि बस नीचे



गिर जाती तो शायद उनकी जान भी जा सकती थी। फिलहाल चालक की समझदारी से उनकी जान बच गई। एचआरटीसी चंबा डिपो के डीडीएम शुगल सिंह ने बताया कि कुगती से भरमौर की तरफ जा रही बस का अगला टायर सड़क से बाहर लटका। बस और यात्री सुरक्षित हैं। यह घटना सड़क पर हो रहे भूस्खलन के कारण हुई। फिलहाल बस को वहां से निकाल लिया गया है।

### जबदरस्ती गाड़ी निकालने की कोशिश न करें: डीएम

**डीएम** एचआरटीसी मंडल धर्मशाला पंकज चड्डा ने बताया कि मंडल के सभी आरएम को बारिश के चलते दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा बारिश में मिट्टी कमजोर पड़ जाती है, पहाड़ी एरिया में ऐसी स्थिति में जबदरस्ती गाड़ी निकालने की कोशिश न करें, ताकि जिससे कोई अप्रिय घटना हो। डीडीएम चंबा को भी इस मामले की तहकीकात करने और दिशा-निर्देश जारी करने को कहा गया है। डीएम ने कहा कि कई बार पहाड़ी एरिया में पत्थर गिरने, भूस्खलन से रास्ता संकरा हो जाता है, ऐसे मार्गों से एचआरटीसी चालक जबरन गाड़ी निकालने का प्रयास न करें और गाड़ी को ऐसी स्थिति में सुरक्षित स्थान पर खड़ा कर दें।

# जो भक्त ही नहीं, वे धार्मिक परंपरा को चुनौती कैसे दे रहे : सुप्रीम कोर्ट

## सबरीमाला केस में केंद्र से पूछा- ऐसी अपील पर सुनवाई क्यों ?

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार से पूछा कि जो लोग भगवान अयप्पा के भक्त नहीं हैं, वे केरल के सबरीमाला मंदिर की परंपराओं को कैसे चुनौती दे सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे पर 7 सवाल तय किए हैं। इनमें से एक सवाल यह है कि क्या कोई व्यक्ति, जो किसी धार्मिक संप्रदाय या समूह से संबंधित नहीं है, उस 'धार्मिक संप्रदाय या समूह' की किसी प्रथा को जनहित याचिका के माध्यम से चुनौती दे सकता है। सबरीमाला मामले में बुधवार को दूसरे दिन की सुनवाई समाप्त होने



से पहले, न्यायमूर्ति नागरत्ना ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पूछा कि सबरीमाला मामले में याचिकाकर्ता कौन थे। उन्होंने कहा, 'मूल याचिकाकर्ता भक्त नहीं थे। किसी भी भक्त ने इस प्रथा को चुनौती देने के लिए अदालत का रुख नहीं किया, तो फिर ये रिट याचिकाकर्ता कौन हैं जो इसे चुनौती दे रहे हैं।'

मेहता ने जवाब दिया कि मूल याचिकाकर्ता 'इंडियन यंग लॉयर्स एसोसिएशन' नामक वकीलों का एक संगठन है। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा, 'वे भक्त नहीं हैं, लेकिन हमें यह स्पष्ट करना होगा। क्या भगवान अयप्पा का कोई भी भक्त इस परंपरा को चुनौती देते हुए रिट याचिका दायर कर सकता है और यदि कोई गैर-भक्त, जिसका उस मंदिर से कोई संबंध नहीं है, इसे चुनौती देता है, तो क्या यह अदालत ऐसी याचिका पर सुनवाई कर सकती है। (अनंत ज्ञान)

**राहत** नए वित्त वर्ष की पहली मीटिंग में आरबीआई ने 5.25% पर बरकरार रखी ब्याज दर

# महंगे नहीं होंगे लोन, रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

नए वित्त वर्ष की पहली मीटिंग में रेपो रेट में बदलाव नहीं किया गया है। इसे 5.25% पर बरकरार रखा है। इससे लोन महंगे नहीं होंगे और ईएमआई नहीं बढ़ेगी। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 8 अप्रैल को मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी के फैसलों की जानकारी दी।

इससे पहले फरवरी में भी रेपो रेट में बदलाव नहीं हुआ था। आरबीआई ने आखिरी बार दिसंबर 2025 में ब्याज दर 0.25% घटाकर 5.25% की थी। केंद्रीय बैंक जिस रेट पर बैंकों को लोन देता है, उसे रेपो रेट कहते हैं। जब बैंक रेपो रेट घटाता है तो बैंक इस फायदे को ग्राहकों तक पहुंचाते हैं। गौर रहे कि




आरबीआई की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी में 6 सदस्य होते हैं। इनमें से 3 आरबीआई के होते हैं, जबकि बाकी केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किए जाते हैं। आरबीआई की मीटिंग हर दो महीने में होती है। वित्त वर्ष 2026-27 में मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की कुल 6 बैठकें होंगी। पहली बैठक 6-8 अप्रैल 2026 को हुई है। आरबीआई ने 2025 में ब्याज दर में चार बार में 1.25% की कटौती की थी। (अनंत ज्ञान)

### आरबीआई ने ब्याज दर में क्यों नहीं किया कोई बदलाव?

**आरबीआई** गवर्नर के मुताबिक, महंगाई में उछाल का खतरा अभी टला नहीं है। खराब मौसम और बेमौसम बारिश से फल, सब्जियों और अनाज की कीमतें बढ़ने की आशंका है। ईरान-इजरायल जंग से सप्लाई चैन पर असर पड़ रहा है। आरबीआई अभी 'रुको और देखो' की नीति अपना रहा है। ग्लोबल मार्केट में मची उथल-पुथल को देखते हुए आरबीआई जल्दबाजी में कोई फैसला नहीं लेना चाहता। बैंक अभी दुनिया भर के आर्थिक हालातों पर नजर रखना चाहता है। इसी वजह से ब्याज दर में बदलाव नहीं किया गया।

### रेपो रेट ?

**आरबीआई** जिस ब्याज दर पर बैंकों को लोन देता है उसे रेपो रेट कहते हैं। रेपो रेट कम होने से बैंक को कम ब्याज पर लोन मिलेगा। बैंकों को लोन सस्ता मिलता है, तो वो अक्सर इसका फायदा ग्राहकों को पास कर देते हैं यानी बैंक भी अपनी ब्याज दरें घटा देते हैं। वहीं, किसी भी सेंट्रल बैंक के पास पॉलिसी रेट के रूप में महंगाई से लड़ने का एक शक्तिशाली टूल है। जब महंगाई बहुत ज्यादा होती है तो सेंट्रल बैंक पॉलिसी रेट बढ़ाकर इकोनॉमी में मनी फ्लो को कम करने की कोशिश करता है।

# कुदरत ने बागवानों की उम्मीदों पर फेरा पानी

## ऊपरी शिमला में बर्फबारी, ओलावृष्टि और बेमौसमी बारिश ने सेब के बागानों को किया नुकसान

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** अप्रैल, जिसे बागवान अपने सपनों के संवरने का महीना मानते हैं, इस बार किसी निर्दयी इम्तिहान की तरह सामने आया है। खिलती कलियों और उम्मीदों से लदे सेब के बागानों पर कुदरत ने ऐसा कहर बरपाया कि हर शाख मानो दर्द की कहानी कहती नजर आई। कभी ओलों की बेरहम चोट, कभी बर्फ की चादर और कभी बेमौसम बारिश की सर्द मार, इन सबने मिलकर बागवानों के अरमानों को झकझोर कर रख दिया है। जिन खेतों में खुशहाली की दस्तक सुनाई देती थी, वहां आज सन्नाटा और चिंता की परछाइयां गहराती जा रही हैं।

जानकारी के अनुसार ऊपरी शिमला के बागवानी क्षेत्रों में अप्रैल माह में अचानक बदले मौसम के तेवरों ने बागवानों की उम्मीदों को गहरी चोट पहुंचाई है। बीते कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश, ओलावृष्टि और ऊंचाई वाले इलाकों में हुई भारी बर्फबारी ने सेब के पौधों को व्यापक नुकसान पहुंचाया है। कोटखाई, जुब्बल, रोहड़ू, कुमारसेन, चौपाल, नारकंडा, खदराला खड़ापत्थर, मतियाना, ठियोग, शिलारू व मडावग जैसे प्रमुख बागवानी क्षेत्रों में तबाही के दृश्य सामने आए हैं, जहां बागवान अपनी फसलों को बचाने में असहाय नजर आ रहे हैं।

इन इलाकों में कई स्थानों पर एक-एक फीट तक बर्फ गिरने की खबरें सामने आई हैं, जिससे पेड़ों की टहनियां टूट गईं और नवांकुरित कलियों को गहरी क्षति पहुंची। ओलावृष्टि के साथ आई तेज हवाओं ने एंटी-हेल नेट को भी नहीं बख्शा, जो जगह-जगह से फटकर या टूटकर बिखर गए। यह नेट बागवानी के लिए सुरक्षा कवच माने जाते हैं, लेकिन इस बार प्रकृति के प्रकोप के आगे ये भी बेबस नजर आए। जहां एक ओर ऊपरी क्षेत्रों में बर्फबारी ने कहर बरपाया, वहीं निचले इलाकों में लगातार बारिश और ठंडे मौसम ने फ्लावरिंग स्टेज पर चल रही फसलों को प्रभावित किया है। तापमान में अचानक आई गिरावट ने फूलों के विकास को रोक दिया है, जिससे इस वर्ष की पैदावार पर गंभीर संकट मंडराने लगा है। इससे पहले हुई ओलावृष्टि ने पहले ही बागवानों की उम्मीदों को झकझोर दिया था, और अब इस बर्फबारी ने स्थिति को और भी गंभीर बना दिया है।

मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते यह असामान्य मौसम बना हुआ है, जिसने पूरे मध्य हिमाचल की बागवानी को प्रभावित किया है। शिमला जिला, जो प्रदेश की बागवानी की रीढ़ माना जाता है, वहां इस बार की मार ने हालात को चिंताजनक बना दिया है। बागवानों का कहना है कि अप्रैल जैसे महत्वपूर्ण महीने में इस तरह का मौसम उनके लिए किसी आपदा से कम नहीं है।



एंटी हेलनेट पर पड़ी बर्फबारी का दृश्य। अनंत ज्ञान

### फ्लोरिंग स्टेज पर ठंड बनी नुकसानदेह

**बागवानी** विशेषज्ञों का मानना है कि यदि आने वाले दिनों में मौसम में सुधार नहीं हुआ तो नुकसान और बढ़ सकता है। उनका कहना है कि यह समय सेब के पौधों के लिए बेहद संवेदनशील होता है, और ऐसे में लगातार ठंड और नमी फसल के लिए घातक साबित हो सकती है। विशेषज्ञ अब खुलकर चिंता जता रहे हैं कि यदि यही स्थिति बनी रही तो इस साल की सेब फसल पर इसका दूरगामी प्रभाव पड़ सकता है, जिससे बागवानों की आर्थिक स्थिति भी डगमगा सकती है।

# जेएनवी परीक्षा के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल और गोपनीयता बनाए रखें केंद्र अधीक्षक

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय, ठियोग में बुधवार को जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 के सफल आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला शिमला के 16 परीक्षा केंद्रों के केंद्र अधीक्षकों के साथ-साथ केंद्र स्तरीय पर्यवेक्षकों ने भाग लिया और परीक्षा संचालन से जुड़ी व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य रोशन लाल ने की। उन्होंने परीक्षा के निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। साथ ही सुरक्षा प्रोटोकॉल, गोपनीयता बनाए रखने और समयबद्ध कार्य निष्पादन को लेकर अधिकारियों को विस्तार से जानकारी दी गई। अंत में सभी केंद्र अधीक्षकों और पर्यवेक्षकों से निर्धारित दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन करते हुए परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने का आह्वान किया गया।




### दोपहर सत्र में होगी परीक्षा, 16 केंद्र निर्धारित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 का आयोजन जिला शिमला में दोपहर सत्र में किया जाएगा। परीक्षा के सुचारू, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा प्रोटोकॉल, गोपनीयता बनाए रखने और समयबद्ध कार्य निष्पादन को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि परीक्षा प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। प्रशासन द्वारा जिले भर में कुल 16 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जहां अभ्यर्थी परीक्षा में भाग लेंगे। प्राचार्य ने सभी केंद्र अधीक्षकों एवं पर्यवेक्षकों से अपील की है कि निर्धारित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करते हुए परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जाए, जिससे अभ्यर्थियों को निष्पक्ष एवं व्यवस्थित वातावरण मिल सके।

# बेटियों की विदेश यात्रा के लिए एचपीवी टीकाकरण अनिवार्य नहीं

अनंत ज्ञान

- स्वास्थ्य विभाग ने अफवाहों को बताया निराधार
- भ्रामक सूचनाओं पर न करें विश्वास, टीकाकरण पूरी तरह स्वैच्छिक

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने उन बातों पर खड़े संज्ञान लिया है, जिनमें दावा किया जा रहा था कि बेटियों की विदेश यात्रा के लिए एचपीवी वैक्सीन का प्रमाण-पत्र अनिवार्य कर दिया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया कि भारत सरकार या राज्य सरकार द्वारा ऐसे कोई भी दिशा-निर्देश जारी नहीं किए गए हैं। विदेश यात्रा के लिए इस टीकाकरण की कोई अनिवार्यता नहीं है और इस तरह की तमाम सूचनाएं पूरी तरह भ्रामक एवं निराधार हैं।

बताया गया है कि एचपीवी टीकाकरण एक पूर्णतः स्वैच्छिक प्रक्रिया है। यह टीका केवल अभिभावकों की लिखित और सूचित सहमति प्राप्त होने के बाद ही पात्र किशोरियों को लगाया जाता है। स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य टीकाकरण से पूर्व माता-पिता को इसके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी देना है ताकि वे अपनी स्वेच्छा से निर्णय ले सकें। विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी अपुष्ट जानकारी या अफवाह पर विश्वास न करें और केवल अधिकृत स्रोतों से प्राप्त सूचनाओं पर ही भरोसा करें।

गौरतलब है कि वर्तमान में प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग द्वारा 14 से 15 वर्ष की आयु वर्ग की बालिकाओं को गर्भाशय ग्रीवा कैंसर (सर्वाइकल कैंसर) से बचाव के लिए यह वैक्सीन निःशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है। वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार, एचपीवी संक्रमण भविष्य में कैंसर का मुख्य कारण बनता है और यह वैक्सीन इस गंभीर बीमारी के जोखिम को कम करने में अत्यंत प्रभावी है। टीकाकरण के संबंध में किसी भी प्रकार की शंका या अधिक जानकारी के लिए अभिभावक अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र, चिकित्सा अधिकारी या आशा कार्यकर्ता से संपर्क कर सकते हैं।

# बारिश में भी हक की लड़ाई में डटे रहे एंबुलेंस कर्मी

## हिमाचल में 102 और 108 एंबुलेंस कर्मियों की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी, सेवाएं पूरी तरह ठप

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में 108 और 102 एंबुलेंस सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी रही। सीटू के बैनर तले प्रदेशभर के सैकड़ों कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर छोटा शिमला स्थित सचिवालय के बाहर डटे रहे। बारिश के बावजूद कर्मचारियों का हौसला कमजोर नहीं पड़ा और उन्होंने सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन जारी रखा। इस दौरान एंबुलेंस सेवाएं पूरी तरह बाधित रहीं, जिससे प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं पर भी असर पड़ा। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन को और तेज करते हुए निर्णायक संघर्ष छेड़ा जाएगा।

धरने को संबोधित करते हुए सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, महासचिव प्रेम गौतम, कोषाध्यक्ष जगत राम, उपाध्यक्ष सुदेश कुमारी, यूनियन अध्यक्ष सुनील कुमार और महासचिव बालक राम ने कहा कि नेशनल हेल्थ मिशन के तहत मेडस्वान फाउंडेशन के अधीन कार्यरत पायलट, कैप्टन और ईएमटी कर्मचारियों का लंबे समय से शोषण किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्मचारियों को सरकार द्वारा तय न्यूनतम वेतन तक नहीं दिया जा रहा है और उनसे बारह-बारह घंटे ड्यूटी करवाई जा रही है, लेकिन ओवरटाइम का भुगतान नहीं किया जाता। उच्च न्यायालय, लेबर कोर्ट और श्रम विभाग के आदेशों के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ है।

यूनियन नेताओं ने यह भी कहा कि कर्मचारियों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है। यूनियन से जुड़े नेताओं के तबादले किए जाते हैं या उन्हें नौकरी छोड़ने के लिए मजबूर किया जाता है। कई कर्मचारियों को बिना कारण महीनों तक ड्यूटी से बाहर रखा जाता है। छुट्टियों का प्रावधान भी सही ढंग से लागू नहीं किया जा रहा और ईपीएफ व ईएसआई में भी भारी अनियमितताएं सामने आई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्मचारियों के वेतन से अनुचित कटौती कर आर्थिक नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

कर्मचारियों ने सरकार से मांग की है कि न्यूनतम वेतन का तुरंत भुगतान सुनिश्चित किया जाए और बारह घंटे की ड्यूटी पर नियमानुसार डबल ओवरटाइम दिया जाए। साथ ही सभी प्रकार की छुट्टियों का प्रावधान लागू किया जाए और गाड़ियों की मेंटेनेंस या इंश्योरेंस के दौरान वेतन कटौती बंद की जाए। उन्होंने यह भी मांग उठाई कि पूर्व में जीवीके ईएमआरआई के तहत कार्यरत कर्मचारियों को सेवा की निरंतरता, वरिष्ठता और लंबित एरियर, ग्रेच्युटी तथा अन्य देय भुगतान तुरंत दिए जाएं।



बारिश के बीच सचिवालय के बाहर प्रदर्शन करते अनंत ज्ञान

### मांगें पूरी न होने पर आंदोलन होगा तेज

**यूनियन** ने ट्रेड यूनियन अधिनियम और औद्योगिक विवाद अधिनियम के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने की मांग करते हुए कहा कि कर्मचारियों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा की जानी चाहिए। साथ ही अनुचित तबादलों को रद्द करने और सभी श्रम कानूनों को सख्ती से लागू करने की भी मांग दोहराई गई। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

# कंप्यूटर शिक्षकों ने सीएम सुक्खू से किया स्थायी नीति व नियमितीकरण का आग्रह



मांगों को लेकर सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मुलाकात करता हुआ कंप्यूटर शिक्षक महासंघ का प्रतिनिधिमंडल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू से बुधवार को ओकओवर, शिमला में प्रदेश कंप्यूटर शिक्षक महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर अपनी लंबित मांगों और समस्याओं को विस्तार से रखा।

महासंघ की अध्यक्ष सुमन ठाकुर के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपते हुए कंप्यूटर शिक्षकों के लिए स्थायी नीति बनाए जाने और उन्हें नियमित करने की पुरजोर मांग की। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और आश्वासन दिया कि राज्य सरकार उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी। इस दौरान महासंघ के मंडी जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर, ऊना जिला अध्यक्ष हरदेव सिंह सहित अन्य प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे और उन्होंने शिक्षकों की स्थिति में सुधार के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### शिक्षा मंत्री कल करेंगे चौपाल क्षेत्र का दौरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 10 अप्रैल को जिला शिमला के चौपाल क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी। प्रवक्ता ने बताया कि अपने इस दौरे के दौरान शिक्षा मंत्री वॉलीबॉल (ब्वॉयज) खेल छात्रावास, चौपाल के शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। इसके पश्चात वह वॉलीबॉल (ब्वॉयज) खेल छात्रावास की नई इमारत तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, चौपाल के प्राथमिक खंड की नई इमारत का शिलान्यास करेंगे। दौरे के अंतिम चरण में शिक्षा मंत्री चौपाल क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनेंगे तथा स्थानीय निवासियों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद स्थापित करेंगे, जिससे क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जा सके।

### फोरेंसिक सेवाओं के सुदृढ़ीकरण को लेकर एमओयू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** निदेशालय फोरेंसिक सेवाएं हिमाचल प्रदेश, जुन्गा ने संदीप विश्वविद्यालय के फॉरेंसिक साइंस विभाग के साथ शिक्षा, प्रशिक्षण एवं अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देने हेतु समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर निदेशक डॉ. मीनाक्षी महाजन सहित दोनों संस्थानों के अधिकारी उपस्थित रहे। यह समझौता इंटर्नशिप, शैक्षणिक आदान-प्रदान और संयुक्त अनुसंधान को प्रोत्साहित करेगा तथा छात्रों को आधुनिक फॉरेंसिक तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेगा।

### एबीवीपी ने छात्र हितों को लेकर किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की इकाई ने छात्र समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों ने बस सुविधा की कमी, डिजिटल पुस्तकालय की आवश्यकता और पार्किंग जैसी मूलभूत दिक्कतों को उठाया। सह सचिव अभिषेक शर्मा ने कहा कि दूरदराज़ से आने वाले विद्यार्थियों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है और विश्वविद्यालय को जल्द समाधान करना चाहिए। इकाई अध्यक्ष अक्षय ठाकुर ने फीस वृद्धि का विरोध करते हुए इसे आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों पर बोझ बताया। उन्होंने छात्रावास की कमी और हॉस्टल भोजन की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए। परिषद ने चेतावनी दी कि समस्याओं का समाधान न होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

### रिज मैदान पर वायरल वीडियो से छिड़ी बहस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर स्थित टका बेंच से जुड़ा एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने शहर भर में चर्चा का माहौल गर्म कर दिया है। वीडियो में दिख रहे कुछ युवाओं के व्यवहार को लेकर लोग अलग-अलग राय व्यक्त कर रहे हैं। जहां एक वर्ग इसे व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हिस्सा मान रहा है, वहीं बड़ी संख्या में लोग इसे सार्वजनिक स्थल की गरिमा के विपरीत बताते हुए नाराजगी जता रहे हैं। रिज मैदान, जो शिमला की सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक गतिविधियों का केंद्र माना जाता है, वहां इस तरह की घटनाओं ने मर्यादा और जिम्मेदारी को लेकर बहस को और तेज कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर आचरण ऐसा होना चाहिए जो समाज के मूल्यों और शहर की गरिमा के अनुरूप हो। फिलहाल यह वीडियो चर्चा का विषय बना हुआ है और लोगों के बीच शिष्टाचार व स्वतंत्रता की सीमाओं को लेकर गंभीर संवाद छेड़ रहा है।

### 23 तक मनाया जाएगा पोषण पखवाड़ा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला में 9 अप्रैल से 23 अप्रैल, 2026 तक पोषण पखवाड़ा मनाया जाएगा, जिसका उद्देश्य कुपोषण को समाप्त कर समाज में बेहतर पोषण स्तर सुनिश्चित करना है। उपायुक्त ने बताया कि वर्ष 2018 में शुरू किए गए इस अभियान के तहत जन-जागरूकता और व्यवहार परिवर्तन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न विभागों के अभिसरण से जिला, खंड, पंचायत और आंगनवाड़ी स्तर पर अनेक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिनके माध्यम से गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और छोटे बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पोषण पखवाड़ा का मुख्य फोकस जीवन के पहले छह वर्षों में बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास पर रहेगा। अभियान के अंतर्गत स्क्रीन टाइम में कमी लाने, वैकल्पिक गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा आंगनवाड़ी केंद्रों के सशक्तिकरण पर जोर दिया जाएगा।

# समग्र प्रदर्शन में एकलव्य सदन 15 स्वर्ण पदकों के साथ प्रथम




खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी सम्मानित किए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** रामपुर बुशहर के बालना (नोगली) स्थित सर्वपल्ली राधाकृष्णन बीएड/एमएड एवं डिग्री कॉलेज में आयोजित पांच दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ।

समापन समारोह में विभिन्न सदनों के प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। संस्थान के संस्थापक डॉ. मुकेश कुमार ने मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए सभी का आभार जताया और खेलों को व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के दूरवर्ती शिक्षा विभाग से प्रो. (डॉ.) सुरेंद्र शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन के साथ आरंभ हुए समारोह में छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। प्रतियोगिताओं में विभिन्न खेलों के विजेताओं को सम्मानित किया गया, जिसमें समग्र प्रदर्शन में एकलव्य सदन 15 स्वर्ण पदकों के साथ प्रथम रहा, जबकि अर्जुन सदन द्वितीय स्थान पर रहा। छात्र वर्ग में तोनिश व छात्रा वर्ग में इशिता को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। प्रधानाचार्या डॉ. सीमा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# कांग्रेस में 'व्यवस्था परिवर्तन' का सपना टूटा : सुधीर शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा नेता एवं विधायक सुधीर शर्मा ने कांग्रेस सरकार और संगठन पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस के भीतर हालात पूरी तरह बिखर चुके हैं। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि अब पार्टी में 'कुछ भी ठीक नहीं बचा है।' शर्मा ने शिमला से जारी बयान में आरोप लगाया कि जिस कांग्रेस ने 'व्यवस्था परिवर्तन' का दम भरकर सत्ता हासिल की थी, वही अब 'व्यवस्था पतन' की ओर तेजी से बढ़ रही है। उनके अनुसार सरकार और संगठन दोनों स्तरों पर गहरी अंतर्कलह, असंतोष और नेतृत्वहीनता साफ झलक रही है, जिससे प्रशासनिक फैसलों की दिशा भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आज खुद को घुटन के माहौल में महसूस कर रहे हैं और उनकी स्थिति 'नाम के नेता, काम से बाहर' जैसी हो गई है। शर्मा ने तंज कसते हुए कहा कि जब पूर्व प्रदेश अध्यक्षों व बड़े पदाधिकारियों के काम तक नहीं हो पा रहे, तो आम जनता की परेशानियों का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।

# बागवानों का अपमान नहीं होगा सहन : चेतन

## बागवानों के हक को लेकर बुलंद की आवाज, बारिश में किया जोरदार प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जुब्बल में भाजपा की मासिक बैठक के साथ शुरू हुआ विरोध उस समय और तेज हो गया जब कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर बागवानों के समर्थन में प्रदर्शन करने लगे। बैठक में क्षेत्र के हालात और ओलावृष्टि से हुए भारी नुकसान पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसके बाद भाजपा नेता चेतन बरागटा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। इसके पश्चात उपमंडल अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर प्रभावित बागवानों के लिए शीघ्र और उचित मुआवज़े की मांग उठाई गई।

चेतन बरागटा ने कहा कि हाल ही में हुई ओलावृष्टि और प्रतिकूल मौसम ने बागवानी को गहरी चोट पहुंचाई है, जिससे सैकड़ों परिवार आर्थिक संकट में आ गए हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि संकट की इस घड़ी में सरकार को संवेदनशीलता दिखानी चाहिए थी, लेकिन इसके विपरीत बागवानों को अब तक राहत नहीं मिल पाई है। उन्होंने मांग की कि नुकसान का सही आकलन कर तुरंत राहत पैकेज जारी किया जाए।

चेतन बरागटा ने उपमुख्यमंत्री के कोटखाई दौरे पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जब बागवान अपने नुकसान से जूझ रहे थे, तब उपमुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री और कांग्रेसी कार्यकर्ता हंसी-मजाक करते नजर आए, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बागवानी प्रदेश की जीवनरेखा है और बागवानों के सम्मान के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। 'मैं स्वयं बागवान का बेटा हूं और बागवानों के अपमान के खिलाफ हर स्तर पर लड़ाई जारी रखूंगा,' उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा।



बागवानों की समस्याओं पर प्रदर्शन करते हुए। अनंत ज्ञान

**विरोध** छात्र विरोधी निर्णय वापस लेने की मांग तेज, आंदोलन की चेतावनी

# फीस वृद्धि के खिलाफ एसएफआई का प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की छात्र फेडरेशन ऑफ इंडिया विश्वविद्यालय इकाई ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा 28 मार्च 2026 को ईसी बैठक में लिए गए फीस वृद्धि के फैसले के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया। संगठन ने इस निर्णय को छात्र विरोधी बताते हुए कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने 10 से 15 प्रतिशत तक फीस बढ़ोतरी की है, जबकि संबद्ध महाविद्यालयों में यह वृद्धि और अधिक है। इसके साथ ही परीक्षा शुल्क में भी करीब 40 प्रतिशत तक इजाफा किया गया है, जिससे छात्रों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है।

एसएफआई ने आरोप लगाया कि इस तरह के फैसलों से उच्च शिक्षा की पहुंच सीमित हो रही है और गरीब व मध्यम वर्ग के छात्र शिक्षा से वंचित हो सकते हैं। संगठन का कहना है कि विश्वविद्यालय का मूल उद्देश्य सभी वर्गों तक शिक्षा पहुंचाना था, लेकिन वर्तमान नीतियां इसके विपरीत दिशा में जा रही हैं। छात्रों को मूलभूत सुविधाएं और नियमित कक्षाएं तक उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं, जबकि विश्वविद्यालय फीस के रूप में बड़ी राशि एकत्र कर रहा है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि फीस वृद्धि का फैसला वापस नहीं लिया गया, तो आने वाले समय में प्रदेशभर के छात्रों को एकजुट कर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। एसएफआई ने विश्वविद्यालय प्रशासन और सरकार को इस स्थिति के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए तत्काल निर्णय वापस लेने की मांग की है।




शिमला में फीस वृद्धि के विरोध में धरना-प्रदर्शन करते एसएफआई के छात्र। अनंत ज्ञान

# कोटखाई में केंद्रीय विद्यालय का शुभारंभ, क्षेत्र में खुशी की लहर

अनंत ज्ञान

- शिक्षा मंत्री के प्रयासों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने जताया आभार

**ब्यूरो, शिमला।** कोटखाई में केंद्रीय विद्यालय के विधिवत शुभारंभ पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का आभार व्यक्त किया है। कमेटी के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा ने कहा कि मंत्री के प्रयासों से महज छह माह पूर्व स्वीकृत यह विद्यालय रिकॉर्ड समय में पूरी तरह संचालित हो गया है, जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल बना है। उन्होंने बताया कि यह शिमला संसदीय क्षेत्र का पहला ऐसा केंद्रीय विद्यालय है जो ग्रामीण इलाके में स्थानीय बच्चों के लिए खोला गया है, जबकि पहले ऐसे संस्थान मुख्यत: सैनिकों के बच्चों या परियोजना क्षेत्रों में स्थापित होते थे। विद्यालय खुलने के साथ ही बड़ी संख्या में अभिभावक और विद्यार्थी प्रवेश के लिए पहुंच रहे हैं, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बढ़ती मांग को दर्शाता है।



उन्होंने कहा कि इस संस्थान के शुरू होने से बच्चों को अपने घर के पास ही बेहतर शिक्षा का अवसर मिलेगा और क्षेत्र के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी। साथ ही यह विद्यालय देशभर में स्वीकृत 57 नए केंद्रीय विद्यालयों में शामिल है, जिससे रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इस बीच केंद्रीय विद्यालय संगठन गुरुग्राम के उपायुक्त विनोद मित्र ने जानकारी दी कि पहली से पांचवीं कक्षा तक प्रवेश के लिए आवेदन 08 से 20 अप्रैल तक लिए जाएंगे और मई के पहले सप्ताह से कक्षाएं आरंभ होंगी। विद्यालय में पहले ही दिन 192 आवेदन पत्र वितरित किए गए, जो लोगों के उत्साह को दर्शाता है।

# हिमाचल में बढ़ाई जा रही पीजी सीटें : सीएम

## मेडिकल कॉलेजों में प्रोफेसरों व सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की सेवानिवृत्ति आयु को 65 वर्ष तक करने के निर्देश

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में राज्य सरकार ने एक व्यापक और दूरदर्शी पहल शुरू की है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में चिकित्सा महाविद्यालयों की क्षमता बढ़ाने, विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और आधुनिक सुविधाओं के विस्तार को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इन कदमों से न केवल प्रदेशवासियों को बेहतर उपचार मिलेगा, बल्कि हिमाचल स्वास्थ्य क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर भी अग्रसर होगा।

मुख्यमंत्री ने सभी मेडिकल कॉलेजों में पीजी सीटों में व्यापक वृद्धि करने का निर्णय लेते हुए कहा कि इससे विशेषज्ञ डॉक्टरों की संख्या बढ़ेगी और मरीजों को प्रदेश में ही उच्च स्तरीय उपचार उपलब्ध हो सकेगा। टांडा, मंडी, नाहन, चंबा, हमीरपुर और शिमला के मेडिकल कॉलेजों में सीटों की संख्या बढ़ाने से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार आएगा और चिकित्सा संस्थानों की कार्यक्षमता भी बढ़ेगी।



सीएम सुक्खू स्वास्थ्य शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए। अनंत ज्ञान

उन्होंने मेडिकल कॉलेजों में प्रोफेसरों और सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की कमी को दूर करने के लिए सेवानिवृत्ति आयु को 65 वर्ष तक बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि इस निर्णय से पदोन्नति प्रक्रिया प्रभावित नहीं होगी। सरकार असिस्टेंट और एसोसिएट प्रोफेसरों की कमी को दूर करने के लिए उन्हें डेजिग्नेट करने की प्रक्रिया भी तेज कर रही है, ताकि सभी विभाग सुचारू रूप से संचालित हो सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए लगभग 3000 करोड़ रुपये खर्च कर रही है, जिसके तहत आधुनिक मशीनें और उपकरण खरीदे जा रहे हैं।

इसके साथ ही नर्सों और तकनीकी स्टाफ के खाली पदों को भरने की प्रक्रिया तेज की गई है, जिससे मरीजों को बेहतर और त्वरित सेवाएं मिल सकेंगी। बैठक में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और सभी मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्य वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं को समयबद्ध तरीके से लागू किया जाए, ताकि आम जनता को शीघ्र लाभ मिल सके।

### हेल्थ टूरिज्म को भी मिलेगा नया आयाम

**मुख्यमंत्री** ने यह भी जानकारी दी कि चंबा मेडिकल कॉलेज के दूसरे चरण का कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा, जिस पर 192 करोड़ रुपए व्यय होंगे, जबकि नाहन मेडिकल कॉलेज के निर्माण के लिए 500 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में अभूतपूर्व सुधार देखने को मिलेगा और हेल्थ टूरिज्म को भी नया आयाम मिलेगा।

# रोस्टर ने की चुनावी तस्वीर साफ

## संभावितों की गतिविधियां तेज, सोशल मीडिया पर दिखने लगे चमक-धमक

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** रोस्टर जारी होते ही पंचायती राज व्यवस्था में अलग-अलग मोचन पर चुनाव लड़ने वाले संभावितों ने भी अब अपनी गतिविधियां तेजी के साथ शुरू कर दी है। माहौल को टटोलने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लेकर फोटो सहित पूरा ब्योरा अब दिखना शुरू हो गया है। सेवानिवृत्त शिक्षक, कर्मचारी और परंपरागत नेता फोटो सहित खुद की स्थिति व्यां कर रहे हैं। किस पद के लिए चुनाव लड़ेंगे ? इसका भी जिक्र करने लगे हैं। माहौल अब तेजी के साथ गर्माना शुरू हो गया है। विधानसभा स्तर पर विधायक और अन्य पार्टी संगठन से जुड़े हुए जिम्मेदार लोग भी पूछताछ कर रहे हैं। कहां से कौन लड़ सकता है, कौन जीत सकता है, किसकी पैठ ठीक-ठाक है। ऐसी चर्चाएं अब सुनने को मिलने लगी हैं।

हमीरपुर इसलिए भी बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का यह गृह जिला है। यहां के पांचों विधानसभा क्षेत्र में आम चुनावों के दौरान कांग्रेस को गजब का समर्थन मिला था। उसके बाद उलटफेर हुआ और विधानसभा उपचुनावों में जो हुआ उसकी एक अलग कहानी जिला की कांग्रेस राजनीति में हमेशा चर्चा में रहती है। यही स्थिति भाजपा के भीतर भी है। नेताओं का इधर से उधर जाना और उनके समर्थकों का पंचायती राज व्यवस्था में अपने-अपने हिसाब से दिखने वाला दबदबा, इस बार चुनावी बिसात को निश्चित रूप में अलग तरह से ताने-बाने में वुनेगा।

पंचायती राज व्यवस्था में किसका दबदबा होगा ? यह यजक्ष प्रश्न रहेगा। क्योंकि परख तो इधर भी होगी और उधर के नेताओं की भी होगी। जो सत्ता में बैठे हैं, उनकी स्थिति का भी आकलन हो जाएगा और जो विपक्ष में बैठे हैं, वे कितने सक्षम हैं, इसका भी आभास इन्हीं पंचायती चुनावों में मिलेगा।

संगठन बीजेपी का भी कभी मजबूत बताया जाता था, लेकिन इस बार उसकी जड़ें कितनी गहरी हैं, इसकी भी जांच पड़ताल होगी। कांग्रेस के भीतर सत्ता सुख भोगने वाले नेताओं का क्या हाल-चाल है क्या जमीनी हकीकत है। उसका संगठन क्या पंचायती राज चुनावों में अपनी 'चमक' बिखेरने में कुछ कर पाएगा ? यह सारे पहलू अभी से चर्चा में हो लिए हैं।

### एमसी चुनाव से पहले महिलाएं अभी से दिखा रही हैं सक्रियता

**वैसे** अभी नगर निगम के चुनावों को लेकर कोई जानकारी नहीं है, मगर जिनको चुनाव लड़ना है, उनमें महिलाएं अभी से खूब सक्रिय हो चुकी हैं। सोशल मीडिया पर भी वे चमक बिखेरने में जुट गई हैं ताकि जीत का रास्ता अभी से तैयार कर लिया जाए। टिकट किस-किस को कहां से मिलेगा, पार्टियां इसमें प्रत्याशियों की पहचान में अब आने वाले दिनों में कसरत शुरू करेंगी।

# कौल सिंह ने सरकार पर उठाए सवाल वीरभद्र का दौर बताया ज्यादा प्रभावी

- बोले– तबादलों में देरी से बिगड़ रही व्यवस्था, महीनों तक नहीं निकलते आदेश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** मंडी जिले के द्रंग क्षेत्र में एक कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कौल सिंह ठाकुर ने प्रदेश सरकार की कार्यशैली को लेकर खुलकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रशासनिक फैसलों में अपेक्षित तेजी नहीं दिख रही है, जिससे आम लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।



कौल सिंह ठाकुर, जो लंबे समय तक प्रदेश की राजनीति में सक्रिय रहे हैं और करीब आठ बार विधायक रह चुके हैं। उन्होंने ने कहा कि सरकार के भीतर समन्वय की कमी साफ नजर आती है। उन्होंने विशेष रूप से अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादलों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इन मामलों में अनावश्यक देरी हो रही है और कई बार तीन-तीन महीने तक आदेश जारी नहीं होते, जिससे कामकाज प्रभावित होता है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के कार्यकाल का हवाला देते हुए कहा कि उस समय प्रशासनिक व्यवस्था अधिक सुदृढ़ थी और फैसले समय पर लिए जाते थे। उनके अनुसार, पहले व्यवस्था में स्पष्टता और जिम्मेदारी तय होती थी, जबकि अब फाइलें लंबित रहने की समस्या बढ़ती जा रही है। कौल सिंह ठाकुर ने यह भी कहा कि जमीनी स्तर पर योजनाओं का क्रियान्वयन भी प्रभावित हो रहा है, जिससे लोगों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा।

अपने संबोधन में उन्होंने सरकार और संगठन के बीच बेहतर तालमेल की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि जनहित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाना चाहिए। उन्होंने संकेत दिया कि यदि समय रहते व्यवस्थागत सुधार नहीं किए गए तो इसका असर जनता के विश्वास पर पड़ सकता है।

# हिमाचल कांग्रेस में उभरी दरार

## वरिष्ठ नेताओं ने सुक्खू सरकार की कार्यशैली पर उठाए सवाल

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की सियासत में भीतर ही भीतर उबलते ज्वालामुखी का रूप लेती नजर आ रही है, जहां अपनों के बीच ही शब्दों के तीर चल रहे हैं और असंतोष अब खुलकर सतह पर आने लगा है। सत्ता के गलियारों में उठती यह हलचल अंदरूनी खिंचतान का संकेत है, जो धीरे-धीरे गहरी दरार में तब्दील हो सकती है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कौल सिंह ठाकुर द्वारा सुक्खू सरकार की कार्यशैली पर उठाए गए सवालों ने इस सियासी तपिश को और भड़का दिया है, जिससे यह साफ झलकता है कि सब कुछ सामान्य नहीं है।

जानकारी के अनुसार मंडी के द्रंग की सभा में कौल सिंह ठाकुर का यह कहना कि पहले फैसले शाम तक जमीन पर उतरते थे और अब महीनों तक फाइलें धूल फांकती हैं, सत्ता के भीतर की सुस्ती और असंतोष को उजागर करता है। जब अपने ही लोग व्यवस्था की रफ्तार पर सवाल उठाने लगें, तो यह संकेत साधारण नहीं होता। यह उस दरार की आहट है, जो धीरे-धीरे खाई का रूप ले सकती है।

यह तकरार केवल एक नेता तक सीमित नहीं रही। नीरज भारती के तीखे शब्दों ने पहले ही यह संकेत दे दिया था कि संगठन और सरकार के बीच दूरी बढ़ रही है। वहीं, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का आत्मनिर्भरता के दावे से असहमत होना इस बात को और स्पष्ट करता है कि सत्ता के शीर्ष पर भी सुर एक जैसे नहीं हैं। जब नेतृत्व के भीतर ही अलग-अलग ध्वनियां गूंजने लगें, तो सियासत की सरगम बिखरने लगती है।

दरअसल, जब वरिष्ठ नेताओं का विरोध खुलकर सामने आता है, तो यह केवल व्यक्तिगत असंतोष नहीं होता, बल्कि व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर गहरे सवाल खड़े करता है। निर्णय लेने की क्षमता कहीं न कहीं प्रभावित होती दिखती है और सच्चाई का बोझ अब सतह पर उभरता नजर आ रहा है। अपने ही जब उंगली उठाने लगें, तो दरारें छोटी नहीं रहतीं—वे एक व्यापक असंतुलन का संकेत देती हैं, जो भविष्य में बड़े राजनीतिक बदलावों का कारण बन सकता है।

### कांग्रेस के लिए चुनौती बनने के आसार

**आने** वाले पंचायत और विधानसभा चुनावों की आहट के बीच यह सियासी खींचतान कांग्रेस के लिए चुनौती बन सकती है। विपक्ष पहले ही इस स्थिति को 'व्यवस्था पतन' करार दे रहा है, लेकिन असली परीक्षा सत्तारूढ़ दल की है, क्या वह इन दरारों को भर पाएगा या यह सुलगती आग एक बड़े तूफान में बदल जाएगी। फिलहाल, हिमाचल की राजनीति एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां हर बयान आने वाले समय की दिशा तय करता नजर आ रहा है।

# महाकुंभ में प्रसिद्ध होने के बाद मिली प्रतीका

## शादी के बाद परिवार से मिलकर वापस धर्मशाला पहुंचे आईआईटीयन बाबा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** महाकुंभ से प्रसिद्धि पा चुके देश भर में आईआईटीयन बाबा के नाम से विख्यात अभय सिंह का कहना है कि यदि महाकुंभ से प्रसिद्ध न होता तो मुझे प्रतीका न मिलती। प्रतीका से शादी के बाद परिवार वालों से मिलने गए अभय सिंह वापस धर्मशाला लौट आए हैं। महाकुंभ से पहले अपने घर गए अभय सिंह ने यही बात कही थी कि मुझे धर्म की स्थापना करनी है और यही मेरा काम है। देशभर में आईआईटीयन बाबा के नाम से जाने जा रहे अभय सिंह इन दिनों धर्मशाला में हैं। 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पर धर्मशाला के अघंजर महादेव मंदिर में प्रतीका के साथ विवाह करने के बाद अभय सिंह अपने घर हरियाणा के झज्जर गए थे।

धर्मशाला में बातचीत में आईआईटीयन बाबा ने कहा कि परिवार वालों को मेरे और प्रतीका के बारे में पता था, क्योंकि मैं और प्रतीका एक साल से एक साथ सेशन कर रहे थे, जिसे परिवार वाले भी देखते थे। महाकुंभ में जाने से पहले मैं जब घर गया था तो उन्हें बताया था कि मैं धर्म की स्थापना करने जा रहा हूं, यही मेरा काम है।



- महाकुंभ से पहले घर में कही थी धर्म स्थापना कार्य की बात

अभय सिंह ने कहा कि महाकुंभ में प्रसिद्धि न मिलती तो मेरा प्रतीका से मिलना ही नहीं होता। महाशिवरात्रि पर प्रतीका मिली और हम कोयम्बटूर गए, प्रतीका ने मेरा जो पहला इंटरव्यू वायरल हुआ था, वही देखा था, उसके बाद शायद उसने यही सोचा होगा कि यह वही इंसान है, उसके बाद उसने महाकुंभ में क्या हुआ ज्यादा नहीं देखा। अभय सिंह की पत्नी प्रतीका कर्नाटक की रहने वाली हैं और पेशे से इंजीनियर हैं। उन्होंने कहा कि दोनों अपनी नई जिंदगी से बेहद खुश हैं और अब आध्यात्म और सनातन के मार्ग पर साथ मिलकर आगे बढ़ना चाहते हैं। भविष्य में एक सनातन यूनिवर्सिटी स्थापित करने की योजना भी उन्होंने बनाई है, जहां आध्यात्म से जुड़े लोगों को एक मंच मिल सके।

गौरतलब है कि अभय सिंह मूल रूप से झज्जर के सासरौली गांव के निवासी हैं। उनके पिता कर्ण सिंह एक जाने-माने वकील हैं और झज्जर बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान रह चुके हैं।

# घालूवाल में 940 ग्राम गांजा बरामद

**अनंत ज्ञान, ऊना/हरोली।** ऊना जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। हरोली क्षेत्र के घालूवाल में विशेष अन्वेषण शाखा (एसआईयू) की टीम ने 940 ग्राम गांजा बरामद किया। यह कार्रवाई जिला पुलिस कप्तान सचिन के निर्देश पर सहायक उप निरीक्षक त्रिलोचन के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर की गई। पुलिस ने झुग्गी क्षेत्र में रेड कर एक बोरे में छुपाकर रखा गया गांजा जब्त किया। मौके पर मौजूद एक प्रवासी महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में उसके नशा तस्करी से जुड़े होने का संदेह जताया गया है। थाना प्रभारी सुनील ने बताया कि महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच मुख्य आरक्षी वीरेंद्र को सौंपी गई है। जिला पुलिस कप्तान सचिन ने कहा कि युवाओं में नशे की प्रवृत्ति गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने अभिभावकों से सतर्क रहने और पुलिस का सहयोग करने की अपील की। साथ ही नशा तस्करी की सूचना गोपनीय रूप से देने का आग्रह किया।

# लोक निर्माण मंत्री आज से मंडी जिला के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह मंडी जिले में दो दिवसीय प्रवास पर आएंगे। 9 अप्रैल को वे प्रात: 10.30 बजे सुंदरनगर के समीप खिलड़ा में ड्रीम्ज कॉलेज ऑफ फार्मेसी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इसके बाद वे कुल्लू जिले के लिए प्रस्थान करेंगे और रात्रि ठहराव परिधि गृह मंडी में करेंगे। 10 अप्रैल को मंत्री प्रात: 11 बजे सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के निहरी में आयोजित 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस कार्यक्रम के माध्यम से लोक निर्माण मंत्री विभिन्न जन समस्याओं का समाधान करेंगे और जनता से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करेंगे। प्रवास के दौरान जिले के विकास कार्यों और स्थानीय समस्याओं पर चर्चा की जाएगी।



# राज्यस्तरीय ग्रीष्मोत्सव मेला घुमारवीं -2026

## इस वर्ष पहली बार इस मेले को राज्य स्तरीय मेले के रूप में आयोजित किया गया

बिलासपुर जिले के घुमारवीं में आयोजित होने वाला राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव मेला हिमाचल प्रदेश की समृद्ध परंपरा, संस्कृति और उत्सव का संगम है, जो लगभग 40 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में घुमारवीं का प्रसिद्ध ग्रीष्मोत्सव मेला वर्ष 1985 से आयोजित किया जा रहा है। यह मेला मुख्य रूप से क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने और स्थानीय परंपराओं को जीवित रखने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। इस मेले में पारंपरिक खूंटा गाड़ने और बैलों की पूजा करने की रस्म अहम मानी जाती है। अप्रैल के महीने में शुरू होने वाले इस पाँच दिवसीय उत्सव का शुभारंभ ऐतिहासिक शिव मंदिर से शोभायात्रा और परंपरागत खूंटा गाड़कर किया जाता है। इस मेले का इतिहास लगभग चार दशक पुराना है, जो समय के साथ और अधिक भव्य होता गया है। मंत्री राजेश धर्मानी और सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार के प्रयासों से, इस मेले को अब राज्य स्तरीय दर्जा मिल चुका है।मेले के दौरान पारंपरिक कहलूरी लोक नृत्य, नाटी और सांस्कृतिक झांकियां मुख्य आकर्षण होते हैं, जो स्थानीय संस्कृति को दर्शाते हैं।मेले का विधिवत शुभारंभ स्थानीय प्रशासन और दिग्गजों द्वारा भव्य शोभायात्रा के बाद मेला मैदान में खूंटा गाड़कर और बैलों की पूजा करके किया जाता है। मेले में कुश्ती (महिला और पुरुष), खेलकूद प्रतियोगिताएं, और विभिन्न स्टॉल लगाए जाते हैं, जो लोगों के मनोरंजन का केंद्र होते हैं। 2026 में आयोजित यह मेला राज्य स्तरीय के रूप में व्यापक रूप से मनाया गया, जबकि 2021 में यह जिला स्तरीय घोषित था।





















## न्यूज ब्रीफ

### दुकान से दस पेटी अवैध शराब की बरामद

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां में पुलिस ने एक कन्फेक्शनरी दुकान से अवैध शराब की बड़ी खेप बरामद की। गश्त के दौरान मिली गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चाहड़ी निवासी अमरनाथ की दुकान पर छापा मारा। तलाशी के दौरान 10 पेटियां शराब बरामद हुईं, जिनमें 9 पेटियां देसी और 1 पेटी अंग्रेजी शराब शामिल है। कुल 108 बोतलें वीआरवी संतरा और 12 बोतलें ब्लेंडर प्राइड मिलीं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने नशे के खिलाफ अभियान जारी रखने की बात कही।

### डाडासीबा व बाड़ी में कल बंद रहेगी बिजली

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** 33 केवी लाइन एवं 33/11 केवी उपकेंद्र डाडासीबा में मरम्मत व रखरखाव कार्य के चलते 10 अप्रैल को सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक बिजली आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहेगी। प्रभावित क्षेत्रों में डाडासीबा, नंगल चौक, आरा चौक, बतबाड़, रोड़ी कोड़ी, चनौर, बढ़ल, सियूल खड, बाड़ी, जोड़बड, भलवाल, बलघार, चटवाल, कलेहर, गुराल्ला, सांडा, सेरी और बसलाहर शामिल हैं। विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है तथा लंबित बिजली बिल समय पर जमा करवाने का आग्रह किया है। यह जानकारी सहायक अभियंता इंजीनियर दिनेश कुमार ने दी।

### पालमपुर में जैव-अर्थव्यवस्था पर कार्यशाला कल

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान, पालमपुर अपने परिसर में 10 अप्रैल को एक दिवसीय कार्यशाला हिमालय से जैव-अर्थव्यवस्थाः प्रयोगशालाओं, भूमि और उद्योग को जोड़ना आयोजित कर रहा है। इस कार्यशाला का उद्देश्य किसानों, विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों और उद्योगपतियों को एक मंच पर लाना और चर्चा के लिए अवसर प्रदान करना है। कार्यशाला में 150 से अधिक प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है। प्रतिभागियों के लिए प्रयोगशाला भ्रमण के साथ-साथ संस्थान द्वारा विकसित जैव-आधारित प्रौद्योगिकियों की प्रदर्शनी भी इस कार्यशाला के दौरान लगाई जाएगी।

# विधायक ने स्वयं सहायता समूह किए सम्मानित

## कमलेश ठाकुर ने भटेड वासा पंचायत में सामुदायिक संवाद एवं स्वयं सहायता समूह समन्वय कार्यक्रम में की शिरकत

◆ पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण पर दिया जोर

अनंत ज्ञान

**शिव गुलेरिया, देहरा।** देहरा वन मंडल के तत्वावधान में बुधवार को भटेड वासा पंचायत में सामुदायिक संवाद एवं स्वयं सहायता समूह समन्वय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विधायक कमलेश ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

विधायक ने स्वयं सहायता समूहों की आरे से लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन किया और स्थानीय महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की सराहना की। विधायक ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयं सहायता समूहों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जबकि मुख्य अतिथि को ब्लैक जामिया स्नो व्हाइट का पौधा भेंटकर उनका स्वागत किया गया। विधायक ने पर्यावरण संरक्षण को वर्तमान समय की सर्वोपरि आवश्यकता बताया। उन्होंने जनसमूह से आह्वान किया कि जंगलों को बचाना और अधिक से अधिक पौधरोपण करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण मिल सके। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं से जायका प्रोजेक्ट के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली और उन्हें राजीव गांधी वन संवर्धन योजना, शिवा प्रोजेक्ट तथा केएफडब्ल्यू परियोजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं से जुड़कर अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान वन मित्रों ने लघु नाटिका के माध्यम से पौधरोपण का संदेश दिया और क्षेत्र में हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से फलदार पौधों का वितरण किया गया।



लुनसू वाया कुठार सड़क के सुधारीकरण कार्य का किया भूमिपूजन। अनंत ज्ञान

**लोनिवि के अधीक्षण अभियंता देहरा वृत्त के आवास का किया शिलान्यास :** विधायक कमलेश ने लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता, देहरा वृत्त के आवास का शिलान्यास किया। लगभग 87 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले इस आधुनिक टाइप-5 डुप्लेक्स आवास के निर्माण को उन्होंने क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक अहम कदम बताया। विधायक ने मौके पर ड्राइंग बोर्ड का निरीक्षण कर परियोजना के प्रारूप और डिजाइन की समीक्षा की तथा विभाग को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए इसे निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अधिकारियों को बेहतर कार्य वातावरण मिलने से विभागीय कार्यों के संचालन में सुगमता आएगी और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। वहीं, विधायक ने रानीताल से लुनसू वाया कुठार सड़क क के सुधारीकरण कार्य का भी भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि इस सड़क निर्माण के लिए एनडीआरएफ के तहत 20 लाख रुपए की राशि व्यय की जाएगी, जिससे साथ लगते क्षेत्रों के सैकड़ों लोग लाभान्वित होंगे।

# पठानकोट में 12 लाख की ठगी, युवकों को वर्क वीजा की जगह टूरिस्ट वीजा दिया

◆ सिंगापुर में नौकरी दिलाने के नाम पर की ठगी

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट में तीन युवकों से सिंगापुर में नौकरी दिलाने के नाम पर 12 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित युवकों का आरोप है कि उन्हें हेल्पर के तौर पर वर्क वीजा पर भेजने का भरोसा दिलाया गया, लेकिन वहां पहुंचने पर उन्हें टूरिस्ट वीजा दिया गया। युवकों में से सागर कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह ट्रक मैकेनिक हैं और उनके मौसी के बेटे विशाल हिमाचल प्रदेश में रहते हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल के दो लोगों ने उन्हें सिंगापुर में नौकरी दिलाने का वादा किया और तीनों से 4-4 लाख रुपए लिए। सागर कुमार और अन्य युवकों ने वर्क वीजा के लिए प्राइवेट बैंक से लोन भी लिया। आरोपियों ने कहा था कि सिंगापुर में कंपनी उन्हें खाना और रहने का प्रबंध करेगी। युवकों के अनुसार, वहां पहुंचने के बाद उन्हें काम खुद ढूंढने के लिए कहा गया। इसके बाद उन्होंने दिहाड़ी मजदूरी करके अपना खर्चा चलाया और किराए का कमरा लिया। दो महीने के बाद वे भारत लौट आए। युवकों ने शिकायत में आरोप लगाया कि आरोपियों ने अब उनका फोन नहीं उठाया और 12 लाख रुपए की ठगी की है। पीड़ितों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने सुजानपुर थाने में हिमाचल प्रदेश निवासी अनिल और नरेंद्र के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी हैं। यह मामला युवाओं को विदेश में रोजगार दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी का गंभीर उदाहरण है।

# आयुष्मान आरोग्य शिविर में लोगों का जांचा हीमोग्लोबिन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन के तत्वावधान में रेडक्रॉस मेले के दौरान पुलिस ग्राउंड, धर्मशाला में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। संदीप कुमार मंडल, आयुक्त कांगड़ा, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और शिविर का उद्घाटन किया। शिविर में हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर की जांच और छाती का एक्स-रे जैसी आवश्यक जांच सुविधाएं उपलब्ध करवाई गईं, जिससे टीबी और अन्य गैर-संचारी रोगों की समय पर पहचान में मदद मिली।

मुख्य अतिथि ने स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर स्वास्थ्य सेवाओं को लोगों के घर-द्वार तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि इससे लोगों में नियमित जांच कराने और बीमारी से बचाव की आदत विकसित होती है। डॉ. आरके सूद, जिला स्वास्थ्य अधिकारी एवं टीबी अधिकारी, ने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत चिन्हित उच्च जोखिम वाले गांवों और वार्डों में ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं। शिविर की एक प्रमुख विशेषता आधुनिक तकनीक का उपयोग था। इसमें बैटरी से चलने वाले पोर्टेबल और एआई आधारित हैंड-हेल्ड एक्स-रे मशीन का इस्तेमाल किया गया, जो एक मिनट के भीतर जांच और रिपोर्ट देने में सक्षम है। जब मशीन की बैटरी समाप्त हुई, तो मेडिकल टीम ने कार चार्जर के माध्यम से सेवाएं जारी रखीं। इस दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सीएमओ ने पुरस्कृत किया। पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित डॉ. ओमेश भारती, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के उपनिदेशक, ने भी उपस्थित लोगों से संवाद किया और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने पर जोर दिया। शिविर ने स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने और समुदाय में रोगों की समय पर पहचान सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




पुलिस ग्राउंड धर्मशाला में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन। अनंत ज्ञान

# डाडासीबा में 30 साल बाद प्रधान सीट ओपन होते ही सियासी पारा हुआ हाई

## अनुसूचित जाति महिला से अचानक ओपन हुई सीट

◆ मैदान में उतरे दिग्गज और नए चेहरे

अनंत ज्ञान

**पिंकी, डाडासीबा।** डाडासीबा पंचायत में इस बार का चुनाव सामान्य नहीं, बल्कि एक बड़े सियासी संग्राम का रूप ले चुका है। करीब 30 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद पहली बार प्रधान पद पुरुष (ओपन वर्ग) के लिए खुलते ही पूरे क्षेत्र का राजनीतिक माहौल अचानक गर्मा गया है। गांव की चौपाल से लेकर सोशल मीडिया तक अब हर जुबान पर एक ही सवाल है, कौन बनेगा प्रधान।

सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि महज दो दिन पहले जारी रोस्टर में यह सीट अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित थी, लेकिन अचानक हुए बदलाव ने चुनावी तस्वीर को पूरी तरह बदल दिया। सीट के ओपन होते ही जहां पहले सीमित दावेदार थे। वहीं अब उम्मीदवारों की लंबी कतार मैदान में उतर आई है। रोस्टर बदलने के साथ ही चुनावी समीकरण भी पूरी तरह उलट गए हैं। वर्षों से सक्रिय दिग्गज नेताओं के साथ-साथ कई नए और युवा चेहरे भी पूरे जोश के साथ मैदान में कूद पड़े हैं, जिससे मुकाबला और भी दिलचस्प और कांटे का बन गया है।

इस बार सोशल मीडिया चुनाव प्रचार का सबसे बड़ा हथियार बनकर उभरा है। फेसबुक पोस्ट, वीडियो और प्रचार सामग्री की बाढ़ ने चुनावी माहौल को और ज्यादा गर्मा दिया है। हर प्रत्याशी खुद को मजबूत और जनता का सच्चा प्रतिनिधि साबित करने में जुटा हुआ है। स्थानीय लोगों का मानना है कि दशकों बाद ऐसा मौका आया है जब चुनाव पूरी तरह खुला और अप्रत्याशित परिणाम देने वाला हो सकता है। डाडा सीबा पंचायत का यह चुनाव अब सिर्फ एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि प्रतिष्ठा की जंग बन चुका है। अब सबकी नजरें इस हाई वोल्टेज मुकाबले पर टिकी हैं, क्योंकि 30 साल बाद खुले इस सत्ता के दरवाजे से आखिर कौन पहुंचेगा प्रधान की कुर्सी तक, यही सबसे बड़ा सवाल बना हुआ है।

# सुक्खू सरकार ने छीना कर्मठ उम्मीदवारों का हकः त्रिलोक

## बोले- रोस्टर के नाम पर लोकतंत्र का कत्ल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में अंधेर नगरी चौपट राजा का दौर चल रहा है। उन्होंने कहा कि सीएम सुक्खू और उनकी सरकार पंचायतीराज चुनावों से इस कदर डरी हुई है कि अब वह जनप्रिय और कर्मठ उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने से रोकने के लिए संवैधानिक संस्थाओं का गला घोंटने पर उतारु हो गए हैं।



प्रदेशभर के उन हजारों युवाओं, महिलाओं और आमजन से आह्वान करते हुए कहा, जिन्होंने पिछले पांच वर्षों से अपने क्षेत्र में दिन-रात सेवा की और चुनाव लड़ने का सपना देखा था। आज प्रदेश का हर वो व्यक्ति जो चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा था, खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। कपूर ने कहा कि सरकार ने जिलाधीशों को रोस्टर में मात्र 5 प्रतिशत फेरबदल का अधिकार देने की आड में जो 15 प्रतिशत की अवैध धांधली की है, वह सीधे तौर पर आपकी लोकप्रियता और आपकी सेवा की भावना पर किया गया प्रहार है। कांग्रेस नहीं चाहती कि कोई भी ईमानदार और शिक्षित व्यक्ति जनसेवक बनकर पंचायतीराज में आगे आए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि सुक्खू सरकार यह न भूले कि लोकतंत्र में अंतिम शक्ति जनता के पास होती है। रोस्टर की धांधली कर आप कुछ समय के लिए किसी को रोक तो सकते हैं, लेकिन जनता के दिलों में बसने वाले नेताओं का रास्ता कभी नहीं काट सकते। भाजपा इस लड़ाई को निर्णायक मोड़ तक ले जाएगी।

### पठानकोट में गैस एजेंसी पर डीएफएससी का छापा, कमियां पाई

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट में जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक (डीएफएससी) राज ऋषि की टीम ने डल्हौजी रोड, शनिदेव मंदिर के पास स्थित वरुण गैस एजेंसी पर छापा मारा। चेकिंग के दौरान कई गंभीर कमियां सामने आईं, जिनमें 750 सिलेंडरों का बैकलॉग, सेल और रिबेट रजिस्टर मेंटेन न होना, होम डिलीवरी पर अवैध चार्ज वसूलना और रिकॉर्ड में गड़बड़ियां शामिल हैं। उपभोक्ताओं से एफिडेविट नहीं लिया गया और पोर्टल पर जानकारी भी नहीं दी गई। डीएफएससी ने एजेंसी से सभी रिकॉर्ड मांगे हैं और सख्त शब्दों में पेश करने की हिदायत दी है। रिकॉर्ड न पेश करने पर एजेंसी बंद भी की जा सकती है। राज ऋषि ने कहा कि विभाग का स्पष्ट संदेश है कि उपभोक्ताओं को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी और ब्लैक मार्केटिंग रोकने के लिए सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। यह कदम लगातार शिकायतें मिलने और जनता की परेशानी को देखते हुए उठाया गया है।

# सबाणा की बेटियों ने बदली तकदीर मर्चेंट नेवी की तैयार कर रहीं ड्रेस

## कैप्टन संजय पराशर की पहल से गांव बना महिला आत्मनिर्भरता का उभरता हब

अनंत ज्ञान

**गरली।** जसवां-परागपुर का छोटा सा गांव सबाणा आज एक बड़ी मिसाल बनकर उभरा है, जहां महिलाओं ने अपने हुनर से इतिहास रच दिया है। इस बदलाव के पीछे वरिष्ठ समाजसेवी कैप्टन संजय पराशर की दूरदर्शी सोच और ठोस पहल है, जिन्होंने क्षेत्र की बेटियों और बहुओं को रोजगार के साथ-साथ सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर प्रदान किया।

सवाणा गांव में आज क्षेत्रभर की महिलाएं इंटरनेशनल मर्चेंट नेवी की ड्रेस तैयार कर रही हैं। खास बात यह है कि यहां तैयार की गई यूनिफॉर्म देश के साथ-साथ विदेशों तक भेजी जा रही है, जो महिलाएं कभी घर की चारदीवारी तक सीमित थीं, वे आज अपने हुनर के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रही हैं।

यह सिर्फ रोजगार की कहानी नहीं, बल्कि पहली कमाई-पहला सम्मान का सशक्त उदाहरण है। जिन हाथों में पहले केवल घरेलू जिम्मेदारियां थीं, आज वही हाथ परिवार की आर्थिक रीढ़ बन चुके हैं। गांव में अब सोच बदल रही है बेटियां अब जिम्मेदारी नहीं, बल्कि ताकत और गर्व का कारण बन रही हैं। कैप्टन संजय पराशर की यह पहल क्षेत्र में एक नई सामाजिक क्रांति का रूप ले चुकी है। सबाणा अब केवल एक गांव नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, सम्मान और बदलाव की जीती-जागती पहचान बन गया है, जहां हर दिन सुई-धागे के साथ एक नई उम्मीद बुनी जा रही है।




विदेशों में भी भेजी जा रही यूनिफॉर्म। अनंत ज्ञान

### चंडीगढ़ से पालमपुर आ रहे व्यक्ति से किया 5.24 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस थाना भवारना के तहत स्थानीय व्यक्ति से चिट्टा बरामद करने का मामला सामने आया है। जिला कांगड़ा पुलिस ने पालमपुर निवासी एक व्यक्ति से 5.24 ग्राम चिट्टा बरामद किया। जिला कांगड़ा पुलिस की विशेष टीम गश्त पर थी तो गुप्त सूचना के आधार पर अखिल कुमार निवासी राजपुर के कब्जे से 5.24 ग्राम चिट्टा बरामद करने में सफलता प्राप्त की। पुलिस ने चिट्टे की खेप को कब्जे में लेकर आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस थाना भवारना में आरोपी के खिलाफ तहत मामला दर्ज किया गया है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि आरोपी बला-बला एप के माध्यम से गाड़ी बुक करके चंडीगढ़ से पालमपुर आ रहा था, जिसे पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चिट्टे सहित पकड़ा । आरोपी से गहन पूछताछ तथा ट्रांजेक्शन हिस्ट्री की जांच की जा रही है।

# शहीद जवानों के बच्चों को ट्यूशन फीस फ्री

## आकाश इंस्टीट्यूट धर्मशाला देगा स्कॉलरशिप, आर्मी और आईटीबीपी से संस्थान का एमओयू




कार्यरत व रिटायर्ड जवानों के बच्चों को 20 फीसदी स्कॉलरशिप का प्रावधान। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** देश के शहीद वीर जवानों के बच्चों को ट्यूशन फीस फ्री होगी। यह पहल आकाश इंस्टीट्यूट धर्मशाला ने की है, इसके लिए संस्थान ने इंडियन आर्मी और आईटीबीपी के साथ एमओयू हस्ताक्षरित किया है।

आकाश धर्मशाला के अकैडमिक हेड मेडिकल जगमीत सिंह जसवाल ने कहा कि संस्थान की ओर से भारतीय सेना के साथ एमओयू साइन किया है। इसके तहत भारतीय सेना के जवानों के बच्चों को स्कॉलरशिप प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि शहीद जवानों के बच्चों को एक सौ फीसदी ट्यूशन फीस फ्री रहेगी। साथ ही सेना पुरस्कार विजेता व 20 फीसदी तक विकलांग जवानों को भी एक सौ फीसदी छूट प्रदान की जाएगी। साथ ही मौजूदा समय में सेवाएं प्रदान करने वालों व सेवानिवृत्त के लिए भी 20 फीसदी स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। जसवाल ने बताया कि आकाश संस्थान की ओर से आईटीबीपी व अन्य के साथ भी एमओयू किया गया है।

संस्थान के इंजीनियरिंग हेड अरविंद यादव ने बताया कि पहले जेईई में अच्छे परिणाम आए हैं। मेडिकल नीट का रिजल्ट इस मर्तबा पहली बार आएगा। उन्होंने बताया कि स्कॉलरशिप टेस्ट के तहत फीस में छूट भी प्रदान की जाती है।

# अब कांगड़ा रेल घाटी संघर्ष समिति ने राज्यसभा सांसद सिकंदर को लिखा पत्र

◆ पठानकोट जंक्शन रेलवे स्टेशन को डलहौजी रोड स्टेशन में शिफ्टिंग पर पुनर्विचार का आग्रह

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा रेल घाटी संघर्ष समिति ने राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार को पत्र लिखा है। समिति ने पठानकोट जंक्शन रेलवे स्टेशन को डलहौजी रोड स्टेशन में शिफ्टिंग पर पुनर्विचार का आग्रह किया है।

समिति का कहना है कि पठानकोट स्टेशन दशकों से उत्तर भारत का प्रमुख रेलवे जंक्शन रहा है, जो जम्मू-कश्मीर, पंजाब तथा हिमाचल को देश के अन्य प्रमुख नगरों से जोड़ने का मुख्य केंद्र है। इसे हटाना/शिफ्ट करना पूरे रूट की रीढ़ तोड़ने जैसा होगा। कांगड़ा घाटी रेल लाइन का मुख्य जुड़ाव पठानकोट से ही होता है। यदि स्टेशन शिफ्ट किया गया, तो यात्रियों का सीधा संपर्क टूटेगा, ट्रेन कनेक्टिविटी प्रभावित होगी, यात्रियों को अतिरिक्त दूरी व खर्च उठाना पड़ेगा एवं हिमाचल की रेल सुविधाएं सीमित हो जाएंगी। इसे दूसरी जगह स्थानांतरित किया गया, तो यात्रियों को अतिरिक्त परिवहन खर्च समय की बर्बादी, सैनिकों, महिलाओं, बुजुर्गों और छात्रों को कठिनाईरात के समय सुरक्षा समस्या झेलनी पड़ेगी। यह जनहित के विरुद्ध होगा। यदि इस प्रकार का निर्णय बिना जन सुनवाई, जन प्रतिनिधियों की सहमति और सार्वजनिक विमर्श के लिया जाता है, तो यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया के विपरीत साबित हो रहा है, जिससे क्षेत्रीय जनता में असंतोष और आंदोलन की स्थिति उत्पन्न कर रही है। समिति का कहना है कि पठानकोट रेलवे स्टेशन को शिफ्ट/संचालन परिवर्तन संबंधी किसी भी योजना को तत्काल रोका जाए। इस विषय पर जनहित में उच्च स्तरीय समीक्षा समिति गठित की जाए। कांगड़ा घाटी रेलवे व हिमाचल की रेल सेवाओं को संरक्षित रखते हुए पठानकोट स्टेशन को पूर्ववत बनाए रखा जाए।

**सौगात** विधायक ने युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों से जुड़ने का दिया संदेश

# मलेंद्र ने पलाख में किया स्टेडियम का उद्घाटन

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** विधायक मलेंद्र राजन ने बुधवार को पलाख पंचायत में 5 लाख रुपए की लागत से निर्मित स्टेडियम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को खेलों की ओर प्रोत्साहित करना समय की आवश्यकता है, ताकि वे शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बन सकें। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहकर खेलों और सकारात्मक गतिविधियों की ओर अग्रसर हों।

उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाते हैं, बल्कि अनुशासन और आत्मविश्वास भी बढ़ाते हैं, इसलिए अधिक से अधिक युवाओं को खेलों से जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। विधायक ने विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि सड़कों के सुधार कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। घडरां-मौकी-रेहन सड़क का निर्माण लगभग 25 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी और आवागमन सुगम बनेगा। उन्होंने बताया कि मौकी में लगभग 10.5 करोड़ रुपए की लागत से 33 केवी विद्युत सबस्टेशन का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा।

इस सबस्टेशन के बनकर तैयार होने से आसपास के क्षेत्रों में बार-बार होने वाली बिजली कटौती, ट्रिपिंग और तकनीकी समस्याओं का स्थायी समाधान होगा। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और शिक्षा, स्वास्थ्य,सड़क,बिजली, खेल तथा आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसके उपरांत विधायक ने गोस्वामी गुरु नाभा दास जी के 490वें प्रकाश उत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने गुरु जी के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए कहा कि उनके विचार समाज को एकता, सेवा और सद्भावना का संदेश देते हैं। उन्होंने नाभा दास कमेटी द्वारा स्टोर निर्माण की मांग को भी उचित बताते हुए आश्वासन दिया कि इसके लिए भी शीघ्र ही धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी। विधायक ने अपनी ऐच्छिक निधि से 21 हजार रुपए देने की घोषणा भी की। इस अवसर पर कार्यक्रम में बीडीओ सुदर्शन सिंह, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष दविंदर मनकोटिया, पौंग बांध निदेशक कुलदीप शर्मा व विशाल ठाकुर, युवा कांग्रेस अध्यक्ष वजींदर पठानिया, स्वदेश सोनू, पूर्व प्रधान जनकराज शर्मा, पूर्व उपप्रधान जगन्नाथ, दलगीर सिंह, सेवा दल अध्यक्ष विनय पठानिया, पूर्व वार्ड सदस्य रवि कांत, पूर्व उप-प्रधान सुमन आदि मौजूद रहे।




पलाख पंचायत में स्टेडियम का उद्घाटन करते मलेंद्र राजन। अनंत ज्ञान

# कला स्नातक संघ ने उठाई प्रिंसिपल को अतिरिक्त ज्वाइनिंग समय देने की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय प्रशिक्षित कला स्नातक संघ ने प्रदेश सरकार से मांग उठाई है कि हाल ही में पदोन्नत हुए प्रिंसिपल को अतिरिक्त ज्वाइनिंग समय प्रदान किया जाए। इस बारे में संघ ने मुख्य सचिव को ज्ञापन भेजा है। राज्य सरकार की ओर से 511 हेडमास्टर एवं 266 प्रवक्ताओं को पदोन्नति दी गई है, जिनके पोस्टिंग आदेश 2 अप्रैल 2026 को जारी किए गए हैं, लेकिन कई शिक्षकों के कार्यस्थल दुर्गम क्षेत्रों में होने, खराब सड़कों, बर्फबारी, भारी वर्षा एवं भूस्खलन जैसी परिस्थितियों के कारण वे समय पर कार्यभार ग्रहण नहीं कर सके हैं। ऐसे सभी प्रिंसिपल को 13 अप्रैल 2026 तक अतिरिक्त ज्वाइनिंग समय दिया जाए। संघ के महासचिव विजय हीर ने कहा कि सामान्य स्थानांतरणों पर लगी रोक में 15 अप्रैल तक कुछ राहत दी जाए, क्योंकि बड़ी संख्या में शिक्षक स्थानांतरण की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इसके साथ ही प्रदेश में विभिन्न वर्गों के लगभग 2100 शिक्षक लंबे समय से पदोन्नति की राह देख रहे हैं, जिसमें हेडमास्टर के करीब 600 पद एक साथ खाली हो गए हैं। 749 टीजीटी भी एक साल से प्रवक्ता पदोन्नति की प्रतीक्षा में हैं। ऐसे में सभी लंबित पदोन्नति सूचियां पंचायत चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले जारी की जाएं। वर्तमान में 700 जेबीटी और सी एंड वी शिक्षक पिछले दो वर्षों से पदोन्नति से वंचित हैं, जिनका पैनल निकाला गया मगर डीपीसी लंबित है। प्रदेश में शिक्षकों के लगभग 13,500 पद रिक्त हैं, जिन्हें भरने के लिए लंबित पदोन्नतियों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। सीबीएसई स्कूलों में स्टाफ नियुक्ति प्रक्रिया को इसी माह पूर्ण करने की आवश्यकता है ताकि पंचायत चुनाव आचार संहिता से पहले भर्ती प्रक्रिया पूरी हो सके।

# अप्रैल में ठिठुरने वाली ठंड ने कंपाए लोग

## बारिश के बाद धुंध छाई; धर्मशाला का लुढ़का पारा, विजिविलिटी कम होने से दिन में लाइट जलाकर दौड़ी गाड़ियां

◆ **ठंड से बचने के लिए अलाव जलाकर सेंकने को मजबूर हुए लोग**

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** अप्रैल के महीने में ठिठुरने वाली ठंड से लोग कंपकपाने लगे हैं। गर्मियां के महीना कहे जाने वाले अप्रैल में लोग गर्म कपड़ों में नजर आ रहे हैं। लगातार जारी बारिश और पहाड़ियों पर बर्फबारी के दौर के बीच ठंड से बचने के लिए लोग अलाव जलाकर सेंकने को मजबूर हैं। बारिश के बीच धर्मशाला में छाई धुंध से विजिविलिटी कम हो गई, जिस कारण चालकों को दिन में ही लाइट जलाकर गाड़ियां दौड़ाने को मजबूर होना पड़ा। जिले में बुधवार को दिनभर बारिश का दौर जारी रहा। जिला मुख्यालय धर्मशाला में 3 से 4 डिग्री तामपान दर्ज किया गया तथा पूरा क्षेत्र ठंड के आगोश में नजर आया। निचले क्षेत्रों में दिन भर हल्की से मध्यम बारिश का दौर चलता रहा।

### धौलाधार की पहाड़ियों में हिमपात का क्रम जारी

**धौलाधार** पहाड़ियों में हिमपात का क्रम जारी रहा। मंगलवार रात को बारिश के बाद सुबह से बारिश की हल्की फुहारों के बाद दिनभर हल्की से मध्यम बारिश के बीच पूरा शहर धूंध में लिपटा रहा। शहर में लोग कहीं कोने में सिमट कर आग जलाकर ठंड को भगाते दिखे तो वहीं घरों तथा कार्यालयों में दिन भर हीटर के सहारे लोग काम करते दिखे। विजिविलिटी के कम होने के कारण दुकानों में दिन में ही लाइटें जलानी पड़ी तो वहीं वाहनों की आवाजाही भी धीमी पड़ गई। वाहन चालकों को एहतियात तथा लॉ विजिविलिटी के कारण दिन में लाइटें जलाकर वाहन दौड़ाने पड़े।


धर्मशाला में बारिश के बीच छाई धुंध। अनंत ज्ञान


धर्मशाला में शाम को बारिश थमने के बाद नजर आया इंद्रधनुष।

# अप्रैल में लौटी सर्दी: बारिश और बर्फबारी से बढ़ी ठिठुरन

अनंत ज्ञान

**मनोज चंदेल, योल।** अप्रैल के महीने में धर्मशाला और योल क्षेत्र में अचानक मौसम ने करवट बदल दी। लगातार बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी ने पूरे क्षेत्र को ठंड की चपेट में ले लिया। धौलाधार पहाड़ियों पर ताजा बर्फ की सफेद चादर बिछ गई, जिसका असर मैदानी इलाकों तक महसूस किया गया। योल और आसपास के बाजारों में लोग ठिठुरते नजर आए और गर्म कपड़ों की मांग अचानक बढ़ गई। सुबह-शाम के समय स्वेटर, जैकेट और रजाई-कंबल की जरूरत पड़ रही है।

मौसम के इस बदलाव से किसानों की चिंता भी बढ़ गई है, क्योंकि बारिश और ठंड से खेतों में काम प्रभावित हो रहा है और फसलों को नुकसान की आशंका है। मौसम विभाग ने बताया कि अगले एक-दो दिनों तक बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है, जिससे ठंड से राहत कम दिख रही है। प्रशासन और आम लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

### अप्रैल में पहली बार देखी ऐसी ठंड: महिंदर सिंह



**महिंदर** सिंह उर्फ गुल्लू भाई ने कहा कि 64 साल की उम्र में पहली बार अप्रैल में ऐसी ठंड देख रहा हूं। न कभी इस महीने स्वेटर पहना, न पहाड़ों पर बर्फ गिरते देखी। मौसम के इस बदले रूप से ठेकेदारी का काम प्रभावित हो रहा है और लेबर मिलना भी मुश्किल हो गया है।

### गेहूं की फसल चौपट : अभेदन



**अभेदन** सिंह स्थानीय क्लीनिक कर्मी ने कहा पहली बार ऐसा मौसम देखा है। गेहूं की फसल लगभग चौपट हो गई है और फलदार पौधों पर आए फूलों का भी बुरा हाल है। समझ नहीं आ रहा कि यह प्रकृति का कैसा रूप है।

### मानो दिसंबर वापस आ गया : शिल्पा



**स्थानीय** निवासी शिल्पा ने कहा कि हमने सर्दियों के कपड़े रख दिए थे, लेकिन अब फिर निकालने पड़ रहे हैं, जिससे खर्च बढ़ जयेगा । बच्चों को स्कूल भेजना भी मुश्किल हो रहा है, ऐसा लग रहा है जैसे दिसंबर वापस आ गया हो।

## 1000 पदों के लिए साक्षात्कार 10 को

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** वर्धमान टेक्सटाइल्स लिमिटेड बद्दी ने मशीन ऑपरेटर और अपरेंटिस (पुरुष एवं महिला) के 1000 पद जिला रोजगार कार्यालय धर्मशाला जिला कांगड़ा को अधिसूचित किए हैं। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता दसवीं, बारहवीं और आईटीआई (फिटर, कोपा, स्विंग टेक्नोलॉजी) निर्धारित की गई है। आयु सीमा 18 से 27 वर्ष रखी गई है। चयनित आवेदक को कंपनी 13,500 रुपये प्रतिमाह वेतन देगी। जिला रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने साथ दो पासपोर्ट साइज़ फोटो, हिमाचली प्रमाणपत्र, मूल प्रमाण-पत्र, बायोडाटा की कॉपी और अनुभव प्रमाण-पत्र (यदि हो) लेकर 10 अप्रैल को सुबह 10 बजे उप-रोजगार कार्यालय पालमपुर में कंपनी के समक्ष साक्षात्कार के लिए उपस्थित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस साक्षात्कार के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता या अन्य देय राशि नहीं दी जाएगी।

## एक्शन मोड में नूरपुर जिला पुलिस नशा, अवैध खनन पर कसा शिकंजा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** नूरपुर जिला पुलिस की मासिक समीक्षा बैठक में कानून-व्यवस्था को लेकर बड़ा खुलासा सामने आया है। जिला पुलिस अधीक्षक कुलभूषण वर्मा ने आंकड़ों के जरिए बताया कि पूरे जिले में अपराध पर लगाम कसने के लिए पुलिस सख्त कार्रवाई कर रही है।

वर्ष 2026 की शुरुआत से अब तक जिले में अपराध के खिलाफ पुलिस का अभियान तेज रहा है। एनडीपीएस एक्ट के तहत 33 मामलों में 54 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिससे नशे के कारोबार पर बड़ा प्रहार हुआ है। वहीं एक्साइज एक्ट के तहत 97 मामले दर्ज कर अवैध शराब के खिलाफ भी सख्ती दिखाई गई है। माइनिंग एक्ट के तहत 2 मामले दर्ज कर अवैध खनन पर भी कार्रवाई की गई है। अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई के दौरान 230 वाहनों को जब्त कर 230 चालान किए गए, जिन पर अदालत ने 41 लाख 68 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 6579 चालान कर ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर भी सख्त कार्रवाई की गई है। जिला पुलिस की कार्यशैली सिर्फ सख्ती तक सीमित नहीं है, बल्कि संवेदनशीलता भी दिखाई दे रही है। इस साल 51 गुमशुदा लोगों को ढूंढकर उनके परिजनों से मिलाया गया है, जबकि पिछले तीन महीनों में 40 खोए हुए मोबाइल फोन ट्रेस कर वापस लौटाए गए हैं।

इसके अलावा एनडीपीएस के 10 मामलों में आरोपियों को सजा दिलवाई गई है और 21 मामलों में डिटेंशन की कार्रवाई की गई है। एक साल से ज्यादा पुराने लंबित मामलों को जल्द निपटाने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। गार्बेज एक्ट के तहत 21 चालान और पीओ के तहत 13 मामलों में कार्रवाई की गई है। नूरपुर जिला पुलिस अब सिर्फ कार्रवाई नहीं, बल्कि परिणाम भी दे रही है। नशा, अवैध खनन, ट्रैफिक उल्लंघन और अपराध, हर मोर्चे पर सख्ती जारी है। अब देखना होगा कि यह कड़ा रुख आने वाले समय में अपराध पर कितना प्रभाव डालता है।

## विद्यार्थियों को दिया व्यावहारिक प्रशिक्षण

### आज की तैयारी, कल की सुरक्षा' शीर्षक के तहत कार्यशाला व व्यावहारिक अभ्यास आयोजित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय, धर्मशाला के सभागार में आपदा प्रबंधन विषय पर 'आज की तैयारी, कल की सुरक्षा' शीर्षक के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला एवं व्यावहारिक अभ्यास का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय एवं इंद्रप्रस्थ महिला महाविद्यालय दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला के दौरान दोनों महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की सक्रिय प्रतिभागिता देखी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. युवराज सिंह पठानिया के स्वागत उद्बोधन से हुआ, जिसमें उन्होंने मुख्य वक्ताओं, गणमान्य अतिथियों तथा दिल्ली महाविद्यालय के भूगोल संकाय से पधारे 57 विद्यार्थियों का औपचारिक अभिनंदन किया। उन्होंने आपदा प्रबंधन के समकालीन संदर्भों में इसकी प्रासंगिकता एवं आवश्यकताओं पर भी प्रकाश डाला। कार्यशाला के अकादमिक सत्र में इंद्रप्रस्थ महिला महाविद्यालय, दिल्ली के भूगोल संकाय से पधारे चार प्राध्यापकों डॉ. रोशनी देवी, डॉ. नीतू मलिक, डॉ. देशराज मीणा एवं डॉ. गौरव ने मुख्य वक्ता के रूप में प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने आपदा प्रबंधन के सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक पक्षों, जोखिम न्यूनीकरण, सामुदायिक सहभागिता तथा आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र पर विस्तारपूर्वक विचार प्रस्तुत किए। द्वितीय सत्र में राज्य आपदा मोचन बल कांगड़ा इकाई की ओर से हेड कांस्टेबल बबली के नेतृत्व में प्रतिभागियों एवं समस्त प्राध्यापकों को प्राथमिक चिकित्सा, आपदा राहत कार्यों में प्रयुक्त उपकरणों के संचालन तथा भूकंप जैसी आपात स्थितियों में बचाव संबंधी पूर्वाभ्यास का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस सत्र ने प्रतिभागियों को व्यवहारिक दक्षता एवं आपदा-प्रतिक्रिया कौशल से समृद्ध किया। कार्यशाला में लगभग 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन के उपलक्ष्य में प्रो. ज्योति ने सभी वक्ताओं, प्रतिभागियों एवं आयोजन समिति के प्रति आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ उपस्थित रहा।


आपदा प्रबंधन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया। अनंत ज्ञान

## विज्ञान और अध्यात्म का संतुलन ही सुखी जीवन का आधार : महंत पुनीत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** स्थानीय डिपो बाजार स्थित रायबहादुर जोधामल सराय में हनुमंत कथा के चौथे दिन परमहंस महंत पुनीत गिरी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए आधुनिक जीवनशैली और अध्यात्म के संबंधों पर गहन विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि आज का व्यक्ति बाहरी जगत की चकाचौंध में इतना खो गया है कि सतही मनोरंजन को जीवन का मुख्य उद्देश्य मान लेता है। सोशल मीडिया के दौर में जहां सेल्फी और दिखावे की होड़ लगी है, वहीं वास्तविक भक्ति और अंतर्मन की शांति पीछे छूट रही है।

महंत ने कहा कि विज्ञान केवल विश्लेषण पर आधारित है और इसके पास विनाश की शक्ति है, जबकि परमात्मा की शक्ति सृजन और न्याय में निहित है। जीवन की सार्थकता सुख-सुविधाओं के संचय में नहीं, बल्कि मृत्यु के सत्य को स्वीकारने और स्वयं को परमात्मा से जोड़ने में है। उन्होंने व्याख्या की कि योग का अर्थ है अंतर्मुखी होना और सत्य संग वैष्णव मर्यादा का पालन करना। बाहरी मोह छोड़कर भीतर की ओर लौटने से ही जीवन-मृत्यु के रहस्य का बोध संभव है। महंत ने निष्कर्ष दिया कि विज्ञान के साथ विवेक और तकनीक के साथ त्याग का होना आज के समय में अनिवार्य है, ताकि मानव जीवन और पृथ्वी सुरक्षित रह सके।

## कांगड़ा में रेलवे के लो हाइट सब-वे निर्माण स्थलों का संयुक्त निरीक्षण 10 व 11 को

◆ **मुख्यमंत्री सूक्खू और विधायक कमलेश ठाकुर के प्रयास फलीभूत**

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में उत्तर रेलवे के निर्माण विभाग की ओर से प्रस्तावित लो हाइट सब-वे (एलएचएस) निर्माण स्थलों का संयुक्त निरीक्षण स्थानीय प्रशासन के सहयोग से 10 और 11 अप्रैल को किया जाएगा। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण (रोड सेफ्टी प्रोजेक्ट) कार्यालय ने इस संबंध में उपायुक्त कांगड़ा को पत्र भेजकर अवगत कराया है।

यह निरीक्षण मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और विधायक देहरा कमलेश ठाकुर के लंबे समय से प्रयासों के परिणामस्वरूप संभव हो पाया है। विधायक कमलेश ने केंद्रीय रेल मंत्री को स्थानीय लोगों की समस्याओं से अवगत करवाया था, जिसके बाद रेलवे ने पठानकोट-जोगिंद्रनगर सेक्शन में बरियाल, नंदपुर, खब्बल और लुदरेट गांवों में एलएचएस/आरयूबी निर्माण प्रस्तावित किए। बरियाल (किमी 65/9-10), नंदपुर (किमी 68/3-4), खब्बल (किमी 63/7-8) और लुदरेट (किमी 67/5-6) में आरसीसी बॉक्स तकनीक से अंडरपास बनाए जाने की योजना है। संयुक्त निरीक्षण के दौरान राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग और राज्य सरकार के अन्य अधिकारी आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित रहेंगे, ताकि भूमि सीमांकन और अन्य औपचारिकताएं पूरी की जा सकें। रेलवे प्रशासन ने यह भी निर्देश दिया है कि निरीक्षण का समन्वय रेलवे और राज्य विभागों के बीच कमल किशोर, एसएसई/सी/आरएसपी द्वारा किया जाएगा। इस निरीक्षण का उद्देश्य निर्माण स्थलों की व्यवहार्यता सुनिश्चित करना और स्थानीय लोगों को लंबे समय से हो रही समस्याओं का स्थायी समाधान प्रदान करना है।

## नगरोटा में इंटर जेनरेशनल बॉन्डिंग कैंप का आयोजन, बुजुर्गों का सम्मान करने की अपील

## निकिता ने 'साढ़े बांके हिमाचले दे शोरूआं नू चिट्टा खा गया' गाने से बांधा समां

अनंत ज्ञान

**कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अंतर्गत उपमंडल नगरोटा के महाविद्यालय में इंटर जेनरेशनल बॉन्डिंग कैंप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन तहसील कल्याण अधिकारी दीपाली तोमर और उनकी टीम ने किया, जबकि महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सुरेंद्र सोनी ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम कांगड़ा मुनीश शर्मा और विशेष अतिथि प्रधानाचार्य डॉ. सुरेंद्र सोनी रहे।

इस कैंप मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी और बुजुर्गों के बीच भावनात्मक समन्वय बढ़ाना, बुजुर्गों के प्रति सम्मान को बढ़ावा देना और उन्हें अधिक समय देना था। मुख्यअतिथि मुनीश शर्मा ने संबोधन में कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी और छोटे परिवारों के कारण बुजुर्गों में अकेलापन बढ़ रहा है। उन्होंने युवाओं से बुजुर्गों को समय देने, उनकी हर जरूरत का ख्याल रखने और नशे से दूर रहने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य डॉ. सुरेंद्र सोनी ने भी आयोजकों को बधाई दी और सभी से बुजुर्गों का सम्मान करने की अपील की। कार्यक्रम में छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी और प्रतियोगिताओं में भाग लिया। ईशा, युगती, पायल और कनिका ने कविता प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। भाषण प्रतियोगिता में मानसी, रोहित, मुस्कान, अक्षिता, अनामिका, अंजुम और प्रियांशु ने बुजुर्गों को मार्गदर्शन के रूप में साथ रखने का संदेश दिया। ईशा और सिमरन ने नृत्य प्रस्तुत किया। महाविद्यालय की छात्रा निकिता ने साढ़े बांके हिमाचले दे शोरूआं नू चिट्टा खा गया गाना गाकर नशे से दूर रहने का संदेश देते हुए सभी को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। त्रिगर्त वसुंधरा रंग मंच के ग्रुप ने चिट्टा ब्वॉय नाम से मशहूर रोहित बोहरा के नेतृत्व में बुजुर्गों को हमेशा सम्मान और समय देने के लिए एक नाटक के माध्यम से संदेश देने का महत्वपूर्ण कार्य किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने बुजुर्गों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।


सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले स्टूडेंट्स को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अनंत ज्ञान

## डीएवी स्कूल नगरोटा सूरियां में नया शैक्षणिक सत्र शुरू


डीएवी स्कूल नगरोटा सूरियां में हवन किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**शिव गुलेरिया, नगरोटा सूरियां।** डीएवी स्कूल नगरोटा सूरियां में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शुरुआत हवन से हुई, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भाग लिया और सकारात्मक वातावरण का निर्माण किया गया।

इसके बाद स्कूल में बच्चों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। बच्चों को सेल्फी स्टैंड के साथ फोटो एवं सरस्वती माता को नमन किया गया। कार्यक्रम के दौरान भजन भी गाए गए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह सोहल ने बच्चों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए भगवान से प्रार्थना की। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत और अनुशासन के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। नए सत्र के पहले दिन स्कूल में खुशी और उमंग का माहौल देखने को मिला।

## नगरोटा बगवां में मनाई गुरु नाभादास की 489 वीं जयंती

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** सतगुरु श्री नाभादास सेवा समिति एवं महासभा ब्लॉक नगरोटा बगवां की ओर से 8 अप्रैल 2026 को अक्षय मैरिज पैलेस में गुरु नाभादास की 489वीं जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में एसडीएम नगरोटा बगवां मनीष शर्मा मुख्य अतिथि तथा प्रकाश चंद भाटिया विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि मनीष शर्मा ने गुरु नाभादास को उच्च कोटि का संत बताते हुए कहा कि उन्होंने जाति प्रथा का खंडन कर समाज को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है। इस अवसर पर उन्होंने अध्यक्ष टूरिज्म विभाग हिमाचल प्रदेश एवं विधायक आरएस बाली के निर्देशानुसार 31 रुपए रुपये देने की घोषणा की। विशेष अतिथि प्रकाश चंद भाटिया ने भी समाज को बधाई देते हुए समाज के विकास से जुड़े मुद्दों को उठाया और विधायक आरएस बाली का आभार व्यक्त किया। ब्लॉक प्रधान उत्तम चंद ने मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य व्यक्तियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में हरिराम हीर, डॉ. देशराज, राजकुमार विद्यार्थी, सुखदेव विश्व प्रेमी सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित रहे और गुरु नाभादास के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।

**कार्यक्रम** महाशा कल्याण सभा ने गुरु नाभादास जयंती पर किया कार्यक्रम का आयोजन

# गुरु नाभादास जी के जीवन से प्रेरणा लें युवा

◆ **गुरु नाभादास जी के आदर्शों से समाज में नैतिक मूल्यों का संरक्षण संभव: किशोरी**

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** महाशा कल्याण सभा बैजनाथ द्वारा गुरु नाभादास जी की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विधायक किशोरी लाल बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान गुरु नाभादास के आदर्शों एवं शिक्षाओं को विस्तार से याद किया गया तथा उपस्थित जनसमूह को उनके दिखाए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया गया।

विधायक किशोरी कहा कि गुरु नाभादास जी एक महान दार्शनिक एवं समाज सुधारक थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में समाज में फैली व्याप्त कुरीतियों को दूर करने तथा मानवता, समानता, प्रेम और भाईचारे का संदेश देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। गुरु नाभा दास जी जैसे संतों के विचार आज के युग में ओर भी अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। समाज में बढ़ती सामाजिक चुनौतियों और नैतिक मूल्यों में आ रही कमी को रोकने के लिए हमें ऐसे महापुरुषों के आदर्शों को अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से सामाजिक एकता को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने युवाओं को विशेष रूप से गुरु नाभा दास जी के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज सेवा, शिक्षा और सकारात्मक सोच को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने महाशा सभा से संबंधित युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया तथा उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। सभा के प्रधान सुरिंदर कुमार ने मुख्यातिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया तथा सभा की गतिविधियों, उद्देश्यों एवं भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महाशा सभा समाज सेवा, सांस्कृतिक संरक्षण एवं युवाओं के मार्गदर्शन के लिए निरंतर कार्य कर रही है।


महाशा सभा से संबंधित युवाओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सम्मानित किया। अनंत ज्ञान

## रोस्टर विवाद में सरकार की सबसे बड़ी हार, कोर्ट ने सरकार को दिखाया आईना : परमार

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं सुलह से विधायक विपिन सिंह परमार ने पंचायत चुनावों के मुद्दे पर कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट की सख्त फटकार के बाद सरकार को अपने फैसले वापस लेने पड़े, जो प्रशासनिक विफलता और राजनीतिक कमजोरी का स्पष्ट प्रमाण है। परमार ने कहा कि पंचायत चुनाव जैसे महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया में रोस्टर को लेकर की गई लापरवाही यह दर्शाती है कि सरकार असंवेदनशील और अक्षम हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार बिना सोच-समझ के फैसले लेती है और न्यायपालिका के हस्तक्षेप के बाद ही अपनी गलतियों को सुधारती है।



उन्होंने यह भी कहा कि इस पूरे घटनाक्रम ने सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं और जनता के सामने उसकी नाकामी उजागर कर दी है। परमार ने कांग्रेस सरकार पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश की जनता अब जागरूक हो चुकी है और सच्चाई समझ रही है। अंत में उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे आगामी पंचायत चुनावों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को समर्थन देकर सरकार को करारा जवाब दें।

## पंचायत चुनाव आरक्षण जारी, सक्रिय हुए चाहवान

◆ **सोशल मीडिया पोस्टें शेयर कर हो रहीं चुनाव लड़ने की बात**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश में पंचायत चुनाव को लेकर रोस्टर जारी होते ही चुनाव लड़ने के चाहवानों की सोशल मीडिया पर मानों बयान आ गई है। चुनाव लड़ने के इच्छुक लोग सोशल मीडिया पर सक्रिय हो गए हैं। चुनाव में उतरने वालों की ओर से सोशल मीडिया पर पोस्टें शेयर की जा रही हैं और युवा, कर्मठ, ईमानदार प्रत्याशी को वोट देने की अपील की जा रही है। पंचायत चुनाव का रोस्टर सरकार ने जारी कर दिया है, वहीं, नगर निकाय चुनाव को लेकर पहले ही रोस्टर जारी हो चुका है। चुनाव लड़ने को लेकर सोशल मीडिया पर शेयर हो रही पोस्टों में पुरुषों के साथ महिलाएं भी शामिल हैं। ऐसा भी नजर आ रहा है कि जिन वार्डों से पुरुष वर्ग चुनाव लड़ने के इच्छुक थे, लेकिन वार्ड के महिला के लिए आरक्षित होने के चलते, लोगों में निराशा भी देखी जा रही है। कई लोग विभिन्न नगर निकाय व पंचायतों से चुनाव लड़ने की घोषणा संबंधी पोस्टें भी शेयर कर रहे हैं। अभी तो यह शुरूआती दौर है, आगामी समय में जैसे-जैसे चुनाव प्रक्रिया तेजी पकड़ेगी, इस तरह से सोशल मीडिया पर प्रचार और रफ्तार पकड़ेगा।

# पुतड़ियाल पंचायत का प्रधान पद 5वीं बार आरक्षित, रोष

अनंत ज्ञान

**नादौन।** नादौन विधानसभा क्षेत्र की पुतड़ियाल पंचायत में प्रधान के रोस्टर को लेकर रोष है। इसकी वजह प्रधान पद इस बार फिर आरक्षित किया गया है। इसको लेकर पंचायतवासियों ने रोस्टर पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि पुतड़ियाल पंचायत का प्रधान पद लगातार पांचवीं बार आरक्षित कर दिया है, जिससे प्रधान पद का चुनाव लड़ने के इच्छुक पुरुषों के सपनों पर पानी फिर गया है।

पुतड़ियाल पंचायत के पूर्व प्रधान संजीव कुमार ने बताया कि पुतड़ियाल पंचायत का प्रधान पद वर्ष 2005 में महिला एससी के लिए आरक्षित था। इसके बाद 2010 महिला के लिए आरक्षित हुआ, 2015 में एसएसी महिला के लिए आरक्षित था अईर 2020 में ओबीसी महिला के लिए आरक्षित था और अब वर्ष 2026 में भी प्रधान पद महिला ओपन के लिए आरक्षित हो गया है। पुतड़ियाल पंचायत के संजीव कुमार, वीरेंद्र संधू, कुशल कुमार, प्रदीप कुमार, ज्ञान चंद, सागर, मदन लाल, सुनील कुमार, बलदेव कृष्ण, मदन लाल, सुशील कुमार, कुमार, बलदेव चंद, कृष्ण कुमार, बलवीर चंद, नानक चंद, सुरजीत कुमार, विक्रम सिंह, सोनू ठाकुर, पप्पू धीमान, संसार चंद, राज कुमार, मनोज कुमार, राजेश धीमान, महिंद्र सिंह, बलवंत सिंह, वतन सिंह व रणजीत रिंकू आदि का कहना है कि सरकार ने कहा कि जो पंचायत दो बार आरक्षित हो चुकी है, उसी ओपन किया जाएगा, लेकिन यहां दो बार तो छोड़ो वर्ष 2000 से पंचायत का प्रधान पद लगातार चार बार आरक्षित हो चुका है। बावजूद इसके इस पंचायत का प्रधान पद पांचवीं बार फिर आरक्षित कर दिया है, जो न्याय संगत नहीं है। जिसे लेकर पंचायतवासियों में रोष है। पंचायतवासियों सरकार व प्रशासन से आग्रह किया है कि इस रोस्टर बार पुनर्विचार किया जाए।

# पंचायत प्रधान पद का चुनाव लड़ने वालों के लिए तस्वीर साफ

## जिला प्रशासन ने किया 6 विकास खंडों की 242 पंचायतों में प्रधान पद का आरक्षण रोस्टर जारी

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** पंचायतों के रोस्टर का इंतजार कर रहे लोगों का इंतजार खत्म हो गया है। जिला प्रशासन ने जिले की 242 ग्राम पंचायतों का रोस्टर जारी कर दिया है। मई माह से पहले होने वाले पंचायतीराज चुनावों में प्रधान पद के उम्मीदवारों की तस्वीर साफ हो गई है। इसमें कुछ एक पंचायतों में जहां पर सामान्य महिला की जगह अनुसूचित महिला के लिए आरक्षित कर दिया है। वहीं, कुछ पंचायतों में पुरानी ही आरक्षण नीति रखी है। कुछ पंचायतों को अनारक्षित घोषित किया गया है। अब आने वाले चुनावों में आरक्षण के आधार पर उम्मीदवारी तय कर सकेंगे। हालांकि आरक्षण रोस्टर जारी होने से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के सपनों पर पानी फेर दिया है, क्योंकि जो पंचायत अनारक्षित घोषित होनी थी उसे फिर से अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित कर दिया है। पंचायत राज चुनावों के लिए महिलाओं को पूरा आरक्षण दिया गया है। अब महिलाएं भी चुनावों के लिए पूर जोर तरीके से तैयारी करने में जुट जाएंगी। इसके अलावा कुछ पंचायतों को यथावत ही रखा गया है।

### विकास खंड नादौन: पंचायतें 62

**अनारक्षित :** अमलैहड़, बलडूहक, टिल्लू, बूणी, चौड़ू, धनेटा, फस्टे, ग्वालपत्थर, जलाड़ी, जसाई, जोल सप्पड़, लाहड़ कोटलू, लहड़ा, मैड़, मनसाई, नौहंगी, रैल, रंगस, सपड़ोह, बरधियाड़ और जीहण।
**महिला:** बढेड़ा, चमराल, बैहरड़, भदरूं, गाहली, गोईस, हड़ेटा, हथोल, कमलाह, कोटला चिल्लियां, नघूं, मझियार, पनसाई, पनयाली, फाहल, पुतड़ियाल, सनाही, उट्पप, लंजयाणा।
**अनुसूचित जाति :** बदारन, बड़ा, गलोड़ खास, झलाण, करंडोला प्लासी, सरेड़ी।
**अनुसूचित जाति महिला :** बटराण, दंगड़ी, घलूं, कश्मीर, किटपल, मालग, मंझेली।
**ओबीसी :** बसारल, भरमोटी खुर्द, गौना, कोहला।
ओबीसी महिला : भदरोल, भूंपल, कलूर, करौर और मण।

### विकास खंड बिझड़ी : पंचायतें 49

**अनारक्षित :** बल्ह विहाल, बल्याह, बड़ग्रां, चकमोह, दलचेहड़ा, धंगोटा, जजरी, जौड़े अंब, कलवाल, कड़साई, कठियाणा, महारल, पाहलू, रैली, सकरोह, सठवीं
**महिला:** भैल, दांदडू, दंदवीं, धबड़ियाणा, ग्यारहग्रां, जमली, कलौहण, कनोह, करेर, लोहडर, मक्कड़, ननावां, पथलियार, सोहारी, टिप्पर।
**अनुसूचित जाति :** घंगोट कलां, झंझयाणी, कोहडरा, क्याराबाग, पटेरा,
**अनुसूचित जाति महिला :** दैण, घोड़ी धबीरी, जनैहण, ज्योली देवी, समताणा कलां, सौर
**ओबीसी :** मोरसू सुल्तानी, टिक्कर राजपूतां, उसनाड़ कलां
**ओबीसी महिला :** बिझड़ी, गारली, कुलहेड़ा और समैला।

### विकास खंड बमसन कुल पंचायतें 25

**अनारक्षित :** पौहंज, गवारडू, बारीं, टपरे, पटनौण, सिकांदर, बगवाड़ा, करियाली, लग कढियार
**महिला :** बजरोल, खनौली, भेरड़ा, कक्कड़, भटेड़, पंजोत, चारियां दी धार, जंदडू, उहल, पुरली
**अनुसूचित जाति :** समीरपुर, उटपुर, संगरोह कलां
**अनुसूचित जाति महिला :** बराड़ा, नाड़सीं, दरोगण पत्ती कोट

### विकास खंड भोरंज की 44 पंचायतें

**अनारक्षित :** सधरियाण, बाहनवीं, टिक्करी मिन्हासा, पपलाह, कड़ोहता, जाहू, धमरोल, थिरड़, भलवाणी, नंधन, रौहीं, दिम्मी, ढनवान।
**महिला :** खरवाड़, कक्कड़, लुद्दर महादेव, हनोह, भौंखर, दसमल, पट्टा, टिक्कर बुहला, कैहरवीं, बधाणी, कोट लांगसा।
**अनुसूचित जाति :** भुक्कड़, जख्योल, लगमनवीं, पलपल, दाड़ी, डाडू
**अनुसूचित जाति महिला :** अमरोह, बडैहर, मुंडखर, कंजयाण, अम्मण, बजड़ोह, चंबोह
**ओबीसी:** झरलोग, महल, गरसाहड़
**ओबीसी महिला :** भकेड़ा, करहा, लड़याणी, दरब्यार

### विकास खंड सुजानपुर : पंचायतें 24

**अनारक्षित :** चमियाणा, डेरा, जंगल, जोल, करोट, पटलांदर, टीहरा, बलेहू
**महिला :** बनाल, बैरी, बीड़-बगेहड़ा, लंबरी, पनोह, सपाहल
**अनुसूचित जाति :** चबूतरा, चलोह, मनिहाल
**अनुसूचित जाति महिला :** डूहक, रंगड़, री, ठाणा धबड़ियाणा
ओबीसी : बड़ेई
ओबीसी महिला : ढाड़ला, खैरी

### विकास खंड हमीरपुर की 38 पंचायतें

**अनारक्षित :** नारा, अमरोह, जटेहड़ी, काले अंब, गसोता, छयोड़ीं, ताल, चौकी कनकरी, टिक्कर-डिडवीं, अग्घार, नाहलवीं, फरनोहल, ख्याह लोहाखरियां
**महिला :** रोपा, लंबलू, बलोह, डबरेड़ा, बफड़ीं, पांडवीं, धनेड़, ललीण, नालटी, सेर बलौणी, कुठेड़ा, देई का नौण
**अनुसूचित जाति :** स्वाहल, पंधेड़, जंगलरोपा, चंगर
**अनुसूचित जाति महिला :** नेरी, उखली, भगेटू, टिब्बी
ओबीसी: ब्राहलड़ी, साहनवीं
**ओबीसी महिला :** चमनेड़, धरोग, मझोग सुल्तानी

## न्यूज ब्रीफ

### सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर के साक्षात्कार 10 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड आरटीए हमीरपुर की ओर से 70 पदों के लिए 10 अप्रैल सुबह 11 बजे उपरोजगार कार्यालय सुजानपुर में साक्षात्कार आयोजित होंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा के अनुसार, 19 से 40 वर्ष के पुरुष उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। न्यूनतम योग्यता दसवीं फेल/पास या अधिक है। उम्मीदवार की लंबाई कम से कम 168 सेमी तथा वजन 54 से 95 किलोग्राम होना चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को मौके पर ही ऑफर लेटर मिलेगा। वेतन 17,500 से 23,000 रुपए प्रतिमाह होगा। पात्र अभ्यर्थी अपने मूल प्रमाण पत्र व हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग लें।

### हिमंता बिस्वा खो चुके हैं मानसिक संतुलन : प्रेम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया विभाग अध्यक्ष पवन खेड़ा द्वारा असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा और उनकी धर्मपत्नी की संपत्तियों की जानकारी उजागर करने के बाद मुख्यमंत्री अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा कि आरोपों का जवाब देने के बजाय गिरफ्तारी की धमकी देना उनकी बौखलाहट को दर्शाता है। कौशल ने कहा कि पुलिस और प्रशासन का दुरुपयोग कर हेमंता बिस्वा तानाशाही रूप से चुनाव को हाईजैक करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा और मुख्यमंत्री से अपील की कि धमकियों के बजाय तथ्यों के साथ अपनी प्रतिक्रिया और स्पष्टीकरण दें, जबकि पवन खेड़ा हमेशा तथ्यों पर आधारित बयान देते हैं।

### मतदाता सूचियों के लिए दावे या आपत्तियां 13 तक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिले की चार ग्राम पंचायतों धमरोल, गरसाहड़, छयोडीं और बफड़ीं में मतदाता सूचियों में नए पात्र लोगों के नाम शामिल करने या अपात्र लोगों के नाम हटाने से संबंधित आपत्तियां 13 अप्रैल तक दर्ज की जा सकती हैं। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि नाम शामिल करने की अर्हक तिथि 1 अप्रैल है। दावे या आपत्तियां संबंधित पुनरीक्षण अधिकारी या खंड विकास अधिकारी के समक्ष स्वयं, अभिकर्ता द्वारा या पंजीकृत डाक से भेजी जा सकती हैं। पुनरीक्षण अधिकारी 17 अप्रैल तक निपटारा करेंगे और उनके निर्णय के विरुद्ध अपीलें 20 अप्रैल तक स्वीकार होंगी। अंतिम सूची 24 अप्रैल को प्रकाशित की जाएगी।

### जिलाध्यक्ष राकेश ने की रोस्टर बदलने की निंदा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा हमीरपुर के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार द्वारा पंचायतीराज चुनावों के लिए बार-बार रोस्टर में बदलावों की तीव्र निंदा की है। राकेश ने कहा कि इससे लोकतांत्रिक परंपराओं का उल्लंघन हो रहा है और आम जनता तथा उम्मीदवारों में भ्रम फैल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपने राजनीतिक हित साधने के लिए प्रशासन का दुरुपयोग कर रही है। राकेश ने प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि वह अनावश्यक बदलाव रोकें और चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं समयबद्ध रूप से संचालित करें, ताकि लोकतंत्र की गरिमा और जनता का विश्वास बना रहे।

### 800 मीटर दौड़ में रोहित ने जीता स्वर्ण



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय बहुतकनीकी कालेज बडू हमीरपुर में 27वीं राज्यस्तरीय बहुतकनीकी एथलेटिक्स एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भारी बारिश के कारण ट्रैक एंड फील्ड मुकाबले अणु के सिंथेटिक ग्राउंड में करवाए गए। 800 मीटर फाइनल में रोहित कुमार (अंबोटा) ने स्वर्ण पदक जीता, अभिषेक राणा (बिलासपुर) रजत और प्रिंस कुमार (कांगड़ा) कांस्य पदक हासिल किया। लड़कियों की जेवलियन थ्रो में छाया (कुल्लू) प्रथम, कृतिका (कंडाघाट) द्वितीय और वेदिका (कुल्लू) तृतीय रही। सांस्कृतिक प्रतियोगिता में समूह गान में हमीरपुर प्रथम, रोहडू द्वितीय और सुंदरनगर तृतीय रहा। गजल और हिंदी गीत में प्रगतिनगर, कंडाघाट और चंबा ने क्रमशः पुरस्कार जीते।

## बदलाव के बाद जिला परिषद का आरक्षण रोस्टर जारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला परिषद हमीरपुर के विभिन्न वार्डों का आरक्षण रोस्टर जारी कर दिया गया है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) गंधर्वा राठौड़ की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, परिषद के कुल 19 वार्डों में से 6 वार्ड अनारक्षित रखे गए हैं। इन अनारक्षित वार्डों में वार्ड-5 जंगलरोपा, वार्ड-6 ताल, वार्ड-7 चमनेड, वार्ड-10 जाहू, वार्ड-13 बिझड़ी, वार्ड-14 झंझयाणी शामिल हैं। जारी किए गए नए रोस्टर के अनुसार, वार्ड नंबर 12 को हटाकर अनुसूचित में डाल दिया है और वार्ड नंबर 13 बिझड़ी को अनारक्षित सूचि में शामिल किया गया है। वहीं, वार्ड नंबर 15 दांदडू और वार्ड नंबर 19 सपड़ोह को भी हटा दिया है और वार्ड नंबर 10 जाहू को जोड़ा गया है। इसके अलावा भी कुछ जिला परिषद वार्डों में बदलाव किया गया है। जारी किए गए आरक्षण रोस्टर के अनुसार वार्ड-3 दरोगण पत्ती कोट और वार्ड-12 करेर अनुसूचित जाति तथा वार्ड-18 अमलैहड़ अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित रखा गया है। वार्ड-2 पनोह, वार्ड-4 उहल, वार्ड-9 धमरोल, वार्ड-11 महल और वार्ड-15 दांदडू महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगे। वार्ड-1 बीड़-बगेहड़ा, वार्ड-8 बधाणी और वार्ड-17 मालग अनुसूचित जाति की महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए हैं। वार्ड-16 लहड़ा और वार्ड-17 सपड़ोह ओबीसी महिला के लिए आरक्षित रखे गए हैं।

### प्रशासन और ग्रामीणों के बीच बनी सहमति से सुलझा विवाद

## चंदरुही बाजार में शुरू हुआ नाली निर्माण कार्य

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** भोरंज उपमंडल के चंदरुही बाजार में लोक निर्माण विभाग (चैक) द्वारा नाली निर्माण कार्य फिर से शुरू कर दिया गया है। कुछ दिनों पहले कुछ लोगों द्वारा कार्य में बाधा डालने के कारण निर्माण अस्थायी रूप से रुक गया था। अब प्रशासन, पुलिस, विभागीय अधिकारियों और स्थानीय ग्रामीणों के बीच सहमति बनने के बाद कार्य सुचारु रूप से जारी है।

जानकारी के अनुसार, लोक निर्माण विभाग बस्सी से तत्ताहर सड़क मार्ग पर भरेड़ी से तत्ताहर तक सड़क के सुदृढ़ीकरण का कार्य कर रहा है। परियोजना के तहत सड़क पर पेवर ब्लॉक बिछाने के साथ-साथ जल निकासी के लिए नालियों का निर्माण भी किया जा रहा है। निर्माण के दौरान वाहनों की आवाजाही बंद है, जिससे कुछ असुविधा हो रही है। ग्रामीण मनोज शर्मा ने बताया कि कुछ लोगों ने पहले नालियों के निर्माण को लेकर आपत्ति जताई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए विभाग और प्रशासन ने बैठक कर सभी पक्षों की समस्याएं सुनीं। बैठक में सहमति बनी कि सड़क के दोनों ओर नालियां बनाई जाएंगी, ताकि वर्षा के पानी की उचित निकासी हो और सड़क को नुकसान न पहुंचे। लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता प्रवीण कुमार ने कहा कि विभाग ग्रामीणों के सहयोग से कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करेगा। ग्रामीणों ने प्रशासन और विभाग के प्रयास की सराहना की और उम्मीद जताई कि कार्य पूरा होने के बाद यातायात सुविधा बेहतर होगी और जल निकासी की समस्या स्थायी रूप से हल होगी।



चंदरुही बाजार में नाली निर्माण कार्य में लगी जेसीबी। अनंत ज्ञान

## सिलेंडर लेने के लिए बेवजह एजेंसियों में न आएं उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव वर्मा ने सभी एलपीजी उपभोक्ताओं से अपील की कि उन्हें गैस सिलेंडर प्राप्त करने के लिए गैस एजेंसियों में व्यक्तिगत रूप से आने की कोई आवश्यकता नहीं है। प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक ने कहा कि वर्तमान में विभाग एवं निगम उपभोक्ताओं को उनके घर के पास ही गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं तथा इस दिशा में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि कई उपभोक्ता अनावश्यक रूप से एजेंसी परिसर में आकर सिलेंडर प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे वितरण व्यवस्था में अनावश्यक विलंब उत्पन्न हो जाता है। सभी उपभोक्ता बेवजह गैस एजेंसियों में भीड़ न लगाएं और निर्धारित व्यवस्था के अनुसार ही सेवा का लाभ लें। उन्होंने बताया कि गैस सिलेंडर का वितरण पूर्णतः डीएसी कोड के आधार पर ही किया जा रहा है।

यह व्यवस्था पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की कालाबाजारी को रोकने के उद्देश्य से लागू की गई है, ताकि वास्तविक एवं जरूरतमंद उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो सके। उन्होंने उपभोक्ताओं से यह भी आग्रह किया कि वे सिलेंडर प्राप्त करते समय अपना मोबाइल फोन अपने साथ रखें, ताकि यह कोड साझा करने में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो। सभी उपभोक्ताओं से सहयोग एवं धैर्य बनाए रखने की अपील करते हुए संजीव वर्मा ने यह भी स्पष्ट किया गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है।

## डीडीएम साईं लॉ कॉलेज के छात्रों ने नेशनल मूट कोर्ट में जीता 'बेस्ट मेमोरियल' पुरस्कार



डीडीएम साईं लॉ कॉलेज के छात्रों का मूट कोर्ट स्पर्धा में सराहनीय प्रदर्शन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नादौन।** डीडीएम साईं लॉ कॉलेज के छात्रों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा और कानूनी कौशल का एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी में आयोजित नेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता में 'बेस्ट मेमोरियल' का पुरस्कार हासिल किया।

यह उपलब्धि न केवल कॉलेज की प्रतिष्ठा को बढ़ाती है, बल्कि छात्रों में भी गर्व और उत्साह की लहर भर देती है। प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। डीडीएम साईं लॉ कॉलेज की टीम के प्रथम वर्ष के छात्रों-साईं, साहिल और वैभव ने अपनी उत्कृष्ट शोध, तर्कशक्ति, प्रस्तुति कौशल और कानूनी समझ के दम पर यह सम्मान अर्जित किया। 'बेस्ट मेमोरियल' पुरस्कार मुख्य रूप से टीम की लिखित प्रस्तुतियों की गुणवत्ता, तथ्यों की सटीकता और कानूनी दृष्टिकोण की गहराई को मान्यता देता है। कॉलेज प्रशासन ने छात्रों की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी और भविष्य में ऐसे और प्रयासों को प्रोत्साहित करने की बात कही। इस उपलब्धि से यह स्पष्ट हुआ कि डीडीएम साईं लॉ कॉलेज के छात्र न केवल अध्ययन में दक्ष हैं, बल्कि प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण में भी बेहतरीन प्रदर्शन करने की क्षमता रखते हैं।

## थाई गांव में सड़क बंद करने से 26 परिवार प्रभावित, ग्रामीणों ने प्रशासन से लगाई गुहार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जोल सप्पड़ पंचायत के तहत थाई गांव में एक पुरानी सड़क को लेकर विवाद गहरा गया है। ग्रामीणों का आरोप लगाया कि गांव के ही एक व्यक्ति ने पिछले 5 दिनों से इस रास्ते को दोनों तरफ लकड़ियां रखकर बंद कर दिया है, जिससे आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई है। इसी समस्या को लेकर ग्रामीण बुधवार को उपायुक्त से मिलने पहुंचे। ग्रामीणों ने एडीसी को लिखित शिकायत पत्र सौंपा, जिसमें करीब 100 वर्षों से इस्तेमाल हो रही सड़क को कुछ दिनों से अवरुद्ध कर दिया गया है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, गांव में स्थित लगभग 10 मीटर चौड़ी सड़क, जो कुलदीप कुमार के घर से होकर आगे ग्रामीण क्षेत्र तक जाती है, लंबे समय से सार्वजनिक उपयोग में रही है। यह सड़क राजस्व विभाग के रिकॉर्ड में भी दर्ज बताई जा रही है। इस सड़क से होकर करीब 26 घरों के लोग श्मशानघाट तक जाते हैं, साथ ही यह मार्ग दैनिक जीवन के लिए भी बेहद जरूरी है। रास्ता बंद होने से ग्रामीणों को वैकल्पिक और कठिन रास्तों का सहारा लेना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से कार्रवाई की मांग करते हुए आग्रह किया है कि इस सड़क को तुरंत प्रभाव से सड़क को खुलवाया जाए। साथ ही दोषी व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में इस तरह की समस्या दोबारा न हो, इसके लिए स्थायी समाधान किया जाए। शिकायत पत्र में राजेंद्र कुमार, सुषमा देवी, राकेश कुमार सहित अन्य ग्रामीणों के हस्ताक्षर शामिल हैं

## विकसित भारत लक्ष्य प्राप्ति में युवाओं की भागीदारी अहम : अनुराग ठाकुर



सांसद ने चंडीगढ़ में छात्राओं को सम्मानित किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर ने चंडीगढ़ में मेहर चंद्र महाजन डीएवी कॉलेज फॉर वुमेन के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि युवाओं की भूमिका 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे नौकरी लेने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बनें और वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान स्थापित करें। अनुराग ने बताया कि केंद्र सरकार ने शिक्षा, बाल कल्याण, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण और कानूनी सुधारों के क्षेत्र में व्यापक कार्य किए हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अमृतकाल के अवसरों का लाभ उठाकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि आज भारत तेजी से विकसित हो रहा है और विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। वर्तमान समय देश के लिए स्वर्णिम युग है और युवा पीढ़ी इस उभरते भारत की स्वर्णिम पीढ़ी है। सांसद ने यह भी कहा कि पुरस्कार वितरण समारोह केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि छात्रों की उपलब्धियों का उत्सव है।

### उप मुख्य विधिक सहायता प्रतिवादी पक्ष के अधिवक्ता पद के लिए 21 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण हमीरपुर ने उप मुख्य विधिक सहायता प्रतिवादी पक्ष के अधिवक्ता के एक पद और सहायक विधिक सहायता प्रतिवादी पक्ष के अधिवक्ता के 3 पदों के लिए 21 अप्रैल शाम पांच बजे तक आवेदन आमंत्रित किए हैं। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव कुलदीप शर्मा ने बताया कि ये पद संशोधित कानूनी सहायता रक्षा परामर्शदाता योजना-2022 और राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण (नालसा) के दिशा-निर्देशों के तहत भरे जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन नियुक्तियों के लिए पात्रता, नियम एवं शर्तें, कार्य क्षेत्र, आवेदन पत्र और संशोधित कानूनी सहायता रक्षा परामर्शदाता योजना-2022 की विस्तृत जानकारी जिला न्यायिक परिसर हमीरपुर की वेबसाइट हमीरपुर.डीकोर्ट्स.जीओवी.इन से डाउनलोड की जा सकती है। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव ने पात्र एवं इच्छुक अधिवक्ताओं से इन पदों के लिए आवेदन करने की अपील की है।

**जायजा** डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने किया बजूरी कूड़ा केंद्र का निरीक्षण, सुधार के निर्देश

# 8 टन से 30 टन तक पहुंचा कचरा, व्यवस्था बेबस

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने नगर निगम हमीरपुर में ग्रामीणों, नगर निगम अधिकारियों तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बजूरी क्षेत्र में स्थापित कूड़ा नियंत्रण केंद्र पहुंचे और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि नगर निगम के पास कूड़ा निस्तारण केंद्र के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध नहीं है, जिसके चलते व्यवस्थाओं पर अतिरिक्त दबाव बन रहा है।

ग्रामीणों की शिकायतों को ध्यान में रखते हुए यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि अब छोटी गाड़ियों से बड़ी गाड़ियों में कूड़े का स्थानांतरण सीधे डंपिंग यार्ड के भीतर ही किया जाएगा, न कि सड़क किनारे या अन्य स्थानों पर। अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व में लगभग 8 टन कूड़ा प्रतिदिन उत्पन्न होता था, जबकि नगर निगम बनने के बाद यह बढ़कर लगभग 30 टन प्रतिदिन हो गया है। वर्तमान कूड़ा केंद्र में उपलब्ध सुविधाएं अभी भी नगर परिषद स्तर की ही हैं, जो बढ़ते कचरे के अनुपात में अपर्याप्त हैं। बैठक में यह निष्कर्ष निकाला गया कि केंद्र का संचालन कर रही कंपनी यहां मैनपावर एवं मशीनरी में वृद्धि करेगी। साथ ही, कूड़ा निस्तारण के लिए नई उपयुक्त भूमि की तलाश भी की जाएगी। इस संदर्भ में डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने ग्रामीणों द्वारा सुझाए गए स्थल का नगर निगम अधिकारियों के साथ निरीक्षण भी किया। डॉ. वर्मा ने कहा कि कूड़ा प्रबंधन केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का भी सामाजिक दायित्व है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे गीले और सूखे कूड़े को अलग-अलग करके उसका उचित निस्तारण सुनिश्चित करें। भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से अनुरोध करने की बात कही कि लगभग डेढ़ सौ कनाल उपलब्ध भूमि, जो आबादी से दूर स्थित है, को आगामी 50 वर्षों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नगर निगम को प्रदान किया जाए, ताकि शहर को वायु एवं जल प्रदूषण से सुरक्षित रखा जा सके।

इस अवसर पर नगर निगम के अभियंता अश्विनी शर्मा, जूनियर अभियंता सूर्य, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील वर्मा सहित ग्रामीण एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



डॉ. पुष्पेंद्र अधिकारियों के साथ बजूरी क्षेत्र में स्थापित कूड़ा नियंत्रण केंद्र पहुंचे। अनंत ज्ञान

# सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम ने जांचा 844 लोगों का स्वास्थ्य

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर की पहल पर अस्पताल सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम की ओर से प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया गया।

जिला ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, मंडी, कांगड़ा व कुल्लू के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों सुजानपुर, बड़सर, नादौन, हमीरपुर, ऊना, चिंतपूर्णी, कुटलैहड़, हरोली, कुल्लू, जोगिंद्रनगर, सुंदरनगर, घुमारवीं, बिलासपुर, श्री नयना देवी जी, धर्मपुर, जसवां-परागपुर व चुराह में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में विभिन्न टीमों द्वारा कुल 844 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिनमें 308 पुरुष एवं 536 महिलाएं शामिल रहीं।

इसके अलावा 456 लोगों की रक्त जांच भी की गई। स्वास्थ्य जांच टीमों में शामिल डॉक्टरों डॉ. पंकज, डॉ. मनु प्रिया, डॉ. सृजन, डॉ. अंजू, डॉ. पंकज पटियाल, डॉ. अंशु, डॉ. अशोक, डॉ. विजय, डॉ. शिवानी, डॉ. प्रदीप, डॉ. ऊनीषा, डॉ. देवेश, डॉ. सुनिधि, डॉ. शुगुन व डॉ. शशांक ने मरीजों का परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया। जांच के दौरान 104 मरीज उच्च रक्तचाप, 72 मधुमेह, 161 ऑर्थोपेडिक, 16 स्त्री रोग संबंधी तथा 491 अन्य विभिन्न बीमारियों से ग्रसित पाए गए। इस अवसर पर डॉक्टरों ने लोगों को मौसमी बीमारियों से बचाव के उपाय बताते हुए जागरूक किया तथा बदलते मौसम में खान-पान एवं जीवनशैली में सावधानी बरतने की सलाह दी।




स्वास्थ्य शिविरों में 456 लोगों की रक्त जांच की। अनंत ज्ञान

## न्यूज ब्रीफ

### वोल्वो बस से 890 ग्राम चरस बरामद, आरोपी काबू

**अनंत ज्ञान, मंडी।** एसटीएफ टीम ने बिंद्रावणी में नाकाबंदी के दौरान पण्डोह से मंडी की ओर आने वाले वाहनों की जांच करते हुए कुल्लू से आ रही वोल्वो बस संख्या को जांच के लिए रोका। तलाशी के दौरान शक्ति शर्मा (जिला बिलासपुर) के कब्जे से 890 ग्राम चरस बरामद की गई। बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया और न्यायालय में पेश कर तीन दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। मामले की पुष्टि एसपी मंडी विनोद कुमार ने की है।

### बस जांच के दौरान 68 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पुलिस टीम ने झलोगी के पास आर्मी कैंप के नजदीक नाकाबंदी के दौरान बस की जांच की। जांच के दौरान गौरव राणा (जिला मंडी) के कब्जे से 68 ग्राम चरस बरामद की गई। बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया, जबकि उसे नोटिस पर रिहा किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आगामी कार्रवाई नियमानुसार अमल में लाई जा रही है। मामले की पुष्टि एसपी मंडी विनोद कुमार ने की है।

### मोटर वाहन अधिनियम के तहत 354 चालान किए

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला पुलिस मंडी ने कानून व्यवस्था बनाए रखने और नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया। इस दौरान मोटर वाहन अधिनियम के तहत 354 चालान किए गए, जबकि कोटपा के अंतर्गत 9 और माइनिंग एक्ट के तहत 10 चालान काटे गए। पुलिस प्रशासन का कहना है कि नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। मामले की पुष्टि एसपी मंडी विनोद कुमार ने की है।

# 'बेजुबान' को मिला जीवन, पशु चिकित्सकों की टीम ने पेश की इंसानियत की मिसाल

अनंत ज्ञान

**राहुल सहगल ,कोटी ,चंबा।** जहां अक्सर सड़क हादसों में घायल बेजुबान तड़पते रह जाते हैं, वहीं पशु चिकित्सा विभाग की एक टीम ने संवेदनशीलता, साहस व समर्पण की ऐसी मिसाल पेश की है, जिसने इंसानियत को एक नई परिभाषा दे दी। एक गंभीर रूप से घायल मादा आवारा श्वान को मौत के मुंह से वापस लाया गया।

यह मूक प्राणी एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना का शिकार हुआ था, जब एक पिकअप वाहन बेरहमी से उसके ऊपर से गुजर गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि उसके सिर पर गहरी चोटें आईं और उसका बायां अग्र पैर पूरी तरह चकनाचूर हो गया। हालत ऐसी थी कि जीवन और मृत्यु के बीच की दूरी हर पल घटती जा रही थी। ऐसे नाजुक क्षणों में अभिनव भारद्वाज ने असाधारण मानवता का परिचय देते हुए घायल पशु को तुरंत अस्पताल पहुंचाया।



उनका यह कदम न केवल सराहनीय है, बल्कि यह समाज के लिए एक प्रेरणा भी है कि संवेदनशीलता अभी जीवित है। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल नेगी के नेतृत्व में उनकी टीम वेटरनरी फार्मासिस्ट सौरभ कुमार और वेटरनरी फार्मेसी के छात्र सौरभ, प्रभात, रोहित व विशाल ने बिना एक पल गंवाए उपचार शुरू किया। सबसे पहले जीवन बचाने के लिए पशु को स्थिर करने की जटिल प्रक्रिया अपनाई गई, जो बेहद चुनौतीपूर्ण रही। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों के सामने एक कठिन निर्णय था या तो संक्रमण पूरे शरीर में फैलकर जान ले ले, या फिर साहसिक कदम उठाकर बाएं अग्र पैर को शल्यक्रिया के माध्यम से हटाया जाए।

टीम ने जोखिम उठाया, ऑपरेशन किया और जीवन बचा लिया और आज... वही मूक प्राणी न केवल जीवित है, बल्कि पूरी ऊर्जा और आत्मविश्वास के साथ तीन पैरों पर दौड़ रहा है। उसकी हर चाल, हर कदम इस बात की गवाही दे रहा है कि समर्पण और संवेदनशीलता के सामने असंभव भी झुक जाता है।

# पर्यटन, सड़क और स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर सदस्यों ने उठाए अहम मुद्दे

अनंत ज्ञान

**चंबा।** चंबा प्रोग्रेसिव काउन्सिल की मासिक बैठक बुधवार को लक्ष्मण क्लब, चंबा में ईसीपी सहगल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में शहर की ज्वलंत समस्याओं पर गंभीर चर्चा करते हुए सदस्यों ने विकास कार्यों की धीमी रफ्तार पर चिंता जताई और कई अहम मुद्दों को जोर-शोर से उठाया।

सदस्यों ने पुराने बस अड्डे पर बहुमंजिला पार्किंग निर्माण कार्य शुरू होने पर खुशी जाहिर करते हुए सदर विधायक नीरज नैय्यर, जिला प्रशासन और संबंधित विभाग का आभार व्यक्त किया। हालांकि, लंबे समय से बंद पड़े लघु सचिवालय के कार्य को लेकर काउन्सिल ने कड़ा रुख अपनाते हुए इसे जल्द शुरू करने की मांग की, ताकि आम जनता को सुविधाएं मिल सकें। बैठक में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए झुमार के समीप स्थित प्राकृतिक रूप से समृद्ध खब्बी धार क्षेत्र को सड़क सुविधा से जोड़ने की पुरजोर मांग उठाई गई। इसके अलावा बालू-पक्का टाला सड़क को आईटीआई होते हुए पंडित

**◆ पार्किंग निर्माण पर खुशी लघु सचिवालय कार्य जल्द शुरू करने की मांग**

जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के पुराने अस्पताल से जोड़ने की मांग को दोहराया गया। सदस्यों का मानना है कि इससे न केवल पर्यटन को गति मिलेगी, बल्कि शहर में बढ़े वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग भी उपलब्ध होगा। काउन्सिल ने आईटीआई में वर्षों से बंद पड़े ट्रेड्स को भी मशीनरी उपलब्ध करवाकर पुनः शुरू करने की मांग भी उठाई, जिससे युवाओं को तकनीकी शिक्षा का लाभ मिल सके। स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर भी बैठक में तीखी आवाज उठी। सदस्यों ने मेडिकल कॉलेज को जल्द सरोल स्थानांतरित करने और वहां हृदय, मूत्र, लीवर व किडनी रोग विशेषज्ञों की सेवाएं शुरू करने की मांग की, ताकि मरीजों को बाहर भटकना न पड़े। बैठक में अनिल कुमार, सुरेंद्र भंडारी, खुशाल कश्यप, डॉ. ओपी पुरी, डॉ. डीके सोनी, मुकेश कंपसनी और ई. बुधिया राम सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

## चंबा में बारिश से जनजीवन प्रभावित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा में लगातार हो रही भारी बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। चंबा-तीसा मुख्य मार्ग पर शरेला के पास सड़क दलदल में तब्दील हो गई, जिससे कई वाहन बीच रास्ते में ही फंस गए। हालात ऐसे बन गए कि वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बाधित हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, लगातार बारिश के चलते सड़क की हालत बेहद खराब हो गई है और कीचड़ व दलदल के कारण गाड़ियां आगे बढ़ने में असमर्थ हो रही हैं। कुछ वाहनों को निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी, वहीं कई वाहन घंटों तक फंसे रहे। प्रशासन और संबंधित विभाग को सूचना दे दी गई है। मौके पर मशीनरी भेजकर सड़क को बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन बारिश के चलते काम में दिक्कतें आ रही हैं। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि जब तक सड़क पूरी तरह से बहाल नहीं हो जाती, तब तक इस मार्ग पर यात्रा करने से बचें और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें।

# हिमालयी जीवन पर जुटाई महत्वपूर्ण जानकारी



ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक मानवशास्त्रीय क्षेत्रीय शोध कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सलूणी।** हेमवती नंदन बहुगुणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के मानवशास्त्र विभाग द्वारा राजकीय महाविद्यालय सलूणी के सहयोग से सलूणी विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक मानवशास्त्रीय क्षेत्रीय शोध कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। यह अध्ययन 28 मार्च से 7 अप्रैल तक स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया।

शोध का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानवशास्त्रीय अनुसंधान की व्यावहारिक समझ प्रदान करना था, ताकि वे हिमालयी क्षेत्र, विशेष रूप से चंबा जिले की सलूणी तहसील के लोगों के जैव-सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक पहलुओं का प्रत्यक्ष अध्ययन कर सकें। इस दौरान विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सर्वेंद्र यादव व असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुरेश भट्ट के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों की टीम ने स्थानीय समुदायों के साथ सक्रिय सहभागिता की। अध्ययन में सहभागितापूर्ण अवलोकन, साक्षात्कार और पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों के प्रलेखन पर विशेष जोर दिया गया। कॉलेज के सहयोग से क्षेत्रीय समन्वय व व्यवस्थाओं का सफल संचालन संभव हो पाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मोहिंदर सलारिया ने इस पहल को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए सराहा।

समापन बैठक में दोनों संस्थानों ने भविष्य में संयुक्त शोध और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने पर सहमति जताई। कार्यक्रम का समन्वय सहायक प्राध्यापक पंकज कुमार द्वारा किया गया। यह शोध न केवल शैक्षणिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण विकास, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और स्थानीय जीवन की गहन समझ विकसित करने में भी अहम भूमिका निभाएगा।

## महिला मरीज का ऑपरेशन लगातार टाला जा रहा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज



चंबा एक बार फिर से चर्चा में आ गया है। परिजनों का आरोप है कि पिछले 5 दिनों से एक महिला मरीज गंभीर दर्द से पीड़ित है, लेकिन उसका ऑपरेशन लगातार टाला जा रहा है। परिजनों का कहना है कि अस्पताल प्रशासन द्वारा ऑपरेशन के लिए आवश्यक सामान मंगवाया जाता है, जब वे बाजार से सामान खरीदकर लाते हैं, तो डॉक्टर यह कहकर मना कर देते हैं कि अपनी मर्जी से दवाइयां न लाएं, बल्कि जहां से बताया जाए वहीं से खरीदें।

इस स्थिति से परिजनों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। उनका कहना है कि मरीज की हालत दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है, लेकिन समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है।

# भेड़पालक मैदानी इलाकों को छोड़कर पहाड़ी क्षेत्रों की ओर लौटने लगे

अनंत ज्ञान



**चंबा।** गर्मी की दस्तक के साथ ही एक बार फिर पहाड़ों की ओर जीवन का कठिन सफर शुरू हो गया है। भेड़पालक अपने पशुधन के साथ मैदानी इलाकों को छोड़कर ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों की ओर लौटने लगे हैं।

पंजाब के मैदानी हिस्सों में सर्दियां गुजारने के बाद अब कई भेड़पालक जोतों तक पहुंच चुके हैं व जल्द ही भरमौर व चुराह की ऊंची धारों का रुख करेंगे। यह वार्षिक पलायन सिर्फ परंपरा नहीं, बल्कि जीविका की मजबूरी है। सर्दियों में पहाड़ों पर भारी बर्फबारी के कारण जीवन पूरी तरह ठहर जाता है, जिससे पशुओं के लिए वहां टिके रहना असंभव हो जाता है, ऐसे में भेड़पालकों को अपने पूरे परिवार व पशुधन के साथ मैदानी इलाकों की ओर उतरना पड़ता है। वहीं, गर्मी के मौसम में हालात उलट जाते हैं। पहाड़ों पर हरियाली लौट आती है, घास प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होती है व पशुओं के लिए अनुकूल वातावरण बन जाता है। दूसरी ओर, मैदानी क्षेत्रों की भीषण गर्मी मवेशियों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। यही वजह है कि मौसम के साथ भेड़पालकों का यह संघर्षपूर्ण सफर हर साल दोहराया जाता है। भेड़पालकों का कहना है कि उनका जीवन बेहद कठिनाइयों से भरा है। महीनों तक परिवार से दूर रहकर, अनिश्चित मौसम व दुर्गम रास्तों के बीच उन्हें अपने पशुधन के सहारे ही जीवन यापन करना पड़ता है। बावजूद इसके, आज भी वे अपनी पारंपरिक आजीविका को मजबूती से थामे हुए हैं। यह पलायन न केवल उनकी आजीविका की कहानी बयां करता है, बल्कि पहाड़ और मैदान के बीच प्रकृति के साथ उनके गहरे रिश्ते को भी दर्शाता है।

## हिमाचल दिवस समारोह की राजेश धर्माणी करेंगे अध्यक्षता

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला मुख्यालय चंबा में 79वां जिला स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता टीसीपी, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यवसायिक व औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त मुकेश



रेपसवाल ने बुधवार को साझा की। उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल को प्रातः 11 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश पुलिस, होमगार्ड के जवानों के अलावा विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों की टुकड़ियों द्वारा भव्य मार्च पास्ट किया जाएगा। समारोह में जवाहर नवोदय विद्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चंबा, डाइट तथा स्थानीय विद्यालयों के विद्यार्थी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों के अलावा विभिन्न संस्थाओं व संगठनों के प्रतिनिधियों को भी समारोह में मुख्यातिथि द्वारा सम्मानित किया जाएगा। डीसी ने सभी क्षेत्रवासियों से ऐतिहासिक चौगान में मनाए जा रहे जिला स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह में शामिल होने की अपील की है।

# चंबा में सरकारी विभागों पर बिजली बिलों का बोझ, भुगतान नहीं, तो कटेगी सप्लाई

अनंत ज्ञान

**चंबा।** चंबा में सरकारी विभागों की लापरवाही अब भारी पड़ती दिख रही है। लंबित बिजली बिलों को लेकर बिजली विभाग ने कड़ा रुख अपनाते हुए साफ चेतावनी दी है कि समय रहते भुगतान न करने पर बिजली आपूर्ति बाधित कर दी जाएगी।



बिजली उपमंडल-1 चंबा के सहायक अभियंता टीआर ठाकुर ने दो टूक शब्दों में कहा कि कई सरकारी उपभोक्ताओं पर बिजली बिलों की भारी बकाया राशि लंबित है, जिसे नजरअंदाज करना अब संभव नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर भुगतान नहीं किया गया, तो विभाग को कड़े कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड द्वारा गैर-व्यावसायिक व गैर-घरेलू श्रेणी के सरकारी उपभोक्ताओं के मीटरों को चरणबद्ध तरीके से प्रीपेड सिस्टम में बदला जा रहा है। इस प्रक्रिया के दौरान कई विभागों की बकाया राशि उजागर हुई है, जो चिंता का विषय बन गई है। टीआर ठाकुर ने यह भी आगे कहा कि जिन उपभोक्ताओं के मीटर पहले ही प्रीपेड सिस्टम में बदले जा चुके हैं, लेकिन उन्होंने अब तक बकाया राशि जमा नहीं करवाई है, उनके कनेक्शन को रिमोट सिस्टम के जरिए कभी भी अस्थायी रूप से काटा जा सकता है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों से अपील की है कि वे बिना देरी किए अपने लंबित बिलों का भुगतान सुनिश्चित करें, ताकि मीटर परिवर्तन के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। अंत में उन्होंने दोहराया कि 'बिल भुगतान में लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी और तय समय सीमा के बाद बिजली काटना विभाग की मजबूरी होगी।'

# हिमाचल दिवस पर यादविंदर गोमा होंगे मुख्यातिथि

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** जिला स्तरीय हिमाचल दिवस को भव्य रूप से मनाने के लिए डीसी कार्यालय केलांग के सम्मेलन कक्ष में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने की।

इस अवसर पर उन्होंने सभी विभागों को तैयारियों में कोई कसर न छोड़ने के निर्देश दिए। बैठक को संबोधित करते हुए डीसी किरण भड़ाना ने कहा, 'हिमाचल दिवस हमारे राज्य की सांस्कृतिक धरोहर और एकता का प्रतीक है। सभी विभाग इस अवसर को यादगार बनाने के लिए पूर्ण सहयोग करें तथा अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि आयुष मंत्री हिमाचल प्रदेश सरकार यादविंदर गोमा मुख्यातिथि के रूप में इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे तथा राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे। विभागवार जिम्मेदारियां स्पष्ट करते हुए उपायुक्त ने लोक निर्माण विभाग



हिमाचल दिवस के आयोजन को लेकर अधिकारियों से चर्चा करती हुई डीसी किरण भड़ाना। अनंत ज्ञान

**◆ डीसी किरण भड़ाना ने दिए तैयारियों के निर्देश**

को मंच पर बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने, बिजली विभाग को कार्यक्रम के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश दिए। साडा को संपूर्ण परिसर की स्वच्छता तथा जलशक्ति विभाग को पर्याप्त स्वच्छ जल आपूर्ति का दायित्व सौंपा गया। पुलिस विभाग एवं वन विभाग को परेड तथा मार्च पास्ट में सक्रिय भागीदारी के आदेश दिए। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी, जिनमें वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय केलांग, प्राथमिक विद्यालय केलांग तथा केंद्रीय विद्यालय के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे।

इसके अतिरिक्त, लायजन अधिकारी एवं स्वागत समिति का गठन भी कर दिया गया है, जो अतिथियों का पारंपरिक स्वागत सुनिश्चित करेगी। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए जाने के भी निर्देश दिए गए। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक लाहौल स्पीति शिवानी मेहला, एसडीएम कुनिका एकर्स, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रोशन लाल, बीडीओ डॉ. विवेक गुलरिया, तहसीलदार केलांग विकास कुमार, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग अजय गुप्ता, वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता बिजली सूर्या शर्मा, जिला आयुष अधिकारी डॉ. नताशा ठाकुर, डीपीओ (आईसीडीएस) संजय डोगरा, उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा, प्रधानाचार्य केंद्रीय विद्यालय केलांग तथा अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पेड़ गिरने से पठानकोट भरमौर मार्ग पर लगा जाम

**देशराज कश्यप, अनंत ज्ञान, धरवाला।** पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे पर बुधवार सुबह बड़ा व्यवधान उत्पन्न हो गया, जब बग्गा रूंगड़ी के पास एक विशालकाय पेड़ अचानक सड़क पर गिर पड़ा।

इस घटना के चलते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं व यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। स्थानीय निवासी राजेश शर्मा, बालकृष्ण, सोनू व गुतला देवी ने बताया कि सुबह करीब 8:30 बजे यह भारी भरकम पेड़ सड़क पर आ गिरा, जिससे वाहनों की आवाजाही थम गई। अचानक हुए इस घटनाक्रम से दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों, स्कूली स्टूडेंट्स व अन्य यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी भी प्रकार का जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। वहीं, छोटे वाहनों के लिए मार्ग आंशिक रूप से खुला रखा गया, जिससे कुछ हद तक आवागमन जारी रहा। खबर लिखे जाने तक विभागीय कर्मचारियों, स्थानीय लोगों व बस चालकों द्वारा पेड़ को हटाने का प्रयास जारी था, ताकि जल्द से जल्द यातायात को सुचारू रूप से बहाल किया जा सके।

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं, खूब राम** (68) निवासी गांव जनौल, डाकघर निहरी तहसील निहरी जिला मंडी हिमाचल प्रदेश पिन-175038 घोषणा करता हूं कि मेरे बेटे 37 आरआर (पीबी) के हवलदार बिहारी लाल (नंबर-2501478Y) के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम खूब राम (Khoob Ram) गलत दर्ज है। आधार कार्ड के अनुसार मेरा सही नाम खूब राम (Khub Ram) है। सभी संबंधित नोट करें।

**OFFICE OF THE MARRIAGE OFFICER CUM SUB DIVISIONAL MAGISTRATE NAGROTA BAGWAN DISTT. KANGRA HP INDIA**

**1.** Sh. Rajat Chaudhari aged 31years s/o Sh. Baldev Kumar R/o Vill. Jassour PO Rounkhar Tehsil Nagrota Bagwan Distt. Kangra H.P. **2.** Nikita Mangar aged 28years d/o Sh.Ran Mangar r/o Vill. Upper pudung, Pudung Kashmahal PO Pudung Tehsil Kalimpong Distt. Kalimpong Udhampur West Bengal-734301.

**Versus**

**General Public**

**Subject-** Notice under Special Marriage Act 1954 for Solemnization of Marriage.

Whereas the above said applicants have submitted an application u/s 16 of Special Marriage Act 1954. Wherein it is stated that they have solemnized their Marriage on 24-02-2026 at Mansa Devi Temple Chamunda Tehsil Dharamshala Distt. Kangra" in accordance with Hindu Right & Customs and now they are living together as husband and wife since then. They have requested for registration of their marriage under section 16 of special marriage Act 1954.

So therefore this notice is hereby issued to the General Public and all the persons related to them and if any person has any objection regarding the registration of the above said marriage, then he/she may submit his/her objection in this office within 30 days from the issue of this notice. Otherwise failing of which this application of marriage will be accepted and order in this regard will issued accordingly.

Issued today on 6/4/2026 under my hand and seal of the court.

**Marriage Officer-Cum Sub Divisional Magistrate Nagrota Bagwan**

# एनसीसी कैडेट्स के अनुशासन की जमकर सराहना

अनंत ज्ञान

**चंबा।** एनसीसी 9 एचपी बटालियन, डलहौजी में बुधवार को ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर हरप्रीत सिंह का गरिमामय दौरा एवं निरीक्षण हुआ। इस दौरान अर्नी विश्वविद्यालय के सीनियर डिवीजन कैडेट्स द्वारा दिया गया शानदार गार्ड ऑफ ऑनर कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा, जिसने कैडेट्स के अनुशासन, समर्पण और उच्च स्तरीय प्रशिक्षण की झलक पेश की।

कार्यक्रम की शुरुआत कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जेएस कौशल की विस्तृत और प्रभावशाली ब्रीफिंग से हुई। उन्होंने चंबा जिले की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद एनसीसी द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्यों, उपलब्धियों और युवाओं को सैन्य प्रशिक्षण के साथ-साथ अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्र सेवा के लिए तैयार करने की दिशा में निभाई जा रही भूमिका को प्रमुखता से रखा। उन्होंने बताया कि भरमौर, तीसा, चंबा, ककीरा, इंदौरा और नूरपुर जैसे दूरस्थ क्षेत्रों में भी एनसीसी के माध्यम से युवाओं को



डलहौजी में ब्रिगेडियर हरप्रीत सिंह का निरीक्षण। अनंत ज्ञान

सशक्त किया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न एएनओ द्वारा विद्यालय स्तर पर संचालित गतिविधियों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गईं। ब्रिगेडियर हरप्रीत सिंह ने कैडेट्स के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया और परेड लाइन का बारीकी से निरीक्षण किया। अपने संबोधन में उन्होंने सैन्य मूल्यों—अनुशासन, समर्पण, नेतृत्व और राष्ट्रभक्ति—को युवाओं के जीवन का आधार बताते हुए कहा कि एनसीसी एक सशक्त मंच है, जो युवाओं को जिम्मेदार और सक्षम नागरिक बनाता है। उन्होंने पीआई स्टाफ को निर्देश दिए कि प्रशिक्षण में गुणवत्ता, कठोरता और व्यावहारिकता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। साथ ही आपदा प्रबंधन और जीवन कौशल से जुड़े प्रशिक्षण को और अधिक मजबूत करने पर भी जोर दिया।

कार्यक्रम के दौरान तीन एएनओ—सेफाली (विजय मेमोरियल स्कूल), सुनील कुमार (राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डलहौजी) और नरेश (केन्द्रीय विद्यालय चमेरा)—को सेकंड ऑफिसर के पद पर पदोन्नत किया गया। इस मौके पर अर्नी विश्वविद्यालय के एसडी लेफ्टिनेंट रोहित कुमार भी मौजूद रहे। इस अवसर पर कर्नल जे.एस. कौशल, प्रशासनिक कर्नल बी.जे.एस. सिंधु, सूबेदार जोगिंदर, सूबेदार सुरिंदर, हवलदार राजिंदर कुमार सहित समस्त पीआई स्टाफ उपस्थित रहा। समापन पर ब्रिगेडियर हरप्रीत सिंह ने एनसीसी 9 एचपी बटालियन के अनुशासन, समर्पण और उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि यह यूनिट भविष्य में भी उत्कृष्टता के नए आयाम स्थापित करती रहेगी।

# मनमोहन सिंह ने छात्रों के समग्र विकास में कौशल शिक्षा के महत्व पर दिया बल

अनंत ज्ञान

**चंबा।** भारती एयरटेल फाउंडेशन एवं समग्र शिक्षा हिमाचल प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में लाइफ स्किल्स अंडर माइंडफुलनेस विषय पर दो दिवसीय रिसोर्स टीम के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के समापन सत्र की अध्यक्षता सहायक आयुक्त मनमोहन सिंह ने की। इस दौरान सहायक आयुक्त ने कहा कि जीवन में कौशल शिक्षा विद्यार्थियों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ऐसे कार्यक्रम छात्रों में आत्मविश्वास, संवेदनशीलता और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं, जिससे वे भविष्य की चुनौतियों का बेहतर सामना कर सकें। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालयों में कक्षा छठी से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए जीवन कौशल आधारित शिक्षा को प्रभावी रूप से लागू करना है। क्षेत्रीय प्रमुख, भारती एयरटेल



भारती एयरटेल फाउंडेशन एवं समग्र शिक्षा हिमाचल प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न। अनंत ज्ञान

फाउंडेशन परवीन चौधरी ने कहा कि लाइफ स्किल्स अंडर माइंडफुलनेस कार्यक्रम के माध्यम से हमारा उद्देश्य दैनिक शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में आवश्यक जीवन कौशलों को शामिल करना है।

शिक्षकों को उचित उपकरणों और दृष्टिकोणों से सशक्त बनाकर यह पहल विद्यार्थियों को भावनात्मक रूप से जागरूक, आत्मविश्वासी और जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में कार्य करती है। इस अवसर पर शिक्षा विभाग एवं भारती एयरटेल फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार साझा किए तथा बताया कि यह पहल विद्यार्थियों में भावनात्मक जागरूकता, आलोचनात्मक सोच एवं आत्म-नियंत्रण जैसी महत्वपूर्ण क्षमताओं के विकास में सहायक सिद्ध होगी। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के माध्यम से प्राप्त ज्ञान को अपने-अपने विद्यालयों में लागू करने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके। इस अवसर पर उपनिदेशक विकास महाजन, ओऐसडी उमाकांत सहित भारती एयरटेल फाउंडेशन के विभिन्न पदाधिकारी शामिल रहे।

**त्योहार** साल की गति के पड़ाव हैं, जहां भिन्न-भिन्न मनोरंजन हैं, भिन्न-भिन्न आनंद हैं, भिन्न-भिन्न क्रीडास्थल हैं।

-बरुआ

## संपादकीय

# जागरूक वोटर व स्वच्छ राजनीति

हिमाचल प्रदेश में प्रस्तावित पंचायत चुनावों को लेकर प्रदेश का राजनीतिक वातावरण पूरी तरह से चुनावी हो चुका है। आरक्षण रोस्टर जारी होते ही संभावित उम्मीदवारों की गतिविधियां तेज हो गई हैं और गांव-गांव में चुनावी चर्चा शुरू हो गई है। भले ही पंचायत चुनाव औपचारिक रूप से किसी राजनीतिक दल के चिन्ह पर नहीं लड़े जाते, लेकिन यह किसी से छिपा नहीं है कि राजनीतिक दलों की अप्रत्यक्ष भूमिका इन चुनावों में काफी प्रभावशाली रहती है। यही कारण है कि इन चुनावों को केवल स्थानीय स्तर तक सीमित मानना उचित नहीं होगा, बल्कि इन्हें भविष्य की व्यापक राजनीतिक दिशा तय करने वाला माना जाता है। प्रदेश में वर्तमान कांग्रेस सरकार को लगभग साढ़े तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा हो चुका है। ऐसे में यह चुनाव सरकार के कामकाज पर जनता की पहली बड़ी प्रतिक्रिया के रूप में भी देखे जा रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पंचायत चुनावों के परिणाम आगामी विधानसभा चुनावों की पृष्ठभूमि तैयार करते हैं। जिस दल से जुड़े अधिक उम्मीदवार जीत हासिल करते हैं, उस दल का मनोबल बढ़ता है और वह आगामी चुनावों में बढ़त बना सकता है। हिमाचल प्रदेश की राजनीति में एक विशेष प्रवृत्ति यह भी रही है कि यहां सत्ता परिवर्तन का क्रम लगभग हर पांच वर्ष में देखने को मिलता है। कभी कांग्रेस तो कभी भाजपा सत्ता में आती है और सरकारों का लगातार दोहराव बहुत कम देखने को मिला है। ऐसे में इस बार के पंचायत चुनावों का महत्व और भी बढ़ जाता है।

इन चुनावों के संदर्भ में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की ओर से लिए गए कुछ महत्वपूर्ण निर्णयों ने भी व्यापक चर्चा को जन्म दिया है। विशेष रूप से नशे खासकर चिट्टे के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों और अवैध कब्जाधारियों को चुनाव लड़ने से रोकने का निर्णय एक सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है। यह कदम न केवल राजनीति को स्वच्छ बनाने की दिशा में है, बल्कि समाज को यह संदेश भी देता है कि जनप्रतिनिधि बनने के लिए व्यक्ति का चरित्र और आचरण भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना उसका जनाधार। यदि ऐसे तत्वों को चुनावी प्रक्रिया से बाहर रखा जाता है, तो निश्चित रूप से लोकतंत्र की गुणवत्ता में सुधार होगा। हालांकि, केवल सरकार या प्रशासन के प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति मतदाताओं के हाथ में होती है। मतदाताओं को भी यह समझना होगा कि उनका एक वोट आने वाले पांच वर्षों की दिशा तय करता है। कई बार देखा जाता है कि चुनावों के दौरान कुछ उम्मीदवार मतदाताओं को लुभाने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रलोभनों का सहारा लेते हैं। भोजन, उपहार या अन्य छोटी-छोटी सुविधाएं देकर समर्थन हासिल करने की कोशिश की जाती है। यह प्रवृत्ति न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करती है, बल्कि गलत व्यक्तियों को सत्ता तक पहुंचाने का रास्ता भी बनाती है।

जो मतदाता थोड़े से लालच में आकर अपना वोट बेच देते हैं, वे अंततः स्वयं ही नुकसान उठाते हैं। ऐसे प्रतिनिधि सत्ता में आने के बाद जनसेवा के बजाय अपने स्वार्थों की पूर्ति में लग जाते हैं। यह स्थिति एक प्रकार से उन्हें पांच वर्षों तक मनमानी करने का अवसर देने के समान है। इसलिए यह अत्यंत आवश्यक है कि मतदाता पूरी जागरूकता और विवेक के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इसके साथ ही यह भी जरूरी है कि समाज में ईमानदार, योग्य और साफ-सुथरी छवि वाले लोगों को आगे बढ़ने का अवसर मिले। राजनीति को यदि वास्तव में सेवा का माध्यम बनाना है, तो इसमें ऐसे लोगों की भागीदारी बढ़ानी होगी जो समाज के प्रति जिम्मेदारी का भाव रखते हों। पंचायत स्तर पर चुने गए प्रतिनिधि ही आगे चलकर बड़े राजनीतिक मंचों तक पहुंचते हैं, इसलिए इस स्तर पर सही चयन और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है।

हिमाचल में, जहां सामाजिक संरचना अपेक्षाकृत सरल और सामुदायिक जीवन मजबूत है, वहां पंचायतों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ये संस्थाएं केवल प्रशासनिक इकाइयां नहीं हैं, बल्कि स्थानीय विकास और जनभागीदारी की आधारशिला हैं। यदि पंचायतों में योग्य और ईमानदार प्रतिनिधि चुने जाते हैं, तो विकास योजनाओं का सही क्रियान्वयन संभव हो पाता है। यह कहा जा सकता है कि आगामी पंचायत चुनाव हिमाचल प्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर हैं। मुख्यमंत्री की ओर से लिए गए सख्त निर्णयों ने एक सकारात्मक शुरुआत की है, लेकिन इसकी सफलता तभी सुनिश्चित होगी जब मतदाता भी अपनी जिम्मेदारी को समझें और प्रलोभन से दूर रहकर सही उम्मीदवार का चयन करें। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र | **आज की प्रमुख हस्ती**

## घुमक्कड़, बहुभाषाविद और चिंतक

**राहुल** सांकृत्यायन हिंदी यात्रा साहित्य के जनक माने जाते हैं। उनका जन्म 9 अप्रैल 1893 को उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में हुआ। उनका मूल नाम केदारनाथ पांडे था, जो बाद में बौद्ध धर्म अपनाने पर 'राहुल' हुआ। वे एक महान घुमक्कड़, बहुभाषाविद और चिंतक थे, जिन्होंने तिब्बत, श्रीलंका, यूरोप और सोवियत संघ तक व्यापक यात्राएं कीं।



**राहुल सांकृत्यायन**
**जन्म :** 9 अप्रैल, 1853
**मृत्यु :** 14 अप्रैल, 1963

राहुल सांकृत्यायन का जीवन निरंतर ज्ञान-खोज और परिवर्तन का प्रतीक रहा। प्रारंभ में वे सनातन परंपरा से जुड़े, फिर आर्य समाज, बौद्ध धर्म और अंततः मार्क्सवाद की ओर अग्रसर हुए। उन्होंने पाली, संस्कृत, तिब्बती, चीनी सहित अनेक भाषाओं का अध्ययन किया और बौद्ध ग्रंथों पर महत्वपूर्ण शोध किया। उनका मानना था कि घुमक्कड़ी मनुष्य के मानसिक और बौद्धिक विस्तार का सर्वोत्तम साधन है। इसी विचार को उन्होंने 'घुमक्कड़ शास्त्र' में व्यक्त किया। वे केवल पर्यटक नहीं, बल्कि गहरे अध्ययनशील विद्वान थे, जिन्होंने अपने अनुभवों को साहित्य में रूपांतरित किया।

राजनीतिक रूप से भी वे सक्रिय रहे और स्वतंत्रता आंदोलन व किसान आंदोलनों में भाग लिया। जेल प्रवास के दौरान भी उन्होंने महत्वपूर्ण ग्रंथों की रचना की। उनकी लेखनी अत्यंत प्रखर और सरल थी, जिससे जटिल विषय भी सहज बन जाते थे।

राहुल सांकृत्यायन ने लगभग 150 से अधिक ग्रंथों की रचना की, जिनमें इतिहास, दर्शन, यात्रा-वृत्तांत और समाजशास्त्र प्रमुख हैं। उन्हें 1958 में साहित्य अकादमी पुरस्कार और 1963 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। 14 अप्रैल 1963 को उनका निधन हुआ। उनका जीवन ज्ञान, साहस और निरंतर खोज की प्रेरणा देता है। ■



कविता

## जनसंख्या का कहर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र
वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन, ऊना (हि.प्र.)
मोबाइल : 94172-80333

**बढ़** रहा है जनसंख्या का कहर, यह है बेहद विस्फोटक लहर
धरा पर बढ़ रहा है अनियंत्रित बोझ, बेरोजगारी, भुखमरी का हो रहा शोर
चारों ओर भीड़तंत्र का है घमासान, जीव-जंतु भी हो रहे हैं परेशान
प्रकृति पुकार कर कह रही है, अरे मूर्ख नादान संभल जाओ
भविष्य की होगी यह दुश्मन, कट जाएंगे जब विशाल जंगल
होगा तब संपत्ति के लिए दंगल, फैल जाएगा घनघोर अंधकार
नशे का होगा व्यापक व्यापार, मां-बाप होंगे तब यहां लाचार
रोक लो जनसंख्या का कहर, नहीं तो भुगतने पड़ेंगे दुष्परिणाम
न होना फिर तुम हैरान....क्यों बन रहे हो तुम अनजान
समस्त संसार हो एकजुट, तभी होगा इसका तब समाधान
दूषित वातावरण से मिलेगी निजात, तभी हम सब को मिलेगी राहत

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# ड्रॉपआउट से मुख्यधारा तकः पांच वर्षीय साक्षरता मिशन की नई पहल

देश में समाज का हर वर्ग पूरी तरह साक्षर हो। इसके लिए आगामी पांच वर्ष की योजना तैयार की जा रही है। इसके माध्यम से बीच में किसी कारण पढ़ाई छोड़ने वाले विद्यार्थियों को फिर से शिक्षा के साथ जोड़ने की योजना है।



डॉ. नितिका शर्मा
भोरंज, हमीरपुर, (लेखिका हि.प्र. केंद्रीय विवि की शोधार्थी रही हैं)
nitikasharma2291@gmail.com
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, राष्ट्रीय मुक्त शिक्षा संस्थान ने विभिन्न कारणों से स्कूली पढ़ाई बीच में छोड़ने वालों का शत-प्रतिशत सकल नामांकन अनुपात का व्यापक लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए पूरे देश में पढ़ाई बीच में छोड़ने वाले विद्यार्थियों पारदर्शी और डिजिटल रूप से भी निगरानी के लिए एक कार्यक्रम संचालित किया जाएगा।

इस व्यापक लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जवाबदेही और मापने योग्य परिणामों को सुनिश्चित करने की योजना है, ताकि इसके से मुक्त साक्षरता अवसंरचना को मजबूत कर रहा है और वर्ष 2030 तक शत-प्रतिशत सकल नामांकन अनुपात प्राप्त किया जा सके। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विकसित भारत-2047 की विजन को साकार करने और आत्मनिर्भर भारत की नींव को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आने वाले समय में शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग (डीओएसईएल) स्कूल से बाहर और स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की पहचान करने और उन्हें नामांकित करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करने जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 में वर्ष 2030 तक प्री-स्कूल से माध्यमिक स्तर तक शत-प्रतिशत सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। हालांकि, आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार 14-18 वर्ष की आयु के लगभग 2 करोड़ बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं, जबकि कक्षा 3-8 के लगभग 11 प्रतिशत बच्चे स्कूल से बाहर हैं और प्रतिवर्ष 5 लाख से अधिक छात्र बोर्ड परीक्षाओं में असफल हो जाते हैं। शत-प्रतिशत सकल नामांकन अनुपात स्तर के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इन बच्चों को जल्द से जल्द शिक्षा प्रणाली में वापस लाना और आगे के ड्रॉपआउट को रोकना आवश्यक है।

आर्थिक, सामाजिक या भौगोलिक बाधाओं के कारण नियमित स्कूलों में जाने में असमर्थ बच्चों के लिए मुक्त शिक्षा एक व्यावहारिक विकल्प प्रदान करती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में विद्यार्थियों की निगरानी और उनके सीखने के स्तर पर




विशेष बल दिया गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे स्कूल में नामांकित हों, नियमित रूप से उपस्थित हों और यदि वे पिछड़ गए हों या स्कूल छोड़ चुके हों तो उन्हें पढ़ाई में पिछड़ने की भरपाई करने और पुनः प्रवेश पाने के उपयुक्त अवसर प्राप्त हों। इसी को ध्यान में रखते हुए, शिक्षा मंत्रालय, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सहयोग से, स्कूल से बाहर या स्कूल छोड़ चुके बच्चों से संपर्क करने का अभियान शुरू करेगा। एनआईओएस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ मिलकर संस्थागत सहयोग को मजबूत करने और स्कूल छोड़ चुके बच्चों के हित में काम करने के लिए एक विश्वसनीय और प्रामाणिक मुक्त शिक्षा प्रणाली को देश भर में बढ़ावा देने का प्रयास करेंगे। साथ ही देश के राज्य/केंद्र शासित प्रदेश सरकारों के जिला-स्तरीय सर्वेक्षणों से प्राप्त आंकड़ों की सहायता से एनआईओएस आगामी नामांकन अभियानों के लिए स्कूल से बाहर या स्कूल छोड़ चुके बच्चों की पहचान करने और उनसे संपर्क करने में सक्षम होगा। वंचित समूहों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए, एनआईओएस एनआईओएस मित्र कार्यक्रम शुरू करेगा, जो समुदायों को संगठित करने और नामांकन प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए डिजाइन की गई एक संरचित और प्रौद्योगिकी-आधारित पहल है। प्रशिक्षित प्रशिक्षक स्कूल से बाहर बच्चों की पहचान करेंगे और उन्हें परामर्श देंगे, उनके नामांकन में सहायता करेंगे और शैक्षणिक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे, जिसमें हाशिए पर रहने वाले, आदिवासी, प्रवासी, अल्पसंख्यक और आर्थिक रूप से वंचित समूहों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जवाबदेही और मापने योग्य परिणामों को सुनिश्चित करने के लिए यह कार्यक्रम एक पारदर्शी और डिजिटल रूप से निगरानी प्रणाली के अंतर्गत संचालित होगा। इस अभियान को शिक्षा मंत्रालय स्कूली शिक्षा में पहुंच, गुणवत्ता और मानकीकरण को मजबूत करने पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा है, जिसमें मुक्त शिक्षा प्रणालियों की प्रभावशीलता में सुधार करना भी शामिल है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 10,800 से अधिक अध्ययन एवं परीक्षा केंद्रों के साथ, एनआईओएस एक ऐसा मंच प्रदान करता है जो सामाजिक, आर्थिक या व्यक्तिगत परिस्थितियों के कारण लचीलेपन की आवश्यकता वाले बड़ी संख्या में शिक्षार्थियों को मुख्यधारा में लाने में सक्षम है।

इन प्रयासों को आगे बढ़ाने और विश्वसनीयता एवं पारदर्शिता को मजबूत करने के लिए, मंत्रालय एनआईओएस के माध्यम से राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ मिलकर प्रत्येक ब्लॉक में कम से कम एक एनआईओएस अध्ययन एवं परीक्षा केंद्र स्थापित करने के लिए काम करेगा। जिसके परिणाम आने वाले समय में देखने को मिलेगें, जो विकसित भारत बनाने की दिशा में एक सार्थक पहल होगी।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# हिमाचल की शिक्षा में बदलाव : सीबीएसई मॉडल आखिर कितना सही?

अभी हाल में ही हिमाचल सरकार ने शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए राज्य के चुनिंदा सरकारी स्कूलों में सीबीएसई पाठयक्रम को अपनाने का निर्णय लिया है और इसके तहत अब तक 150 से अधिक स्कूलों को चरणबद्ध तरीके से जोड़ा जा चुका है।



राकेश सिंह मिन्हास
एजीएम, केसीसी बैंक, डाडासीबा
मोबाइल : 9816053088
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

सरकार का यह कदम सराहनीय है और यह निर्णय धरातल पर सफल होता है तो चुनिंदा स्कूलों के विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार हो पाएंगे। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की स्थापना 1969 में हुई थी और पिछले 56 वर्षों से यह संस्था माध्यमिक/उच्च माध्यमिक परीक्षाएं आयोजित करने वाली प्रमुख संस्था है जो यह 8,000 से अधिक सरकारी और निजी संबद्ध स्कूलों के लिए पाठ्यक्रम, पाठ्य पुस्तकें और परीक्षा परिणाम जारी करता है। यदि पाठ्यक्रम को देखा जाए तो दोनों बोर्डों में एनसीईआरटी का ही पाठ्य, म पढ़ाया जाता है। सीबीएसई और हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के बीच मुख्य अंतर पाठ्यक्रम की गहराई, परीक्षा पैटर्न और मान्यता में है। सीबीएसई राष्ट्रीय स्तर पर केंद्रित है, जो एनसीईआरटी पुस्तकों और वैचारिक समझ पर जोर देता है, जबकि हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड मुख्य रूप से राज्य-आधारित शिक्षा और सैद्धांतिक ज्ञान पर केंद्रित है।

सीबीएसई परीक्षा में विश्लेषणात्मक प्रश्नों की अधिकता होती है, जो उच्च शिक्षा के लिए बेहतर मानी जाती है, जबकि स्कूल शिक्षा बोर्ड भी मुख्य रूप से एनसीईआरटी की किताबों का ही उपयोग करता है, लेकिन इसके प्रश्न अक्सर सीधे गाइड-आधारित होते हैं। सीबीएसई में व्यावहारिक शिक्षा और सतत मूल्यांकन पर जोर होता है, जबकि हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड में मुख्य रूप से थ्योरी परीक्षा पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है। यह सत्य है यदि प्रतियोगी परीक्षाओं और राष्ट्रीय स्तर पर




आगे बढ़ना है, तो सीबीएसई बेहतर विकल्प है। वहीं, स्थानीय शिक्षा, बोर्ड में अच्छे अंक, और राज्य-स्तरीय परीक्षाओं के लिए हिमाचल बोर्ड उपयुक्त हो सकता है।

सीबीएसई को जेईई, नीट और सीयूईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भारत में सर्वश्रेष्ठ स्कूल बोर्ड माना जाता है। सीबीएसई हिमाचल प्रदेश के बच्चों के लिए एक अच्छा विकल्प माना जा रहा है। इसके लागू होने से राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा, अंग्रेजी माध्यम, बेहतर प्रतियोगी परीक्षाओं और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों की सुविधा मिलेगी। हालांकि सरकार का सीबीएसई से संबद्ध का निर्णय बच्चों के भविष्य के लिए उचित है, लेकिन यह निर्णय कुछ प्रश्न भी खड़े करेगा। अब तक लगभग 150 के लगभग स्कूलों को ही चयनित किया गया है और सीबीएसई में और स्कूलों को भी शामिल किया जा रहा है। इसका मतलब चुनिदा विद्यार्थी ही सीबीएसई पाठ्यक्रम को अपना पाएंगे जो स्पष्ट रूप से एक ही राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों में भेदभाव की स्थिति पैदा करेगा। अचानक से नए पाठ्यक्रम में जाना भी बच्चों के लिए असहज हो सकता है। यदि सरकार इस निर्णय को चरणबद्ध तरीके से यानी प्राथमिक स्तर से शुरू करे तो इसका लाभ अत्यधिक हो सकता है। अचानक से बच्चों के बौधिक स्तर पर भार देना भी उचित नहीं है। सरकार के अचानक से लिए गए इस निर्णय का प्रदेश की जनता में विरोधाभास के स्वर भी सुनाई दे रहे हैं।

हाल में ही राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुनिहार को सीबीएसई का दर्जा देने और इसे राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ऊंचा गांव में मर्ज करने के फैसले के खिलाफ स्थानीय महिलाओं ने रैली निकाल कर इसका विरोध किया है। ऐसा ही विरोध और जगह भी देखने को मिल रहा है। कुछ मंचों से आवाज आ रही है कि सरकार सुनियोजित तरीके से स्कू शिक्षा बोर्ड को कमजोर कर रही है। उधर, अध्यापकों में यह रोष है कि अनुभव के बाद भी उन्हें फिर से परीक्षा देनी पड़ रही है। इस उचित फैसले को हिमाचल सरकार यदि चरणबद्ध तरीके से यानी प्राथमिक स्तर से अपनाती तो परिणाम उपयोगी हो सकते थे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सजग मतदाता, सशक्त लोकतंत्र : सोच-समझकर करें अपने मत का प्रयोग

ऐसा माना जा सकता है कि हमारे देश भारत का लोकतंत्र अब इतना परिपक्व तो हो ही चुका है कि हमें अब तो बिना किसी स्वार्थ और मनभेद के अपने बहुमूल्य वोट/मतदान का प्रयोग करना चाहिए।



करतार ठाकुर
फर्मासिस्ट, ओबड़ी, सुल्तानपुर, चंबा
मोबाइल : 9805026828
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

ऐसा करना ही होगा। सबसे पहली और अत्याधिक महत्वपूर्ण बात ये कि हर किसी को मतदान करना ही होगा। मतदान के दिन हम छुट्टी और पिकनिक मनाने जैसी मूढ़ता और लापरवाही कदापि नहीं कर सकते। पोलिंग बूथ तक तो जाना अनिवार्य है।

दुनिया के इस सबसे बड़े प्रजातंत्र भारत में मतदान करना हम सभी भारतीय नागरिकों का विशेष अधिकार तो है ही, लेकिन साथ ही हमारा बहुत बड़ा कर्तव्य भी है हमारे राष्ट्र के प्रति। भारतीय प्रजातंत्र के विशेष पर्व 'चुनाव' विभिन्न राज्यों में अब प्रारंभ होने ही वाले हैं। हिमाचल प्रदेश में भी बहु प्रतीक्षित पंचायती राज के चुनाव होने जा रहे हैं। सार्वजानिक स्थानीय विकास और देश की बहुमुखी प्रगति के लिए मतदान करते हुए, जाति, धर्म, क्षेत्र, लिंग, भाषा, विशेष राजनितिक मतभेद आड़े नहीं आने चाहिए।

सर्वत्र ऐसा देखने, जानने को मिल ही जाता है कि कुछ नाकाबिल तथा स्वार्थी लोग भी चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र भर देते हैं। फिर किसी अन्य विशेष उम्मीदवार के पक्ष में अपना नामांकन वापस ले लेते हैं। ऐसी परिस्थिति में ये बहुत प्रबल संभावना रहती ही है कि इन लोगों ने आपस में पैसों का या किसी अन्य वस्तुओं का अनैतिक, असंवैधनिक लेन-देन अवश्य ही किया है। भूलकर भी ऐसे लोगों को वोट नहीं देना चाहिए।

चुनाव से कुछ ही दिन पहले अपनी पार्टी छोड़ते हुए भागकर दूसरे राजनीतिक




दल में शामिल होने वाले उम्मीदवारों की जमानत भी जरूर जब्त करवानी चाहिए ।

किसी के भी पक्ष में मतदान करते समय ये अवश्य ही जान-पहचान लेना अनिवार्य है कि उस उम्मीदवार विशेष की शैक्षणिक, आर्थिक, व्यक्तिगत और सामाजिक स्थिति क्या है ?

उम्मीदवार का सामान्य और सामाजिक व्यवहार भी ध्यान में रखना बहुत आवश्यक है। उस उम्मीदवार की संभावित योग्यता और कार्यक्षमता का भी विशेष ध्यान रखकर आकलन किया जाना भी बहुत आवश्यक है। जनता के सहयोग तथा समर्थन सहित सत्ता, सेवाकार्य प्राप्त करना काफी कठिन कार्य है । और सत्ता तथा शक्ति पाकर उसे उचित रूप से संभालना तो और भी बहुत कठिनाई तथा बड़ा चुनौतीपूर्ण कार्य है। बड़े सामर्थ्य और शक्ति के साथ बहुत बड़ी जिम्मेदारी भी आती है ईमानदारी व समर्पण सहित निभाने के लिए।

देश की समस्त जनता को चाहिए कि स्वार्थ और सत्ता के मद में आकंठ डूबे राजनीतिक उम्मीदवारों को भी कड़ा और कभी न भूलने वाला सबक सिखाए। ये सुनिश्चित करना भी बहुत जरूरी है कि भ्रष्ट, अनैतिक और दुष्ट लोग समाजसेवा के नाम पर उनकी अपनी तिजोरी को भरने का धंधा नहीं बना पाएं।

निसंदेह, हमारे चुने हुए उम्मीदवार उच्च शिक्षित, योग्य, समर्थ, ईमानदार तथा देश व समाजसेवा को पूर्णतः समर्पित तो होने ही चाहिए। निरंतर सतर्कता ही स्वाधीनता का मूल्य है। सावधानी हटी, तो सामाजिक दुर्घटना घटी। ये हमारे देश के लोकतंत्र में कितनी ही सुखद अनुभूति है कि शांति और सौहार्द सहित केवल मात्र मतदान करके ही हम बड़े-बड़े धुरंधरों को भी सत्ता में ला भी सकते हैं और उन्हें हटा भी सकते हैं।

यदि हमें अपने संविधान, स्वतंत्रता, अधिकारों और पारदर्शी लोकतंत्र की सुरक्षा करनी है तो हमें बहुत ही सावधानी, सतर्कता, निस्वार्थ और सजगता के साथ अपने बहुमूल्य मत का प्रयोग करना है। तभी हमारे देश का प्रजातंत्र और ज्यादा सार्थक, समर्थ और सशक्त होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# ज्योतिष और अध्यात्म : सनातन सत्य को समझने का व्यावहारिक आधार

आज के दौर में एक अजीब विडंबना देखने को मिल रही है। एक ओर हम आधुनिकता और विज्ञान की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर अपनी ही हजारों वर्षों पुरानी ज्ञान परंपरा को बिना समझे खारिज करने की होड़ लगी हुई है। ज्योतिष और अध्यात्म भी इसी बहस के केंद्र में हैं, जिन्हें कुछ लोग अंधविश्वास बताकर नकारने में लगे हैं।



शिशु गुप्ता
स्वतंत्र लेखक, चंबा
मोबाइल : 9857494907
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

बेशक कुछ आध्यात्मिक गुरु और योग गुरु, भी ज्योतिष का समुचित ज्ञान न होने के कारण ग्रहों के जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव को नकारते हैं, लेकिन यह नकारना समाधान नहीं है। बेहतर होगा कि वे ज्योतिष का गहन अध्ययन करें, क्योंकि जब तक 'काल' और 'कर्मफल' के वैज्ञानिक आधार को नसमझा जाएगा, तब तक अध्यात्म की यात्रा भी अधूरी ही रहेगी।

यहीं एक और महत्वपूर्ण पक्ष सामने आता है। वास्तव में, जब साधक ज्योतिष के माध्यम से समय की प्रकृति को समझ लेता है, तब उसकी साधना और अधिक सटीक और प्रभावशाली हो जाती है। उसे यह स्पष्ट होने लगता है कि कब साधना का प्रभाव अधिक होगा, कब धैर्य रखना चाहिए और कब प्रयासों को और तीव्र करना आवश्यक है, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या वास्तव में ये केवल आस्था के विषय हैं, या फिर इनके पीछे कोई ठोस आधार भी है?

भारतीय सनातन दर्शन में अध्यात्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है। यह जीवन के गहरे सत्य-आत्मा, कर्म और समय को समझने की प्रक्रिया है। भगवद गीता का स्पष्ट संदेश है कि मनुष्य कर्म करता है, लेकिन उसका फल समय के अनुसार प्राप्त होता है। अब यही 'समय' क्या है, इसे समझने का कार्य ज्योतिष करता है।

वेदों ने ज्योतिष को 'वेदचक्षु' कहा है- अर्थात वह दृष्टि, जो अदृश्य को भी देखने की क्षमता देती है। बृहद पाराशर होरा



शास्त्र जैसे ग्रंथ यह बताते हैं कि जन्म कुंडली केवल ग्रहों की स्थिति नहीं, बल्कि व्यक्ति के संचित कर्मों का प्रतिबिंब है। यह कोई कल्पना नहीं, बल्कि निरंतर अनुभव और परीक्षण से विकसित एक व्यवस्था है।

यदि इसे व्यावहारिक दृष्टि से देखें, तो जीवन की अनेक घटनाएं-अचानक आने वाले उतार-चढ़ाव, सफलता और असफलता के दौर-सिर्फ संयोग नहीं लगते। ज्योतिष इन घटनाओं को एक क्रम में समझाता है। यह बताता है कि कब कौन-सा समय अनुकूल है और कब सावधानी की आवश्यकता है। हमारे ग्रंथों में भी समय के महत्व को बार-बार रेखांकित किया गया है। रामायण से लेकर महाभारत तक, हर महत्वपूर्ण कार्य शुभ मुहूर्त में किया गया। महाभारत का युद्ध भी समय की गणना के अनुसार आरंभ हुआ-यह दर्शाता है कि हमारे पूर्वज समय और प्रकृति के संबंध को गहराई से समझते थे।

ज्योतिष को भाग्यवाद मानना एक भ्रम है। भारतीय परंपरा में कर्म को सर्वोपरि माना गया है, जबकि ज्योतिष केवल समय की अनुकूलता और चुनौतियों का संकेत देता है। जीवन में सफलता कर्म, काल और दैव के संतुलन पर निर्भर करती है। जैसे किसान सही मौसम में बीज बोकर बेहतर परिणाम पाता है, वैसे ही मनुष्य को भी समय के अनुसार प्रयास करना चाहिए। अध्यात्म हमें लक्ष्य का बोध कराता है, और ज्योतिष उस लक्ष्य तक पहुंचने का उचित समय व दिशा बताता है-दोनों का समन्वय ही जीवन में संतुलन और सफलता लाता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### 28 अप्रैल तक बंद रहेगा डल्ली-रखोह मार्ग

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** एसडीएम सरकाघाट राजेंद्र कुमार गौतम ने बताया कि लोक निर्माण विभाग मंडल सरकाघाट के अंतर्गत आने वाले सड़क मार्ग डल्ली-रखोह जनधरु-कोठी मार्ग पर निर्माण कार्य के चलते यातायात को अस्थायी रूप से बंद किया जाएगा। यह मार्ग 8 से 28 अप्रैल तक बंद रहेगा। आम जनता की सुविधा के लिए वैकल्पिक मार्ग के रूप में डबरोग-योह-बकारटा-गध्याणी-दारपा-डोडर-कलाहू मार्ग का उपयोग किया जाएगा। प्रशासन ने आम जनता से सहयोग की अपील करते हुए वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करने का अनुरोध किया है।

### छात्रों को स्वस्थ जीवन पर किया मार्गदर्शन



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सुंदरनगर की क्षेत्रीय प्रयोगशाला ने बीएसएल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी चमन लाल ने की। वर्ष 2026 की थीम 'सभी के लिए साथ मिलकर - विज्ञान के साथ खड़े रहें' पर विशेष जोर दिया गया। कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी पूजा शर्मा ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के बीच संबंध के बारे में जानकारी दी और प्रदूषण के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय प्रशासन ने इसे उपयोगी बताया और विद्यार्थियों को स्वच्छता, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### पधर किसान मेले में वन-वे व्यवस्था लागू

**अनंत ज्ञान, कविता, पधर।** जिला स्तरीय किसान मेले के मद्देनज़र पधर क्षेत्र में 15 से 19 अप्रैल तक यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। एसडीएम पधर एवं मेला कमेटी अध्यक्ष सुरजीत सिंह के आदेशानुसार पधर बाजार के मुख्य मार्गों पर वन-वे सिस्टम लागू रहेगा। मेले के दौरान पधर चौक से सिविल अस्पताल चौक होते हुए वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तक भारी भीड़ के कारण अक्सर जाम और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। इसी को देखते हुए प्रशासन ने यह कदम उठाया है। नई व्यवस्था के तहत पधर चौक से सिविल अस्पताल चौक की ओर वाहनों का आवागमन एकतरफा रहेगा, जबकि वापसी के लिए नौहली मार्ग निर्धारित किया गया है। प्रशासन ने लोगों से नियमों का पालन कर सहयोग करने की अपील की है।

### जिला स्तरीय किसान मेले में होगा देव आगमन

**अनंत ज्ञान, पधर।** पधर में 15 अप्रैल से पांच दिवसीय जिला स्तरीय किसान मेला आरंभ हो रहा है, जिसमें क्षेत्र के आराध्य देव सूत्रधारी ब्रह्मा सहित अन्य देवी-देवताओं का आगमन भी होगा। इस अवसर पर रेस्ट हाउस डलाह के समीप स्थित चामुंडा माता मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। पुजारी प्रकाश चंद और भक्त मोहन ठाकुर ने बताया कि भंडारा देवताओं के आगमन के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाता है और इसमें कारकूनों तथा आम जनता के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई है। सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं, ताकि श्रद्धालु सुचारू रूप से प्रसाद ग्रहण कर सकें। आयोजन क्षेत्र की धार्मिक परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से भंडारे में शामिल होने का आग्रह किया।

### सीएपीएफ बिल के खिलाफ प्रदर्शन आज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश भूतपूर्व अर्धसैनिक कल्याण समिति की आपात बैठक अध्यक्ष एसएस हाटा (पूर्व आईजी) की अगुवाई में आयोजित हुई, जिसमें सीएपीएफ (General Administration) बिल 2026 के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया गया। सदस्यों ने आरोप लगाया कि यह बिल सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विपरीत है और इसे संसद में विपक्ष के विरोध के बावजूद पारित किया गया। बैठक में 9 अप्रैल को दिल्ली में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करने और बिल को वापस लेने की मांग उठाने का निर्णय लिया गया। साथ ही, इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने की भी घोषणा की गई। समिति ने देशभर में नियमित विरोध प्रदर्शन करने और पुरानी पेंशन योजना सहित अन्य लंबित मांगों को भी प्रमुखता से उठाने का संकल्प लिया।

### मुंह-खुर रोग टीकाकरण अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी जिले में पशुपालन विभाग ने गाय और भैंस को मुंह-खुर रोग से बचाने के लिए विशेष टीकाकरण अभियान शुरू किया है। उपनिदेशक डॉ. मुकेश महाजन ने बताया कि यह अभियान 16 मई, 2026 तक चरणबद्ध तरीके से पूरे जिले में चलेगा और विभाग के कर्मचारी घर-घर जाकर निःशुल्क टीका लगाएंगे। सभी पशुओं का पंजीकरण ऑनलाइन पोर्टल 'भारत पशुधन' पर अनिवार्य किया गया है। उन्होंने पशुपालकों को बीमारी के लक्षण–तेज बुखार, अत्यधिक लार, जीभ और खुर में घाव–पहचानने और संक्रमित पशु को अलग रखने की सलाह दी। नए पशुओं की जांच और पशुशाला की स्वच्छता व कीटाणुनाशक छिड़काव पर ध्यान देने की भी हिदायत दी गई। डॉ. महाजन ने टीकाकरण एवं डेटा प्रबंधन में सहयोग करने का विशेष आग्रह किया।

### अंडर-19 बालिका क्रिकेट टीम के ट्रायल 12 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला मंडी अंडर-19 लड़कियों की क्रिकेट टीम के चयन के लिए ट्रायल 12 अप्रैल को राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के खेल मैदान में सुबह 9 बजे आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ मंडी के अध्यक्ष अजय राणा ने दी। उन्होंने बताया कि इस चयन प्रक्रिया में वही खिलाड़ी भाग ले सकती हैं जिनका जन्म 1 सितम्बर 2007 या उसके बाद हुआ हो। चयन ट्रायल के संचालन के लिए एक समिति का गठन किया गया है, जो खिलाड़ियों का चयन करेगी। चयनित टीम चंडीगढ़ में अपने सभी मुकाबले खेलेगी, जहां मंडी की टीम अपना पहला मैच किन्नौर जिला की टीम के खिलाफ खेलेगी। इसके अलावा टीम बिलासपुर, शिमला, कांगड़ा, चंबा और किन्नौर की टीमों के साथ भी मुकाबले खेलेगी।

### औषधीय पौधों-आयुर्वेदिक चिकित्सा पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर क्षेत्र के स्योह गांव में आयुष आरोग्य ग्राम योजना के अंतर्गत आयुर्वेदिक विभाग मंडी, सरकाघाट ने जन-जागरूकता कार्यक्रम और स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। कार्यक्रम में औषधीय पौधों के महत्व, आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति और स्वास्थ्य संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया गया। आयुष वाटिका का उद्घाटन कर पौधारोपण और स्वर्ण प्राशन के माध्यम से बच्चों को इम्यूनिटी डोज दी गई। करीब 500 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर मधुमेह नियंत्रण, संतुलित आहार और जीवनशैली पर परामर्श दिया गया। अश्वगंधा जागरूकता अभियान के तहत पौधे वितरित किए गए और औषधीय उत्पादों की प्रदर्शनी आयोजित की गई। विशेषज्ञों ने वाइल्ड फूड प्लांट्स और औषधीय पौधों के पोषण व आर्थिक महत्व पर जानकारी साझा की। स्थानीय लोगों की उत्साही भागीदारी से कार्यक्रम सफल रहा।

### एचआरटीसी पेंशनरों से हो रहा सौतेला व्यवहार

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पथ परिवहन पेंशनर कल्याण संगठन के प्रांतीय प्रधान देव राज ठाकुर ने प्रदेश सरकार और निगम प्रबंधन पर पेंशनरों के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन समय पर नहीं मिलती, लीव इनकैशमेंट और ग्रेच्युटी लंबित रहती है, और चिकित्सा बिलों का भुगतान पिछले पांच वर्षों से नहीं किया गया। महासचिव नानक शांडिल ने पेंशनरों को 3 प्रतिशत महंगाई भत्ते (डीए) तुरंत जारी करने और समय पर पेंशन देने की मांग दोहराई। दोनों नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं, तो संगठन कड़ा कदम उठाएगा और आगामी पंचायत चुनावों में निगम प्रबंधन व चुनाव प्रक्रिया का बहिष्कार करेगा। संगठन ने सरकार से शीघ्र समाधान कर पेंशनरों को उनका हक देने की अपील की।

### पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक कल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन, गोपालपुर- खंड की बैठक 10 अप्रैल को सुबह 11 बजे, नानक चंद शर्मा, सेवानिवृत्ति उप- शिक्षा निदेशक, की अध्यक्षता में गौ सदन बतैल में आयोजित होगी। प्रैस सचिव, तेजनाथ शर्मा ने बताया कि बैठक में समस्त सेवानिवृत्त जन व मातृशक्ति की बिभिन्न महत्वपूर्ण मांगों,बिसंगतियों एवं मुद्दों पर विस्तृत चर्चा कर रुप रेखा तैयार कर निर्णय लिए जायेंगे। उन्होंने गोपालपुर खंड सरकाघाट के सेवानिवृत्त समस्त सदस्यों व पदाधिकारीयों से आग्रह कर अपील की जाती है कि निर्धारित समय व शुभ स्थली पर अपनी उपस्थिती सुनिश्चित करवाने की कृपा करें तथा नये हाल ही में सेवानिवृत्त सभी सदस्य भाग ले।

# उत्पीड़न से तंग आकर 22 वर्षीय युवती ने दी जान, आरोपी गिरफ्तार

## सीएचसी सुंदरनगर में ले रही थी प्रशिक्षण, आरोपी को आज कोर्ट में किया जाएगा पेश

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** पुलिस थाना सुंदरनगर के अंतर्गत रोपा में एक 22 वर्षीय युवती द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतका के परिजनों ने एक युवक पर मानसिक रूप से परेशान करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पुलिस थाना सुंदरनगर ने धारा 108 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता किशोर चंद (72) पुत्र सुका राम गांव रोपा डाकघर भोजपुर तहसील सुंदरनगर के बयान पर एफआईआर दर्ज हुआ है। शिकायतकर्ता के अनुसार उनकी दत्तक पुत्री दिव्य ज्योति सैनी (22) बीएससी नर्सिंग कर चुकी थी और इन दिनों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र यानी सीएचसी सुंदरनगर में प्रशिक्षण ले रही थी।

परिजनों ने बताया कि मृतका ने 6 अप्रैल को उन्हें बताया था कि चंडीगढ़ निवासी ललित नाम का युवक उसे लगातार फोन कर परेशान कर रहा था और मिलने के लिए दबाव बना रहा था। आरोप है कि उक्त युवक उसे चमुखा क्षेत्र स्थित एक होटल में भी ले गया था। बताया जा रहा है कि युवक की लगातार कथित प्रताड़ना से परेशान होकर युवती ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद जब परिजनों ने कमरे की तलाशी ली तो वहां से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है।

पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान ललित कुमार पुत्र दर्शन लाल निवासी गांव और डाकघर नरोट मेहरा तहसील पठानकोट के रूप में हुई है। शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है और पुलिस पूरे प्रकरण की जांच में जुट गई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और वीरवार को कोर्ट के समक्ष पेश किया जाएगा। एसपी मंडी विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस जांच कर रही है व आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### नवविवाहिता ने निगला जहर, उपचार जारी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** उपमंडल सुंदरनगर के बीएसएल कॉलोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत फंगवास में एक नवविवाहिता द्वारा जहरीला पदार्थ निगलने का मामला सामने आया है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में यादविंद्र गांव जाहडू, डाकघर रोहांडा ने बताया कि उनकी पुत्री स्नेहा की शादी बीते 9 फरवरी को फंगवास निवासी नील कमल के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करता था। इस संबंध में पहले भी थाना बीएसएल कॉलोनी में शिकायत दी गई थी, जिस पर आरोपी ने समझौता कर लिया था, लेकिन इसके बावजूद प्रताड़ना का सिलसिला जारी रहा। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि आरोपी के किसी अन्य महिला के साथ संबंध हैं, जिसके चलते वह उनकी बेटी को लगातार परेशान करता था। इसी से तंग आकर बीते मंगलवार को सनेहा ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन उसे तुरंत मेडिकल कॉलेज नैरचौक ले गए, जहां उसका उपचार जारी है। एसपी मंडी विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी ने एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

# मंडी-कुल्लू एनएच पर सुरक्षा दीवार दूसरी बार ढही, निर्माण पर सवाल

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, मंडी।** मंडी-कुल्लू राष्ट्रीय राजमार्ग पर 9 मील के समीप जागर नाला के पास सड़क किनारे बनाई गई सुरक्षा दीवार (डंगा) के गिरने का मामला सामने आया है, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। बताया जा रहा है कि करोड़ों रुपये की लागत से तैयार की गई यह दीवार दूसरी बार ढही है और हल्की बारिश में ही इसके गिरने से तकनीकी खामियों की चर्चा तेज हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अभी मानसून पूरी तरह शुरू भी नहीं हुआ है, जबकि थोड़ी बारिश ने ही निर्माण कार्य की पोल खोल दी है। पिछले वर्ष बरसात के दौरान मंडी-कुल्लू-मनाली क्षेत्र में सड़क मार्ग की स्थिति पहले ही खराब हो चुकी है, ऐसे में इस तरह की घटनाएं भविष्य में और नुकसान की आशंका को बढ़ा रही हैं। लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) के

◆ **जागर नाला के पास बने डंगे के गिरने से क्षेत्रवासियों में चिंता**

कार्यों पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि इस तरह की लापरवाही जारी रही तो क्षेत्र में सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना मुश्किल होगा। साथ ही यह मांग भी उठ रही है कि इस घाटी में फोरलेन सड़क निर्माण की व्यवहार्यता पर पुनर्विचार किया जाए और वैकल्पिक समाधान तलाशे जाएं, ताकि भविष्य में होने वाले संभावित नुकसान से बचा जा सके।

# गोपालपुर ब्लॉक : 318 वार्डों में से 210 पर एससी/एसटी और महिला आरक्षण

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी (नागरिक) सरकाघाट राजेंद्र कुमार गौतम ने उपमंडल सरकाघाट में आगामी पंचायत चुनावों के दृष्टिगत पंचायत वार्डों के आरक्षण को लेकर अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के अनुसार हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 तथा संबंधित चुनाव नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विकास खंड गोपालपुर की 50 पंचायतों के 318 वार्डों में से 210 वार्डों को अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), एससी महिला, एसटी महिला, महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। अन्य 108 वार्डों को अनारक्षित रखा गया है। यह आरक्षण संबंधित वर्गों की जनसंख्या के अनुपात के आधार पर निर्धारित किया गया है। एसडीएम राजेंद्र कुमार गौतम ने बताया कि पंचायत वार्डों में 126 सीटें महिलाओं के लिए, 55 सीटें अनुसूचित जाति की महिलाओं के लिए, 26 अनुसूचित जाति व 3 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है।

### जनसंख्या के आधार पर तय किया आरक्षण

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** विकास खंड गोपालपुर की पंचायत समिति के वार्डों के लिए आरक्षण सूची जारी कर दी गई है। यह अधिसूचना रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी (नागरिक) सरकाघाट राजेंद्र कुमार गौतम द्वारा जारी की गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार यह आरक्षण हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 तथा पंचायती राज चुनाव नियम 1994 के तहत किया गया है। इसमें अनुसूचित जाति (एससी), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), महिला तथा सामान्य वर्ग के लिए वार्डों का आरक्षण जनसंख्या के अनुपात में तय किया गया है। सूची के अनुसार कुल 27 वार्डों में विभिन्न श्रेणियों के लिए आरक्षण निर्धारित किया गया है। इनमें 4 वार्ड अनुसूचित जाति (महिला), 3 वार्डों को अनुसूचित जाति, 1 वार्ड ओबीसी (महिला), 1 वार्ड ओबीसी, 9 वार्ड महिलाओं तथा 9 वार्ड अनारक्षित रखे गए हैं।

### पुंघ में 413 ग्राम चरस सहित युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस थाना सुंदरनगर पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए पुंघ में नाकाबंदी के दौरान 413 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने इस मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम उप निरीक्षक दौलत राम के नेतृत्व में आरक्षी सतीश और कुलदीप के साथ पुंघ में नाके पर मौजूद थी। पुलिस टीम मंडी की ओर से आने वाले वाहनों की जांच की कर रही थी। इसी दौरान मणिकर्ण से हरिद्वार जा रही हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस नंबर एचपी- 18सी-4793 को जांच के लिए रोका गया। तलाशी के दौरान सीट नंबर- 29 पर बैठे एक युवक के बैग से 413 ग्राम चरस बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान दीपक ठाकुर पुत्र श्री राम चंद, निवासी गांव नताहन, डाकघर लारांकेलो, तहसील कुल्लू, जिला कुल्लू (हिमाचल प्रदेश), आयु 29 वर्ष के रूप में बताई। जानकारी देते हुए एसपी मंडी विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सुक्खू सरकार अपना रही पाकिस्तान का मॉडल : जयराम

## मंडी में भाजपा कार्यसमिति बैठक के आयोजन के बाद प्रेसवार्ता में घेरी सरकार

अनंत ज्ञान



मंडी में प्रेसवाता करते नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर। अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, मंडी।** मंडी में आयोजित भाजपा कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक के उपरांत एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व वाली यह सरकार हिमाचल में 'पाकिस्तान मॉडल' लागू कर रही है। जयराम ने तंज कसा कि जिस प्रकार पाकिस्तान में गंभीर आर्थिक संकट के कारण कर्मचारियों और अधिकारियों का वेतन समय पर नहीं दिया जाता और उसे 'डेफर' (आस्थगित) करने का प्रचलन है, ठीक वही स्थिति आज हिमाचल प्रदेश में पैदा हो गई है, जहां सरकार न केवल अधिकारियों-कर्मचारियों बल्कि चुने हुए जनप्रतिनिधियों के वेतन को भी रोकने पर मजबूर हो गई है।

जयराम ने कहा कि वर्तमान शासनकाल में नेताओं व अधिकारियों पर ऐसे लांछन लगे हैं जो हिमाचल के इतिहास में पहले कभी नहीं देखे गए, व भाजपा का अब एकमात्र एजेंडा इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकना है। मंडी में आठ वर्षों के अंतराल के बाद हुई इस कार्यसमिति बैठक में पारित राजनीतिक प्रस्तावों का उल्लेख करते हुए उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल को दी जा रही सहायता के लिए आभार प्रकट किया। चेस्टर हिल मामले पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकरण में धारा 118 के उल्लंघन के साथ-साथ 'बेनामी ट्रांजेक्शन' की स्पष्ट संभावना है व एक वरिष्ठ अधिकारी ने राजस्व सचिव रहते हुए अपने पद का खुला दुरुपयोग किया है, जिसकी जानकारी मुख्यमंत्री को पहले से थी लेकिन अब इसे दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासनिक विरोधाभासों पर चुटकी लेते हुए कहा कि एक ओर मुख्य सचिव पुनर्नियुक्ति और सेवा विस्तार न देने के आदेश जारी करते हैं, वहीं दूसरी ओर उसी दिन मुख्यमंत्री कार्यालय से एक अधिकारी को सेवा विस्तार दे दिया जाता है, जो यह दर्शाता है कि सरकार में कोई तालमेल नहीं है और 'व्यवस्था परिवर्तन' के नाम पर केवल अराजकता व्याप्त है। मुख्यमंत्री सुक्खू को 'झूठ का मसीहा' करार देते हुए जयराम ने कहा कि असम चुनाव में स्टार प्रचारक के रूप में मुख्यमंत्री ने जिस प्रकार के असत्य दावे किए, उससे लगता है कि कांग्रेस आलाकमान ने उन्हें केवल झूठ बोलने का ठेका दे रखा है।

# आतंकवादी हिंसा और उग्रवाद से प्रभावित बच्चों को शिक्षा के लिए मिलेगी सहायता



उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

◆ **जिला स्तरीय समिति करेगी पात्र बच्चों की पहचान व संस्तुतिः डीसी**

**ब्यूरो, मंडी।** उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में आतंकवादी हिंसा, उग्रवाद अथवा सीमापार गोलीबारी के कारण अनाथ या निराश्रित हुए बच्चों की पहचान, सत्यापन एवं संस्तुति के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई।

उपायुक्त ने बताया कि समिति पात्रता से संबंधित अभिलेखों एवं तथ्यों का सत्यापन कर निर्धारित प्रपत्र में आवेदन तैयार करेगी तथा मामलों को संस्तुति सहित राज्य सरकार के गृह विभाग को भेजेगी। उपायुक्त ने कहा कि पात्र बच्चों की पहचान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, अध्यापकों, आशा कार्यकर्ताओं तथा स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से की जाएगी। भारत सरकार द्वारा गठित राष्ट्रीय बाल कोष के तहत पात्र बच्चों को कक्षा 12वीं तक की शिक्षा, आईटीआई, डिप्लोमा या कंप्यूटर कोर्स के लिए प्रतिवर्ष 15 हजार रुपए, स्नातक या स्नातकोत्तर शिक्षा के लिए प्रतिवर्ष 18 हजार रुपये तथा व्यावसायिक कोर्स करने पर प्रतिवर्ष 21 हजार रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। यह सहायता पढ़ाई पूरी होने तक या अधिकतम 25 वर्ष की आयु तक उपलब्ध रहेगी।

बैठक में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह, उपनिदेशक उच्च शिक्षा यशवीर कुमार, उपनिदेशक शिक्षा (माध्यमिक) भुवनेश्वरी वरवाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अजय बदरेल, जिला कल्याण अधिकारी समीर व जिला बाल संरक्षण अधिकारी एनआर ठाकुर मौजूद रहे।

### धर्मपुर के टिहरा रेन शेल्टर पर बैंच न होने से जनता परेशान : भूपेंद्र

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के टिहरा बस स्टैंड पर चालीस साल पुराने रेन शेल्टर का निर्माण अधूरा पड़ा है। यह शेल्टर सितंबर 2024 में गिरा था, लेकिन अब तक इसे पूरा नहीं किया गया है। पिछले बीस महीनों से लोगों को बारिश और धूप से बचने के लिए कोई ठिकाना नहीं मिला है। लोकनिर्माण विभाग और विधायक यहां कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं, जिससे जनता में रोष बढ़ गया है।

पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने पिछले वर्ष स्थानीय पंचायत और जनसंगठनों के सहयोग से प्रदर्शन किया था और पंद्रह दिन में छत डालने का अल्टीमेटम दिया था। विभाग ने छत तो डाल दी, लेकिन अब तक बैंच भी उपलब्ध नहीं करवाई गई हैं। वर्तमान में केवल एक बैंच है जिस पर तीन-चार लोग ही बैठ पाते हैं, जबकि सैंकड़ों लोग रोजाना इसका उपयोग करते हैं। भूपेंद्र सिंह ने चेतावनी दी है कि यदि अगले एक सप्ताह में बैंच नहीं लगाई गईं, तो विधायक के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों और विधायक पर क्षेत्रवासियों की सुविधाओं को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया।

# तेज रफ्तार और लापरवाही पर अंकुश जरूरी लोग करें ट्रैफिक नियमों का पालन : उपायुक्त

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो मंडी।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें जिले में सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति तथा सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि तेज रफ्तार और लापरवाही सड़क हादसों का मुख्य कारण है, इसलिए लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को सड़क सुरक्षा के प्रति समन्वित रूप से कार्य करने तथा वार्षिक रोड सेफ्टी एक्शन प्लान शीघ्र भेजने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने बताया कि वर्ष 2025 में जिले में कुल 250 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 97 लोगों की मृत्यु तथा 385 लोग घायल हुए। वहीं वर्ष 2026 में 31 मार्च तक 83 दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें 28 लोगों की मृत्यु तथा 111 लोग घायल हुए हैं। इनमे सभी दुर्घटनाएं तेज रफ्तार तथा लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हुई हैं।

उपायुक्त ने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि नए निर्मित सड़कों पर उचित साइनेज लगाए जाएं तथा चिन्हित ब्लैक स्पॉट को प्राथमिकता के आधार पर ठीक किया जाए। उपायुक्त ने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा जिले में 323 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं। इनमें से वर्ष 2024-25 में 32 तथा वर्ष 2025-26 में 7 ब्लैक स्पॉट को ठीक किया गया है। शेष स्थानों पर भी आवश्यक सुधार कार्य प्रस्तावित हैं। उन्होंने आपातकालीन सेवाओं से जुड़े विभागों को सदैव अलर्ट रहने तथा दुर्घटना की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया समय को और बेहतर बनाने के लिए समन्वय बढ़ाने को कहा।

उन्होंने कहा कि सड़क हादसों में कमी लाने के लिए ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। जनवरी से मार्च 2026 के दौरान ड्रिंक एंड ड्राइव के 407, लेजर गन से ओवर स्पीड के 8034, मोबाइल फोन का प्रयोग करने के 441, बिना सीट बेल्ट के 1733 तथा बिना हेलमेट के 6005 चालान किए गए। इसके अतिरिक्त आईटीएमएस के माध्यम से ओवर स्पीड के 11656, ट्रिपल राइडिंग के 86 तथा बिना हेलमेट के 1962 चालान किए गए हैं।

### 2026 में 235 स्कूल वाहनों का निरीक्षण कर 74 के काटे चालान

**उपायुक्त** ने बताया कि स्कूल वाहनों की नियमित जांच की जा रही है। जनवरी 2026 में 235 स्कूल वाहनों का निरीक्षण किया गया, जिनमें 74 के चालान किए गए। फरवरी में 190 वाहनों का निरीक्षण कर 28 तथा मार्च में 210 वाहनों का निरीक्षण कर 20 चालान किए गए।

# मंडी में एनडीए और सीडीएस परीक्षा 12 को, 1587 अभ्यर्थी होंगे शामिल

अनंत ज्ञान

◆ **सात परीक्षा केंद्रों पर होगी परीक्षा, निर्धारित समय पर पहुंचना अनिवार्य**

**ब्यूरो, मंडी।** जिला मुख्यालय मंडी में 12 अप्रैल को संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित एनडीए व एनए (I) तथा सीडीएस (I), 2026 की लिखित परीक्षा सात परीक्षा केंद्रों पर होगी। इसमें कुल 1587 अभ्यर्थी भाग लेंगे। अतिरिक्त उपायुक्त मंडी गुरसिमर सिंह ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं तथा अभ्यर्थियों को निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचना अनिवार्य होगा।

उन्होंने बताया कि सीडीएस (I), 2026 की परीक्षा दो केंद्रों पर आयोजित होगी, जिनमें वल्लभ कॉलेज मंडी (उप केंद्र-001) तथा वल्लभ कॉलेज मंडी (उप केंद्र-002) शामिल हैं। यह परीक्षा तीन सत्रों में आयोजित होगी। पहला सत्र सुबह 9 बजे से 11 बजे तक, दूसरा सत्र दोपहर 12:30 बजे से 2:30 बजे तक तथा तीसरा सत्र सायं 4 बजे से 6 बजे तक रहेगा। इसी प्रकार एनडीए व एनए (I), 2026 की परीक्षा पांच केंद्रों पर आयोजित होगी, जिनमें गर्ल्स स्कूल मंडी (उप केंद्र-003), राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मंडी (उप केंद्र-004), इंडस ग्लोबल स्कूल गागल रोड (उप केंद्र-005), द फीनिक्स स्कूल बैहना (उप केंद्र-006) तथा ब्वॉयज स्कूल भंगरोटू (उप केंद्र-007) शामिल हैं। यह परीक्षा दो सत्रों में आयोजित होगी। पहला सत्र सुबह 10 बजे से 12:30 बजे तक तथा दूसरा सत्र दोपहर 2 बजे से 4:30 बजे तक रहेगा।

अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी अभ्यर्थियों से आग्रह किया है कि वे परीक्षा आरम्भ होने से पर्याप्त समय पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचना सुनिश्चित करें व ई-एडमिट कार्ड अवश्य लाएं। बिना ई-एडमिट कार्ड के किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले परीक्षा केंद्र के प्रवेश द्वार बंद कर दिए जाएंगे, इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

**अनदेखी** न तो पर्याप्त स्टाफ तैनात और न ही बिजली, पानी की समुचित व्यवस्था

# धनोटू रेस्ट हाउस उद्घाटन के बाद ही बना शोपीस

अनंत ज्ञान




धनोटू रेस्ट हाउस उद्घाटन के बावजूद नहीं लगाया जा रहा उपयोग में। अनंत ज्ञान

**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** मंडी जिला के नाचन क्षेत्र में बने रेस्ट हाउस को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। लोअर नाचन के धनोटू के पास राष्ट्रीय उच्च मार्ग-21 और बीएसएल परियोजना (बीबीएमबी) नहर स्थल के बीच निर्मित यह रेस्ट हाउस उद्घाटन के महीनों बाद भी उपयोग में नहीं आ पाया है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि सुक्खू सरकार विकास कार्यों में भेदभाव कर रही है और यह रेस्ट हाउस इसका उदाहरण बनकर रह गया है।

करीब आठ कमरों वाला यह भवन लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आता है, लेकिन यहां बुनियादी सुविधाओं का भारी अभाव है। न तो पर्याप्त स्टाफ तैनात किया गया है और न ही बिजली, पानी और फर्नीचर की समुचित व्यवस्था की गई है। स्थिति यह है कि पूरे रेस्ट हाउस की जिम्मेदारी केवल एक मल्टी टास्क वर्कर पर छोड़ दी गई है, जिससे यह इमारत लगभग राम भरोसे चल रही है। लोगों का कहना है कि ठहरने की बात तो दूर, यहां बैठने तक की उचित व्यवस्था नहीं है।

रेस्ट हाउस की हालत भी चिंताजनक बनी हुई है। खिड़कियों के शीशे टूटे हुए हैं, छत से पानी टपकने की शिकायतें सामने आई हैं और कई जगहों पर निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। बाहरी परिसर में झाड़ियां, कूड़ा-कचरा और प्लास्टिक फैला हुआ है, जिससे यह स्थान किसी डंपिंग साइट जैसा प्रतीत होता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह स्थिति न केवल सरकारी लापरवाही को दर्शाती है बल्कि पर्यावरण के लिए भी खतरा बन रही है।

राजनीतिक स्तर पर भी इस मुद्दे को लेकर चर्चा तेज हो गई है। क्षेत्र में यह धारणा बन रही है कि रैस्ट हाउस राजनीतिक खींचतान का शिकार हो गया है। लोगों ने आरोप लगाया कि पिछली सरकार के समय बने इस भवन को वर्तमान सरकार ने केवल उद्घाटन तक सीमित रखकर छोड़ दिया है, जिससे जनता में रोष है। हालांकि, लोक निर्माण विभाग के उपमंडल धनोटू के जेई का कहना है कि छत से पानी टपकने की समस्या को ठीक कर दिया गया है और बाकी कमियों को टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से जल्द पूरा किया जाएगा। इसके बावजूद, स्थानीय लोग मांग कर रहे हैं कि रेस्ट हाउस को जल्द से जल्द पूरी तरह कार्यशील बनाया जाए और आसपास के क्षेत्र की सफाई कर इसे उपयोग के योग्य बनाया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### 6 पदों के लिए 17 अप्रैल को साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** श्रीराम इंश्योरेंस कंपनी द्वारा सेल्स एग्जीक्यूटिव व सेल्स मैनेजर के 6 पदों के लिए 17 अप्रैल को प्रातः 10:30 बजे उपरोजगार कार्यालय घुमारवीं में कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। योग्यताः स्नातक (एग्जीक्यूटिव) व एमबीए (मैनेजर), आयु सीमाः 25-45 वर्ष। वेतनः 20,000 से 30,000 रुपए मासिक। अधिक जानकारी के लिए 70185-59618 पर संपर्क करें।

### राहियां-घुमारवीं सड़क 20 अप्रैल तक बंद

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** डीसी राहुल कुमार के आदेशानुसार राहियां-अमरपुर-हड़सर-घुमारवीं सड़क मार्ग मरम्मत कार्य के चलते 20 अप्रैल तक सभी प्रकार के वाहनों के लिए बंद रहेगा। वैकल्पिक मार्ग बरठीं-पनौल से झंडूता तथा भल्लू से बिल्लौरा होंगे। एंबुलेंस, स्कूल बस, वीआईपी व आपातकालीन वाहनों को ही अनुमति होगी।

### हिमकैपेस कॉलेज ऑफ लॉ में मूट कोर्ट 21 व 22 को

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** हिमकैपेस कॉलेज ऑफ लॉ में 21 व 22 अप्रैल को राष्ट्रीय स्तर की इंटर लॉ कॉलेज/यूनिवर्सिटी मूट कोर्ट प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसमें देशभर के विधि महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों के छात्र भाग लेंगे। मूट कोर्ट सोसायटी के अनुसार प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में न्यायिक प्रक्रिया व वकालत कौशल विकसित करना है। इच्छुक प्रतिभागी 11 अप्रैल तक कॉलेज की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। प्रतियोगिता के दौरान टीमें काल्पनिक मामलों पर न्यायालय की तर्ज पर बहस प्रस्तुत करेंगी। पिछले वर्ष 18 टीमों ने भाग लिया था। विजेता टीमों को 40 हजार रुपये से अधिक के नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रिंसिपल डॉ. जसवंत सिंह ने इसे व्यावहारिक ज्ञान के लिए उपयोगी बताया।

### कांग्रेस सरकार के खिलाफ भाजपा की रैली

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** प्रदेश सरकार की झूठी गारंटियों व जनविरोधी नीतियों के खिलाफ झंडूता विधायक जीतराम कटवाल की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जन आक्रोश रैली निकाली। कटवाल ने कहा कि साढ़े तीन साल में कांग्रेस अपनी एक भी गारंटी पूरी नहीं कर पाई। युवाओं को नौकरी, महिलाओं को 1500 रुपए, किसानों व कर्मचारियों से किए गए वादे झूठे साबित हुए हैं। विकास कार्य ठप हैं व पिछली सरकार के शुरू किए काम अधूरे छोड़ दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जनता का सड़कों पर उतरना इस सरकार की नाकामी का प्रमाण है।

### चिंतपूर्णी शहर के विकास के लिए निविदाएं आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** हिमाचल प्रदेश सरकार मां चिंतपूर्णी धाम को विश्वस्तरीय पर्यटन व तीर्थ केंद्र के रूप में विकसित करेगी। पहले चरण के लिए 70 करोड़ रुपए का बजट जारी कर टेंडर आमंत्रित किए गए हैं, जो केंद्र की प्रसाद योजना के 56.26 करोड़ से अतिरिक्त है। योजना के तहत भरवाईं से नारी पंचायत तक आधुनिक सुविधाएं विकसित होंगी। मंदिर परिसर में एस्केलेटर, एसी दरबार, विस्तृत प्रांगण और बेहतर भीड़ प्रबंधन की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही सीसीटीवी, भव्य प्रवेश द्वार, रेन शेल्टर व सेल्फी पॉइंट बनाए जाएंगे। टेंडर प्रक्रिया 9 अप्रैल से शुरू होकर 5 मई तक चलेगी, जबकि 8 मई को तकनीकी बिड खोली जाएंगी। निर्माण जल्द शुरू होगा।

### माता चिंतपूर्णी ट्रस्ट में शामिल होंगी तीन महिला प्रधान

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी ।** माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर न्यास (ट्रस्ट) में एक बार फिर महिला सशक्तिकरण की मिसाल देखने को मिली है। पंचायत चुनाव का रोस्टर जारी होने के साथ ही यह साफ हो गया है कि समीपवर्ती तीन पंचायतों नारी, छपरोह और मोईन की महिला प्रधान ही लगातार दूसरी बार ट्रस्ट में गैर-सरकारी सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं देंगी। बता दें कि उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार यह अनिवार्य व्यवस्था है कि इन तीनों संबंधित पंचायतों के चुने हुए प्रधानों को मंदिर न्यास में बतौर ट्रस्टी शामिल किया जाए। इस बार नारी चिंतपूर्णी पंचायत को 'ओपन महिला' श्रेणी में रखने से यह सुनिश्चित हो गया है कि तीनों प्रतिनिधि महिलाएं ही होंगी। वही बताते चले मंदिर ट्रस्ट में 15 सदस्य होते हैं, जिसमें आठ सरकारी होते हैं और सात सदस्य गैर सरकारी होते हैं, जिनमें तीन प्रधानों को छोड़कर चार सदस्य पुजारी परिवार से होते हैं। डीसी ऊना की अध्यक्षता वाली प्रबंध समिति में ये महिला प्रधान अब प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर मंदिर के विकास, श्रद्धालुओं की सुविधाओं व मेलों के दौरान भीड़ प्रबंधन जैसे अहम निर्णयों में सक्रिय भूमिका निभाएंगी। चुने हुए जनप्रतिनिधियों की यह भागीदारी मंदिर प्रशासन व स्थानीय विकास को नई मजबूती प्रदान करेगी।

### प्रो. लखवीर सेनी बने एनसीसी के लेफ्टिनेंट

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मोहन लाल दत्त राजकीय महाविद्यालय खड्ड में कार्यरत सहायक प्रोफेसर लखबीर सेनी एनसीसी में लेफ्टिनेंट बने हैं। खड्ड कॉलेज में पहुंचने पर वेलकम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज में कार्यकारी प्राचार्य प्रो. राकेश शर्मा की अध्यक्षता में कॉलेज की ओर से लेफ्टिनेंट बने लखबीर का स्वागत किया गया। एनसीसी के 6 एचपीआई कंपनी ऊना के सभी कैडेट ने भी लेफ्टिनेंट को सम्मानित किया। इस मौके पर संस्थान की सहायक प्रोफेसर डॉ. आरती शर्मा, प्रो. वीरेंद्र सिंह, प्रो. मनी राम, नरेश कुमार व मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे। कार्यकारी प्राचार्य प्रो. राकेश शर्मा ने महाविद्यालय के प्रो. लखबीर सेनी के उज्जवल भविष्य की कामना की। बता दें कि लखवीर सेनी मूलतः हरोली क्षेत्र के गांव धर्मपुर के निवासी हैं और उन्होंने महाराष्ट्र में आर्मी आफिसर ट्रेनिंग में ओटीए का प्रशिक्षण प्राप्त कर लेफ्टीनेंट रैंक प्राप्त किया है। वर्तमान में लखवीर हरोली कॉलेज में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है। लेफ्टिनेंट ने सफलता का श्रेय माता पिता व गुरुजनों को दिया है।

### वाटर गार्ड्स व तकनीकी कर्मियों की तैनाती पर सवाल

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिले में जल शक्ति विभाग की पंप हाउस व्यवस्था को लेकर सियासी विवाद गहरा गया है। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि वाटर गार्ड्स की फील्ड में तैनाती न होने से पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो रही है, जबकि सरकार ठेकेदारों को अन्य कार्यों के नाम पर भुगतान कर रही है। नेताओं का कहना है कि वाटर गार्ड्स और तकनीकी कर्मचारियों को कार्यालयों में बैठाने से रखरखाव व्यवस्था कमजोर हुई है, इसलिए उन्हें तुरंत फील्ड में लगाया जाए। भाजपा नेताओं ने कांग्रेस सरकार पर रोजगार के मुद्दे पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि 5 लाख रोजगार देने का वादा पूरा नहीं हुआ। महिलाओं को 1500 रुपए मासिक सहायता योजना को भी सीमित बताया गया। इसके अलावा बिजली, सीमेंट, सरिया और पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों पर भी सरकार को घेरा गया। कर्मचारियों के लंबित वित्तीय लाभ, मेडिकल बिल और ठेकेदारों के भुगतान में देरी पर चिंता जताते हुए जल्द निपटान की मांग उठाई गई।

### प्रभावित किसानों को राहत दिलाने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला ऊना में हाल ही में हुई भारी बारिश और आंधी-तूफान से किसानों और बागवानों की फसलों को हुए नुकसान के मद्देनजर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देशराज गौतम ने जिलाधीश से प्रभावित किसानों को राहत दिलाने की मांग उठाई है। देशराज गौतम ने प्रशासन से आग्रह किया है कि फसलों के नुकसान का शीघ्र आकलन कर मुआवजा रिपोर्ट तैयार कर सरकार को भेजी जाए, ताकि किसानों को समय पर सहायता मिल सके। उन्होंने कहा कि जिले के कई क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण किसानों की फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं, जिससे उनकी आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है। ऐसे में प्रशासन को तुरंत सक्रिय होकर राहत प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए। कांग्रेस नेता ने प्रशासन के संबंधित अधिकारियों, विशेषकर कानूगो और पटवारियों से अपील की है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर मौके पर फसल नुकसान का आकलन करें और विस्तृत रिपोर्ट जल्द से जल्द जिलाधीश को सौंपें। उन्होंने यह भी कहा कि समय पर रिपोर्ट भेजे जाने से सरकार प्रभावित किसानों की मदद के लिए शीघ्र निर्णय ले सकेगी और उन्हें उचित मुआवजा मिल पाएगा। देशराज गौतम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा किसानों के साथ खड़ी रही है और इस कठिन समय में भी हर प्रभावित किसान को राहत दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जिन किसानों की फसल खराब हुई है, उन्हें जल्द से जल्द उचित सहायता दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

### दिव्यांग कल्याण बोर्ड की बैठक जल्द बुलाने की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला दिव्यांग कल्याण संघ और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिमाचल प्रदेश में दिव्यांगों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर पत्रकार वार्ता की। उन्होंने कहा कि राज्य दिव्यांग कल्याण बोर्ड की बैठक पिछले तीन वर्षों से नहीं हुई, जिससे कई अहम निर्णय लंबित हैं। महासचिव रचना कुमारी, लग्नेश कुमार, जगदीश कुमार, विद्यासागर भारद्वाज और रेणु कुमारी ने सरकार से तुरंत बैठक बुलाने और संवेदनशील सदस्यों को शामिल करने की मांग की। प्रतिनिधियों ने 4 प्रतिशत आरक्षण को पूरी तरह लागू करने, बिलासपुर जिले में दिव्यांगों के लिए खाली सरकारी दुकानों का आवंटन, और 40-69 वर्ष आयु वर्ग के दिव्यांगों की पेंशन बढ़ाने की भी मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

# जिप वार्डों व पंचायत प्रधानों की आरक्षण सूची जारी

अनंत ज्ञान

**ऊना।** ऊना जिला के सभी विकास खंडों के प्रधान पदों, पंचायत समिति के अध्यक्षों व जिला परिषद वार्डों के सदस्यों का रोस्टर जारी कर दिया गया है। उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बताया कि ये पंचायती निर्वाचन रोस्टर हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज अधिनियम 1994 की धारा 8 तथा 125 पठित पंचायती राज(निर्वाचन) नियम 87 के अंतर्गत जारी किया गया है। डीसी ने बताया कि विकास खंड ऊना के अंतर्गत ग्राम पंचायत सासन, कुरियाला, जखेड़ा, बहडाला लोअर, लम्लेहड़ा और धमांदरी में अनुसूचित जाति महिला के लिए सीट आरक्षित रहेगी। वहीं, ग्राम पंचायत बदोली, चड़तगढ़, झंबर, फतेहपुर व चलोला में अनुसूचित जाति के लिए सीट घोषित की गई है। ग्राम पंचायत बीनेवाल, उदयपुर, खानपुर और नारी में अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के लिए सीट आरक्षित रहेगी। ग्राम पंचायत माजरा, मलूकपुर, बसाल अप्पर व आवादा बराना में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए सीट आरक्षित रहेगी। ग्राम पंचायत बारसड़ा, भड़ोलियां कलां, जनकौर, देहलां लोअर, डंगेहड़ा, रायपुर सहोड़ा, टक्का, बड़साला, अप्पर बहडाला, नंगड़ां, ठाकुरद्वारा, नंगल सलांगड़ी, अजौली, मदनपुर, बडैहर, बरनोह और देहलां अप्पर में महिला सीट आरक्षित की गई है। ग्राम पंचायत डठवाड़ा, डंगोली, सनोली, चताड़ा, भटोली, बसोली, टब्बा, छतरपुर, बटूही, त्यूड़ी, मैहतपुर, समूरकलां, लम्लैहड़ी, लोअर बसाल, झूड़ोवाल, पनोह, सुनेहरा और बनगढ़ में अनारक्षित सीट घोषित की गई है।

## जिला परिषद वार्डों का आरक्षण विवरण

**इसके** अतिरिक्त ऊना जिला में जिला परिषद निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जिला परिषद वार्ड धनेत व कुठेड़ा खैरलां में अनुसूचित जाति महिला के लिए सीट आरक्षित की गई है। वहीं, भंजाल लोअर व मुबारिकपुर जिला परिषद वार्ड में अनुसूचित जाति के लिए सीट आरक्षित रहेगी। जिला परिषद वार्ड पंजावर और बाथू में अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के लिए सीट आरक्षित रहेगी। वहीं, ठठल जिला परिषद वार्ड में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए सीट आरक्षित है। चताड़ा, रायपुर सहोड़ा, दुलैहड़, लठियाणी और चलेट जिला परिषद वार्डों में महिला सीट रहेगी। हरोली, देहलां अप्पर, सोहारी, टक्का ओर अम्बोटा जिला परिषद वार्डों में अनारक्षित सीट घोषित की गई है।

## विकास खंड गगरेट

**विकास** खंड गगरेट के तहत ग्राम पंचायत चतेहड़, कैलाश नगर, गोंदपुर बनेहड़ा अप्पर, पिरथीपुर, भद्रकाली व गगरेट अप्पर में अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित की गई है। ग्राम पंचायत नकड़ोह, बवेहड़, रायपुर, कुनेरन व डंगोह खास में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षण रहेगा। ग्राम पंचायत गोंदपुर बनेहड़ा लोअर, गुगलैहड़ व लोहारली में अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के लिए सीट आरक्षित रहेगी। ग्राम पंचायत भंजाल लोअर, संघनेई व रामगनर में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण रहेगा। अंबोआ, ब्रह्मपुर, अमलैहड़, गणु मंदवाड़ा, डंगोह खुर्द, टटेहड़ा, सलोह बैरी, मरबाड़ी, बढ़ेड़ा राजपूतां, नंगल जरियालां, घनारी और दयोली पंचायतों में महिला सीट आरक्षित रहेगी। वहीं, जोह, चलेट, जाडला कोइड़ी, मवां सिंधियां, भंजाल अप्पर, अभयपुर, बड़ोह, कुठेड़ा जसवालां और अंबोटा में अनारक्षित सीट रहेगी।

## विकास खंड हरोली

**विकास** खंड हरोली के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुंगड़त, पोलियांबीत, कुठारबीत, खड्ड और समनाल में अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षण रहेगा। वहीं, ग्राम पंचायत पूबोवाल, बाथड़ी, दुलैहड़ और सैंसोवाल में अनुसूचित जाति के लिए सीट आरक्षित की गई है। ग्राम पंचायत हलेड़ा विलना, रोड़ा, भैणी खड्ड और ईसपुर टांडा में अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षण रहेगा। ग्राम पंचायत पंडोगा निचला, लोअर ललड़ी और बट कलां में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए सीट आरक्षित रहेगी। ग्राम पंचायत पालकवाह, हीरा नगर, ललड़ी, बाथू, भदसाली, घालूवाल, छेत्रां, मल्लूवाल, लोअर बढ़ेड़ा, पंडोगा और हीरां में महिला सीट आरक्षित रहेगी। वहीं बढ़ेड़ा, सलोह, पंजावर, धर्मपुर, सिंगा, नंगल खुर्द, ईसुपर, हरोली, कांगड़, भदसाली हार, लोअर पंजावर, बीटन, गोंदपुर बुल्ला, बालीवाल, भदौड़ी, गोंदपुर जयचंद और जखेवाल पंचायतों में अनारक्षित सीट घोषित की गई है।

## विकास खंड अंब

**विकास** खंड अंब के तहत ग्राम पंचायत सारड़ा, लडोली, घेबट बेहड़, खरोह, घंगरेट, धर्मशाला महंतां और मंधोली में अनुसूचित जाति महिला के लिए सीट आरक्षित की गई है। वहीं, ग्राम पंचायत अंब टिल्ला, मैड़ी खास, जबेहड़, ज्वार, डूहल भटवालां, ज्वाल और राजपुर जस्वां में अनुसूचित जाति के लिए सीट आरक्षित रहेगी। कुहाड़छन, दिलवां, सेरी, नंदपुर और चुरूडू पंचायतों में अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के लिए सीट आरक्षित है। धंदड़ी, शिवपुर, अंदौरा लोअर और बदाऊं पंचायतों में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए रहेगी। भटेड़, गिंडपुर मलौन, सपौरी, बधमाणा, चौआर, नारी चिंतपूर्णी, दियाड़ा, भगड़ाह, छपरोह, लोहारा अप्पर, कलरूही, कुठेहड़ा खैरलां, पोलियां पुरोहितां व धर्मसाल महंतां खास पंचायतों में महिला सीट निर्धारित की गई है। कठियाड़ी, प्रंभ, हंबोली, लोहारा लोअर, भैरा, स्तोथर, रिपोह मिसरां, नैहरी नौरंगा, कठोहड़ कलां, त्याई, टकारला, मुबारिकपुर, धुसाड़ा और अंदौरा अप्पर पंचायतों के लिए अनारक्षित सीट घोषित की गई है। उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बुढ़वार, बौल, थहड़ा, कटोह, टीहरा, जसाणा और लठियाणी में अनुसूचित जाति महिला के लिए सीट आरक्षित रहेगी। वहीं, अरूलू खास, तनोह, चमियाड़ी और धुंधला पंचायतों में अनुसूचित जाति के लिए सीट घोषित की गई है। बोहरू, मलांगड़, घुघन ककराणा व बल्ह खालसा पंचायतों में अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के लिए सीट आरक्षित रहेगी। खरियालता, बड़ूही और टांडा पंचायतों में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए सीट आरक्षित रहेगी। सिहांणा, पिपलू, धतोल, चोली, डीहर, चंगर, चुल्हड़ी, सुहारी, बुधान, करमाली और सुकडियाल पंचायतों में महिला सीट आरक्षित रहेगी। छपरोह कलां, टकोली, धनेत, थानाकलां, अम्बेहड़ा धीरज, मोमन्यार, परोईयां कलां, डोहगी, मंदली, जोल, चोकी खास, बैरियां, बल्ह और रायपुर पंचायतों में अनारक्षित सीट घोषित की गई हैं।

## युवाओं को सेना में भर्ती व गरीबों की मदद पर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता में नवगठित जनरल जोरावर सिंह सैनिक कल्याण समिति ने विधायक जीत राम कटवाल से उनके कार्यालय में औपचारिक मुलाकात की। कैप्टन हरवंश लाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में सैनिक कल्याण, युवाओं को सेना में भर्ती के लिए प्रेरित करने तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई।

समिति ने बताया कि उसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को सेना में भर्ती के लिए तैयार करना, गरीब बच्चों की शिक्षा में सहयोग देना और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह में मदद करना है। इस दौरान चेयरमैन सुबेदार मेजर राम लाल ठाकुर, उपाध्यक्ष मदन सिंह ठाकुर, सचिव सुरेंद्र सिंह और सह-सचिव सुरेश कुमार सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सदस्यों ने क्षेत्रीय सैनिक कल्याण से जुड़े सुझाव भी रखे। विधायक जीत राम कटवाल ने समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए सामाजिक कार्यों में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

## सहायक प्रोफेसर रमेश बने एनसीसी लेफ्टिनेंट

**अनंत ज्ञान, ऊना।** संत ढांगू वाले गुज्जर राजकीय महाविद्यालय बीटन के लिए गर्व का विषय है कि महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के सहायक प्रोफेसर रमेश कुमार ने एनसीसी आर्मी सीनियर डिविजन में लेफ्टिनेंट रैंक प्राप्त की है। यह उपलब्धि उन्होंने महाराष्ट्र के कामटी स्थित आर्मी ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी में आयोजित तीन माह के ओटीए प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के बाद हासिल की।

इस अवसर पर रमेश कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के आशीर्वाद को दिया। उन्होंने कहा कि निरंतर परिश्रम, अनुशासन और वरिष्ठों के मार्गदर्शन के कारण ही यह उपलब्धि संभव हो पाई। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सुमिक्षा गुप्ता ने रमेश कुमार को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता महाविद्यालय के लिए अत्यंत गर्व की बात है और इससे विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी। कॉलेज के सभी स्टाफ सदस्यों ने भी उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव घुमारवीं में दंगल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

## नप घुमारवीं से मेला ग्राउंड तक निकाली भव्य शोभायात्रा



राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव घुमारवीं में दंगल प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव घुमारवीं के अंतर्गत दंगल (कुश्ती प्रतियोगिता) का आयोजन मेला मैदान में किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक संदीप धवल बतौर मुख्यातिथि, जबकि डीएसपी मदन धीमान विशिष्यातिथि के तौर पर मौजूद रहे।

मेला कमेटी के अध्यक्ष व एसडीएम घुमारवीं गौरव चौधरी ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। दंगल प्रतियोगिता से पूर्व नगर परिषद घुमारवीं से मेला ग्राउंड तक एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें पहलवानों, स्थानीय नागरिकों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने कहा कि मेले हमारी प्राचीन संस्कृति और परंपराओं से जुड़े हुए हैं और इन्हें संजोए रखना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि कुश्ती जैसे पारंपरिक खेल वर्षों से हमारी संस्कृति का हिस्सा रहे हैं और आज भी लोगों में इनके प्रति उत्साह और उमंग देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से हमारी संस्कृति, परंपराएं और रीति-रिवाजों को संजोए रखने में महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। इस अवसर पर दंगल कमेटी के अध्यक्ष एवं डीएसपी घुमारवीं विशाल वर्मा, नगर परिषद घुमारवीं की पूर्व अध्यक्षा रीता सहगल, व्यापार मंडल के अध्यक्ष हेमराज संख्यान, कोषाध्यक्ष राजेश शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## दो दिनों से जारी लगातार बारिश ने जनजीवन को किया बुरी तरह प्रभावित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में दो दिनों से जारी लगातार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। खासकर कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन के हालात काफी चिंताजनक बने हुए हैं।

यहां कई स्थानों पर सड़क पर भारी मात्रा में पानी जमा हो गया है, जिससे पूरा मार्ग तालाब जैसा दिखाई दे रहा है। जलभराव के कारण वाहनों की आवाजाही बाधित हो रही है व लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति सबसे अधिक दोपहिया चालकों व छोटे वाहनों के लिए जोखिम भरी बनी हुई है। पानी के बीच सड़क का वास्तविक स्तर दिखाई नहीं दे रहा, जिससे फिसलन व गड्ढों का अंदेशा बढ़ गया है। कई वाहन चालकों को बीच रास्ते से ही वापस लौटना पड़ रहा है, जबकि कुछ वाहन पानी में फंसने की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द निकासी की उचित व्यवस्था नहीं की गई तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। लगातार हो रही बारिश का असर केवल सड़क यातायात तक ही सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है।

खेतों में पानी भर जाने से फसलें प्रभावित हो रही हैं। कई किसानों की मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर भी असर पड़ सकता है। स्थानीय निवासियों व किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द जलनिकासी की व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए और प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर राहत उपाय किए जाएं। लोगों का कहना है कि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो नुकसान और बढ़ सकता है। प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है, जिससे लोगों में नाराजगी भी देखी जा रही है।

## शिक्षा मंत्री होंगे ऊना में जिला स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह के मुख्यातिथि

अनंत ज्ञान



**ऊना।** ऊना जिले में 15 अप्रैल को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। वे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र स्कूल, ऊना के प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने बुधवार को बचत भवन के बैठक कक्ष में सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

उन्होंने बताया कि शिक्षा मंत्री प्रात: 10.40 बजे एमसी पार्क स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के उपरांत प्रात: 11 बजे स्कूल परिसर में ध्वजारोहण करेंगे। इसके पश्चात वे परेड का निरीक्षण करेंगे, मार्च पास्ट की सलामी लेंगे तथा उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे। समारोह में पुलिस व होमगार्ड की टुकड़ियों के साथ विभिन्न शिक्षण संस्थानों के एनसीसी व एनएसएस के छात्र-छात्राएं आकर्षक परेड प्रस्तुत करेंगे। इसके अतिरिक्त स्कूली बच्चों, नाट्य दलों, सामाजिक संस्थाओं तथा आंगनबाड़ी केंद्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि समारोह के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा सामाजिक संदेशों व विकास योजनाओं पर आधारित झांकियां भी निकाली जाएंगी। इनमें मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, डॉ. यशवंत सिंह परमार विद्यार्थी ऋण योजना, कृषि व बागवानी, रेडक्रॉस तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से संबंधित झांकियां प्रमुख आकर्षण रहेंगी।

## सांस्कृतिक संध्या में लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव घुमारवीं की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में डीसी राहुल कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव विवेक कुमार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। मेला कमेटी के अध्यक्ष एवं एसडीएम घुमारवीं गौरव चौधरी ने मुख्यातिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का पारंपरिक हिमाचली रीति-रिवाजों के अनुसार शॉल और टोपी पहनाकर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। इस मौके पर तहसीलदार बबीता धीमान, बीडीओ अभिषेक शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। दूसरी सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध लोक कलाकार रंजना, रोहित बोहरा, श्रुति शर्मा, नरेंद्र नीटु, हंसराज, इशांत भारद्वाज ने अपनी प्रस्तुति से लोगों का भरपूर मनोरंजन किया।

## 'सोमनाथ ज्योतिर्लिंग यात्रा' में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, बिलासपुर।** आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा संचालित 'सोमनाथ ज्योतिर्लिंग यात्रा' का बिलासपुर में भव्य स्वागत हुआ।

भारी वर्षा के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में किसी तरह की कमी नहीं देखी गई। बारिश के बीच भी बड़ी संख्या में लोग ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने व आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए पहुंचे, जिससे पूरे आयोजन स्थल पर भक्ति व आस्था का वातावरण बना रहा। इससे पहले यह यात्रा चंबा, हमीरपुर व मंडी में भी आयोजित की जा चुकी है। बिलासपुर पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने पारंपरिक तरीके से यात्रा का स्वागत किया। यात्रा के साथ आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ संत स्वामी विरुपाक्ष के अलावा स्वामी रामानंद भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ राजेश, सुशांत, वीना सहित अन्य प्रशिक्षकों ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। इस दौरान साधकों को योग, ध्यान व प्राणायाम के माध्यम से स्वस्थ और तनावमुक्त जीवन जीने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के आयोजन में जिला को-ऑर्डिनेटर रचना मेहता की अहम भूमिका रही।

उनके साथ मीरा भोगल, विकास भट्टा, अनिल मेहता, शिल्पा मेहता, सुमन डोगरा व कामिनी ने भी इस आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग दिया। इससे पूर्व स्वामी एवं अन्य प्रमुख व्यक्तियों का हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित मीरा भोगल के निवास पर भव्य स्वागत किया गया, जहां उन्हें पुष्प मालाओं से सम्मानित किया गया व श्रद्धालुओं ने उनका अभिनंदन किया। डियारा सेक्टर स्थित राम नाटक मंच पर आयोजित इस कार्यक्रम में भजन-कीर्तन, सामूहिक ध्यान व ज्ञान चर्चा का आयोजन किया गया। इस दौरान आर्ट ऑफ लिविंग के राष्ट्रीय स्तर के गायक सुंदरनगर निवासी सुशांत शानू ने शिव भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया व पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। स्वामी विरुपाक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में मानसिक शांति के लिए ध्यान व साधना अत्यंत आवश्यक है। भारी बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ ने यह साबित कर दिया कि आस्था के आगे मौसम की बाधाएं भी छोटी पड़ जाती हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण के साथ आयोजन संपन्न हुआ।

**गर्व** समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया ने किया बिलासपुर की लेखिका को सम्मानित

# साहित्य साधिका ललिता कश्यप की राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पहचान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** पहाड़ी संवेदनाओं, सामाजिक सरोकारों व स्त्री चेतना को अपनी लेखनी के माध्यम से सशक्त अभिव्यक्ति देने वाली बिलासपुर की प्रख्यात साहित्यकार ललिता कश्यप आज किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। हाल ही में समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा देशभर की 51 चुनिंदा प्रतिभाओं को सम्मानित किए जाने की सूची में उनका नाम शामिल होना न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व का विषय बन गया है।

ललिता कश्यप लंबे समय से साहित्य सृजन में सक्रिय हैं। उनकी रचनाओं में जहां एक ओर पहाड़ी जीवन की सादगी व लोक संस्कृति की महक है। वहीं, दूसरी ओर समाज के बदलते स्वरूप, मानवीय रिश्तों व महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों की गहरी छाप देखने को मिलती है। उनकी कविताएं व लेख देश के विभिन्न समाचार पत्रों और साहित्यिक मंचों पर प्रकाशित होकर पाठकों की सराहना बटोर चुके हैं।

### प्रेरणा बनती एक साहित्य साधिका



**ललिता** कश्यप की यात्रा इस बात का प्रमाण है कि निरंतर प्रयास, संवेदनशील सोच व समाज के प्रति समर्पण से कोई भी व्यक्ति अपनी पहचान बना सकता है। उनकी उपलब्धियां न केवल नई पीढ़ी के लेखकों के लिए प्रेरणा हैं, बल्कि यह भी दर्शाती हैं कि छोटे शहरों से निकलकर भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई जा सकती है। बिलासपुर के साहित्यकारों व बुद्धिजीवियों का मानना है कि ललिता कश्यप आने वाले समय में भी अपनी लेखनी के माध्यम से समाज को नई दिशा देती रहेंगी और हिमाचल की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

### प्रकाशित कृतियां व सृजन यात्रा

**ललिता** कश्यप की साहित्यिक उपलब्धियों में उनकी प्रकाशित पुस्तकें भी विशेष स्थान रखती हैं। उनकी प्रमुख कृतियां 'जग दर्शन' व 'छंद वृष्टि' को साहित्य प्रेमियों ने सराहा है। इसके अलावा उनकी कई रचनाएं जैसे इंद्रधनुष व चकोर सवैया भी पाठकों के बीच लोकप्रिय रही हैं। उनकी लेखनी में प्रकृति, जीवन दर्शन व सामाजिक चेतना का सुंदर समन्वय देखने को मिलता है।

### अंतरराष्ट्रीय मंच पर हिमाचल का मान बढ़ाया

**उनकी** साहित्यिक यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव वह रहा, जब वर्ष 2024 में दुबई में आयोजित 10वें अंतरराष्ट्रीय हिंदी अधिवेशन में उन्हें 'सहोदरी सम्मान' से नवाजा गया। इस मंच पर सम्मानित होने वाली वे हिमाचल प्रदेश की एकमात्र महिला साहित्यकार रहीं, जिसने प्रदेश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया।

### साहित्यिक मंचों पर सक्रिय उपस्थिति

**ललिता** कश्यप न केवल लेखन तक सीमित हैं, बल्कि विभिन्न कवि सम्मेलनों, साहित्यिक गोष्ठियों व सांस्कृतिक आयोजनों में भी सक्रिय भागीदारी निभाती रही हैं। बिलासपुर के साहित्यिक परिवेश में उनकी उपस्थिति प्रेरणादायक मानी जाती है।

### सम्मान व पहचान का बढ़ता दायरा

**अंतरराष्ट्रीय** स्तर पर सहोदरी सम्मान, समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा राष्ट्रीय सम्मान, विभिन्न साहित्यिक मंचों व संस्थाओं द्वारा समय-समय पर प्रशंसा, ये सभी उपलब्धियां उनके निरंतर साहित्य साधना और समर्पण को दर्शाती हैं।

### उपमुख्यमंत्री आज करेंगे विश्राम गृह हरोली का लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री आज 9 अप्रैल सुबह 11 बजे जल शक्ति विभाग के नवनिर्मित विश्राम गृह हरोली का लोकार्पण करेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी।

### पात्र बंदियों को समयबद्ध सहायता देने के निर्देश

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** डीसी राहुल कुमार की अध्यक्षता में गरीब बंदियों के समर्थन के लिए सशक्तिकरण समिति की त्रैमासिक बैठक बचत भवन में हुई। बैठक में आर्थिक रूप से कमजोर विचाराधीन व सजायाफ्ता बंदियों को जमानत के लिए वित्तीय सहायता देने के मामलों की समीक्षा की गई। डीसी ने पात्र बंदियों को समयबद्ध आर्थिक सहायता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पुलिस व न्यायिक अधिकारी शामिल हुए।

### सकरोहा-जबलयाणा सड़क 30 अप्रैल तक बंद

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** डीसी राहुल कुमार ने बताया कि मरम्मत कार्य के चलते सकरोहा-मझवाड़-जबलयाणा सोहर सड़क मार्ग आगामी 30 अप्रैल तक प्रतिदिन सुबह 9 से शाम 5 बजे तक यातायात के लिए बंद रहेगा। इस दौरान वाहन चालकों को वाया फोरलेन-भगेड़-डैहर मार्ग का उपयोग करने की सलाह दी गई है। एंबुलेंस, स्कूल बस, वीआईपी व आपातकालीन वाहनों को ही अनुमति होगी।

### जुखाला में 16,000 के लैपटॉप वाउचर वितरित

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय जुखाला में श्रीनिवास रामानुजन स्टूडेंट डिजिटल योजना के तहत प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह ने चार मेधावी छात्रों को 16-16 हजार रुपए के लैपटॉप वाउचर वितरित किए। इनमें अनिल कुमार, अंकित (विश्वविद्यालय में पांचवां स्थान), अंशिता चौधरी व अदिति ठाकुर (स्नातक में सातवां स्थान) शामिल हैं। प्राचार्य ने इन सफलताओं को अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया।

### 10 अप्रैल को दिव्यांगजनों का चिकित्सा परीक्षण

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए 10 अप्रैल (शुक्रवार) को प्रातः 10 बजे से क्षेत्रीय अस्पताल के न्यू ओपीडी कॉम्प्लेक्स, कक्ष संख्या-203 में शिविर लगेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि दत्त शर्मा ने विशेषज्ञ डॉक्टरों की मेडिकल बोर्ड का गठन किया है। सभी पात्र लाभार्थी आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में शामिल हों।

# एमएसपी में बढ़ोतरी व किसान आयोग गठन से सशक्त होंगे किसान: केवल सिंह पठानिया

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** उप मुख्य सचेतक एवं शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने के लिए ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम उठा रही है।

उपमुख्य सचेतक ने बुधवार को एकदिवसीय कुल्लू दौरे में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा बजट में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा, न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि तथा किसान आयोग के गठन जैसे निर्णय प्रदेश के कृषि क्षेत्र को नई दिशा देंगे। उन्होंने जानकारी दी कि प्रदेश में लगभग 2 लाख 23 हजार किसान करीब 38 हजार 455 हेक्टेयर क्षेत्र में प्राकृतिक खेती कर रहे हैं और गेहूं, मक्का, जौ व हल्दी जैसी फसलों की मार्केटिंग भी शुरू हो चुकी है। सरकार अब इन उत्पादों की गुणवत्ता और पोषण मूल्य सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक लैब सुविधाएं विकसित करने जा रही है। इसके तहत 16 गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशालाओं में हाई-सेंसिटिव उपकरण स्थापित किए जाएंगे और एक समर्पित मार्केटिंग सेल का गठन किया जाएगा, जिससे प्राकृतिक उत्पादों को प्रीमियम ब्रांड के रूप में स्थापित किया जा सके।

पठानिया ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में महत्वपूर्ण वृद्धि की है। गेहूं का एमएसपी 60 से बढ़ाकर 80 रुपये प्रति किलोग्राम, मक्का 40 से 50 रुपये, पांगी घाटी के जौ का एमएसपी 60 से 80 रुपये तथा हल्दी का 90 से बढ़ाकर 150 रुपए प्रति किलोग्राम किया गया है। पहली बार अदरक के लिए 30 रुपए प्रति किलोग्राम एमएसपी देने की घोषणा भी की गई है।

## विधानसभा अध्यक्ष तथा उपमुख्य सचेतक ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति व्यक्त की गहरी संवेदनाएं



**अनंत ज्ञान कुल्लू/पतलीकूहल।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, कुल्लू सदर से विधायक सुंदर सिंह ठाकुर के पिता तथा मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ के बड़े भाई के अकस्मात निधन पर उनके पैतृक निवास तेगूबहड़ तथा कटराई पहुंचकर शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। विधानसभा अध्यक्ष ने दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका निधन दोनों परिवारों के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवारों को इस दुःख की घड़ी में संबल दें। उप मुख्य सचेतक, केवल सिंह पठानिया ने भी गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि परिवार के वरिष्ठ सदस्यों का जाना एक ऐसी क्षति है, जिसकी भरपाई कभी संभव नहीं हो सकती। उन्होंने शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की और उन्हें धैर्य एवं शक्ति प्रदान करने की कामना की। हिमाचल पथ परिवहन निगम के उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने भी शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह दोनों परिवारों के लिए एक बड़ी क्षति है। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट कीं। इंडियन नेशनल लोक दल के अध्यक्ष, अभय सिंह चौटाला ने भी दोनों परिवारों के निवास स्थान पर पहुंचकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

## पर्यटन सुविधाओं व यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करना होगी प्राथमिकता: चीमा



**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली के नवनियुक्त एसडीएम गुंजित सिंह चीमा ने बुधवार को पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने भविष्य की कार्ययोजना व अपनी प्राथमिकताओं को साझा किया। एसडीएम ने कहा कि मनाली विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है, जहां हर साल लाखों की संख्या में देश-विदेश से सैलानी आते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्यटकों को मूलभूत सुविधाएं सुलभता से उपलब्ध कराना उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि मनाली आने वाले हर पर्यटक को यह सुखद एहसास हो कि वह एक बेहतरीन हिल स्टेशन पर आया है। उन्हें यहां घर जैसा माहौल और हर आवश्यक सुविधा मिलनी चाहिए। पर्यटन सीजन के दौरान मनाली की सबसे बड़ी चुनौती यानी यातायात व्यवस्था पर बात करते हुए एसडीएम चीमा ने कहा कि इसे सुदृढ़ करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने घोषणा की कि पर्यटन सीजन के दौरान शहर में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। विभिन्न स्नो प्वाइंट्स और भीड़भाड़ वाले पर्यटक स्थलों पर सुरक्षा और सुचारू आवाजाही के लिए विशेष पुलिस दस्ते तैनात रहेंगे। एसडीएम ने मनाली की सुंदरता को बनाए रखने के लिए सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की बात कही। मनाली के विकास और पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए वह स्थानीय पर्यटन कारोबारियों के साथ मिलकर काम करेंगे।

# विधायक सुंदर ठाकुर के घर पहुंचे जयराम ठाकुर, प्रकट की संवेदनाएं

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कुल्लू से विधायक सुंदर सिंह ठाकुर के पिता स्व. जोग ध्यान ठाकुर के दुःखद निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया है। इस शोकपूर्ण अवसर बुधवार को जयराम ठाकुर ने कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर के शमशी स्थित निवास पर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से भेंट की गई तथा उनके प्रति गहरी संवेदनाएं प्रकट की गईं। इस दौरान उन्होंने दिवंगत आत्मा को



श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं समाज के प्रति योगदान को स्मरण कर शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।

## उद्योग तथा शिक्षा मंत्री ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**कुल्लू** सदर के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर के पिता जोग ध्यान ठाकुर (88 वर्षीय) के आकस्मिक निधन पर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर तथा पूर्व विधायक सोहन लाल ठाकुर उनके पैतृक निवास स्थान पर पहुंचे व शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहन संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि जोग ध्यान ठाकुर का निधन न केवल परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय और गहरा आघात है। उनके स्नेह, सरलता व जीवन मूल्यों की स्मृतियां सदैव सभी के हृदयों में जीवित रहेंगी। इस दुखद घड़ी में उन्होंने परिवार के साथ अपनी पूर्ण संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिजनों को इस अथाह दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इसके उपरांत, कटराई में मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ के बड़े भाई बुधीश्वर गौड़ (55वर्षीय) के आकस्मिक निधन पर भी गहरा शोक व्यक्त किया। कटराई स्थित उनके निवास स्थान पर पहुंचे व शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि बुधीश्वर गौड़ का असामयिक निधन क्षेत्र के लिए अत्यंत पीड़ादायक क्षति है। उनका स्नेहिल स्वभाव व समाज के प्रति उनका समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा। इस दुःखद क्षण में उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें।

# मंदिर विकास कमेटी झीड़ी के चुनाव रद्द

अनंत ज्ञान

◆प्रशासन ने दिए दोबारा चुनाव के निर्देश

◆नियमों की अनदेखी पर प्रशासन का सख्त एक्शन

**पतलीकूहल।** नग्गर क्षेत्र के प्रतिष्ठित देवता नरसिंह व परम पूज्य पिहारी बाबा जी महाराज मंदिर विकास कमेटी (झीड़ी) के चुनावों में धांधली को लेकर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है।

एक फरवरी 2026 को संपन्न हुए चुनावों में भारी अनियमितताएं पाए जाने के बाद, सहायक पंजीयक सहकारी समितियां कुल्लू की जांच रिपोर्ट के आधार पर इन चुनावों को अवैध घोषित कर दिया गया है। जांच में स्पष्ट हुआ कि वर्तमान प्रधान द्वारा बनाई गई कार्यकारिणी में हिमाचल प्रदेश सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 2006 का उल्लंघन किया गया था। न तो पूर्व कमेटी के सदस्यों को विश्वास में लिया गया व न ही चुनावों के लिए कोई पूर्व सूचना जारी की गई थी। प्रशासन ने अब पूरी प्रक्रिया को नए सिरे से और पूर्ण पारदर्शिता के साथ आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। आदेश के अनुसार, खंड विकास अधिकारी नग्गर के कार्यालय से पंचायत निरीक्षक बतौर पर्यवेक्षक मौजूद रहेंगे।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आगामी बैठक की तिथि, समय और स्थान की सूचना सभी पुराने और वर्तमान सदस्यों को समय रहते दी जाए। पूरी चुनाव प्रक्रिया की विस्तृत रिपोर्ट और परिणाम 15 दिनों के भीतर संबंधित कार्यालय में जमा करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं, ताकि लोकतांत्रिक मूल्यों की बहाली हो सके। प्रशासन के इस फैसले का स्वागत करते हुए मंदिर विकास कमेटी के अध्यक्ष संत कुमार शर्मा ने इसे सत्य व न्याय की जीत बताया है। उन्होंने एसडीएम और संबंधित अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय उन सभी लोगों के लिए प्रेरणादायक है जो नियमों में विश्वास रखते हैं। शर्मा ने इसे 'हारयानों की जीत' करार देते हुए कहा कि पिछला चुनाव पूरी तरह से असंवैधानिक था और अब नई प्रक्रिया से मंदिर की गरिमा बहाल होगी।

संत कुमार शर्मा ने सभी सदस्यों से अपील की है कि वे व्यक्तिगत मतभेदों को भुलाकर मंदिर और समाज के सामूहिक हित में कार्य करें। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव पूरी तरह निष्पक्ष होंगे जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता की गुंजाइश नहीं रहेगी। शर्मा के अनुसार, नई कार्यकारिणी का मुख्य उद्देश्य मंदिर का सर्वांगीण विकास और श्रद्धालुओं के अटूट विश्वास को बनाए रखना होगा। इस फैसले के बाद झीड़ी क्षेत्र के लोगों और श्रद्धालुओं में पारदर्शिता को लेकर एक नई उम्मीद जगी है।

# देवघाटी में बारिश से बागवान चिंतित सेब की सेटिंग प्रभावित होने की आशंका

अनंत ज्ञान



अनंत ज्ञान मुद्दा

**पतलीकूहल।** जिला कुल्लू की उझी घाटी में पिछले एक सप्ताह से जारी खराब मौसम और मूसलाधार बारिश ने बागवानों की चिंता बढ़ा दी है। घाटी के निचले व मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में इन दिनों सेब की फ्लावरिंग की शुरुआत हो रही है, लेकिन लगातार हो रही बारिश व तापमान में आई गिरावट ने इस प्रक्रिया में बाधा डालना शुरू कर दिया है।

बागवानी विशेषज्ञों के अनुसार, सेब की बेहतर फसल के लिए फूल खिलने के दौरान धूप और साफ मौसम का होना बहुत जरूरी है यदि मौसम इसी तरह खराब बना रहता है, तो बगीचों में पोलिनेशन (परागकण) की प्रक्रिया बाधित हो सकती है, जिससे फसल की सेटिंग पर प्रतिकूल असर पड़ने की संभावना है। घाटी में पिछले दिनों हुए खराब मौसम के कारण प्लम व नाशपाती की फसल को पहले ही नुकसान हो चुका है, ऐसे में अब बागवानों की पूरी उम्मीदें सेब की फसल पर टिकी हैं। बारिश की वजह से मधुमक्खियां व अन्य मित्र कीट सक्रिय नहीं हो पा रहे हैं, जिससे फूलों की सेटिंग प्रभावित हो सकती है। आज भी मौसम खराब रहने का अनुमान है, जिससे बागवानों की धड़कनें बढ़ गई हैं। क्षेत्र के प्रगतिशील बागवानों भूपेंद्र, सौरभ, विशाल, दीपक, मोहर सिंह व संजीव का कहना है कि अगर मौसम जल्द साफ नहीं हुआ, तो सेब की सेटिंग उम्मीद से कम रह सकती है। फिलहाल बागवान कुदरत की इस बेरुखी के बीच मौसम खुलने का इंतजार कर रहे हैं।

# पंचायत चुनाव के लिए आरक्षण की स्थिति स्पष्ट

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** हिमाचल प्रदेश में आगामी पंचायतीराज संस्थाओं के सामान्य निर्वाचन-2026 की तैयारियां तेज हो गई हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त लाहौल-स्पीति, किरण भड़ाना ने बुधवार को एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिला परिषद सदस्यों, पंचायत समिति अध्यक्षों व ग्राम पंचायत प्रधानों के पदों के लिए आरक्षण व रोस्टर की संशोधित अधिसूचना जारी कर दी है। यह अधिसूचना हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज अधिनियम, 1994 और संबंधित निर्वाचन नियमों के प्रावधानों के अंतर्गत जारी की गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार, जिले की दो प्रमुख पंचायत समितियों के अध्यक्ष पदों का आवंटन इस प्रकार किया गया है। इसमें पंचायत समिति लाहौल अनुसूचित जनजाति, पंचायत समिति स्पीति अनुसूचित जनजाति महिला। वहीं, जिला परिषद लाहौल-स्पीति के कुल 10 वार्डों के लिए भी आरक्षण निर्धारित कर दिया गया है। वार्ड संख्या-1 (उदयपुर), 3 (जाहलमा), 8 (लोसर) और 9 (काजा) को अनुसूचित जनजाति महिला के लिए आरक्षित किया गया है। वार्ड संख्या 5 (केलांग) अनुसूचित जाति महिला के लिए सुरक्षित है, जबकि वार्ड संख्या 6 (सिस्सू) को अनारक्षित रखा गया है।

### विकास खंड स्पीति

**स्पीति** खंड के तहत हल, डंखर, कुंगरी, लोसर, लालुंग, लारा और सगनम पंचायतों के प्रधान पद अनुसूचित जनजाति महिला के लिए आरक्षित रहेंगे। वहीं ताबो, काजा, ग्यू, किब्बर, खुरिक, लांगचा और डेमुल में अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए पद अधिसूचित किए गए हैं।

### विकास खंड लाहौल

**लाहौल** खंड में प्रधान पदों के लिए महिलाओं को व्यापक प्रतिनिधित्व दिया गया है। तिंदी, चिमरेट, तिंगरेट, शकोली, त्रिलोकीनाथ, नालडा, गोहरमा, जोबरंग, रानिका, मालंग, मूलिंग, खंगसर, कारदांग, बरबोग, कोलोंग, सालग्रां व मडग्रां पंचायतों के प्रधान पद अनुसूचित जनजाति महिला के लिए आरक्षित किए गए हैं। शेष 17 पंचायतों में अनुसूचित जनजाति वर्ग के उम्मीदवार चुनाव लड़ सकेंगे।

### रोस्टर प्रणाली का कड़ाई से पालन

**आरक्षण** का यह निर्धारण राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों व रोस्टर प्रणाली के अनुरूप किया गया है। इसमें अनुसूचित जाति, जनजाति और महिलाओं को जनसंख्या व चक्रानुक्रम के आधार पर उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया है। आगामी पंचायत चुनाव इसी के आधार पर संपन्न करवाए जाएंगे।

**किरण भड़ाना, उपायुक्त लाहौल-स्पीति।**

## न्यूज ब्रीफ

### तीर्थन घाटी में क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज



**अनंत ज्ञान तीर्थन।** जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार की तीर्थन घाटी स्थित भिंडी थाच मैदान में मंगलवार से 'शहीद लगन चंद मेमोरियल क्रिकेट कप 2026 सीजन-6' का भव्य शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि युवा नेता हितेश्वर सिंह ने रिबन काटकर प्रतियोगिता का विधिवत आगाज़ किया और आयोजन समिति को शुभकामनाएं दीं। शहीद लगन चंद की पत्नी और बेटा मास्टर सक्षम भी विशेष अतिथि रहे। हितेश्वर सिंह ने कहा कि खेलकूद युवाओं को शारीरिक रूप से मजबूत बनाने और नशे जैसी बुराइयों से दूर रखने में सहायक है। इस प्रतियोगिता से युवाओं को सेना में भर्ती के लिए भी प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने टूर्नामेंट के सफल आयोजन हेतु 21,000 रुपए की सहायता दी और तीन महिला मंडलों को 2,100-2,100 रुपए प्रदान किए। प्रतियोगिता में 100 से अधिक टीमों के भाग लेने की संभावना है। विजेता टीम को 1,75,000 रुपये व ट्रॉफी, उपविजेता को 88,000 रुपये व ट्रॉफी, और सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीमों को 15,000 रुपये दिए जाएंगे। टूर्नामेंट का लाइव प्रसारण फेसबुक और यूट्यूब पर होगा। आयोजन का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना, सेना में भर्ती प्रेरित करना और क्षेत्र में खेल व पर्यटन को बढ़ावा देना है।

### महिला मंडल की महिलाओं से मिली विद्या नेगी

**अनंत ज्ञान, मनाली।** हिमाचल प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष विद्या नेगी ने बुधवार को गोशाल में महिला मंडल से जुडी महिलाओं से मुलाकात की। महिला मंडल की ओर से विद्या नेगी को सम्मानित किया गया। विद्या नेगी ने इस अवसर पर कहा कि ये महिला मंडल हमारा है। ये वो महिला मंडल है, जिनके साथ मैंने अपने इस राजनितिक जीवन की शुरुआत की थी। हम सबने 30 साल पहले एक शुरुआत की थी। हमने महिला मंडल को पंजीकृत किया। ये सभी महिलाएं, जो मेरे बुरे वक्त और अच्छे वक्त की हमेशा सहयोगी रही हैं, आज इन सब ने मुझे अपने पास बुलाया व अपने साथ सम्मानित किया। एक समय था जब 15-15 रुपए एकत्रित करना मुश्किल हो गया था, अब हम बहुत आगे बढ़ गए है। महिला मंडल कई गतिविधियां चला रहा है।

### 9 से 13 अप्रैल तक बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड के बिजली उपमंडल भुंतर के सहायक अभियन्ता ई. अमन कुमार ने सूचित किया है कि विभिन्न फीडरों के अंतर्गत आने वाले इलाकों में आवश्यक तकनीकी कार्यों के चलते बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। 11 केवी शाड़ाबाई-दियार फीडर के तहत बगीचा, दियार, कहुधार, त्रैहन, भाटग्रां, बाहमीनाला जरड़, कलहैली, लोअर कलहैली, कमांद, लोअर बजौरा, लोअर हाट और आसपास के क्षेत्रों में 09 और 13 अप्रैल, 2026 को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। 11 केवी मौहल इस फीडर के अंतर्गत भुटटी, वर्कशॉप व नागमंदिर के आसपास के इलाकों में 10 से 13 अप्रैल, तक प्रतिदिन सुबह 10 से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि इन निर्धारित तिथियों पर मौसम खराब रहता है या बारिश होती है, तो यह कार्य अगले दिन किया जाएगा।

### गैस सिलेंडर के लिए एजेंसियों में भीड़ न लगाएं उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम, मंडी के क्षेत्रीय प्रबंधक संजिव वर्मा ने एलपीजी उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे गैस सिलेंडर के लिए एजेंसी न जाएं। निगम घर-द्वार पर सिलेंडर उपलब्ध करवा रहा है। वितरण अब (डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड) आधारित है, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और कालाबाजारी रोकी जा सकेगी। उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि सिलेंडर प्राप्त करते समय मोबाइल फोन पास रखें और व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में सहयोग करें।

# जिला स्तरीय आनी मेला 8 से 11 मई तक

## पहली बैठक में तैयारियों पर विस्तृत चर्चा,नहीं बढ़ेगा प्लॉट का रेट

अनंत ज्ञान



एसडीएम आनी अधिकारियों से चर्चा करते हुए। अनंत ज्ञान

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** जिला स्तरीय आनी मेले के सफल आयोजन को लेकर बुधवार को पंचायत समिति सभागार आनी में पहली बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता एसडीएम आनी लक्ष्मण सिंह कनेट ने की, जबकि पंचायतों का कार्यकाल समाप्त होने के चलते इस बार मेला प्रशासन द्वारा आयोजित किया जाएगा। फलस्वरूप आनी मेला बीडीओ आनी की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। बैठक में बीडीओ आनी अंजना शर्मा सहित नायब तहसीलदार मोती राम, एलएसईओ विनोद कटोच, पंचायत निरीक्षक जोगिंदर शर्मा, पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ मनीष कुमार, जलशक्ति विभाग के एसडीओ पुष्पराज, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग तथा व्यापार मंडल के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष आनी मेला वैसाख माह की 25 प्रविष्टि यानी 8 मई से शुरू होकर 11 मई तक चलेगा। मेला एसडीएम के संरक्षण में तथा बीडीओ आनी की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा।एसडीएम आनी लक्ष्मण सिंह कनेट ने कहा कि बैठक में मेले को व्यवस्थित, सुरक्षित और पारदर्शी तरीके से आयोजित करने पर विशेष जोर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि प्रशासन और मेला कमेटी ने मिलकर इस बार आनी मेले को और अधिक आकर्षक व अनुशासित बनाने का संकल्प लिया गया है। गत वर्ष मेले की कुल आय 17,74,900 रही, जबकि 17,39,900 खर्च किए गए थे। इस बार आय-व्यय में पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम लक्ष्मण सिंह कनेट ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार के विवाद से बचने के लिए सभी भुगतान केवल चेक के माध्यम से किए जाएंगे। बैठक में स्टार नाइट्स को लेकर भी अहम चर्चा हुई। एसडीएम ने सुझाव दिया कि स्टार नाइट्स में स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही एक स्टार नाइट पूरी तरह स्थानीय कलाकारों के नाम रखने का प्रस्ताव भी रखा गया, जिस पर विचार किया जाएगा। मेले में दुकानों के लिए 10म10 फुट का प्लॉट किराया इस बार भी 8000 ही रखा गया है। मेला मैदान को 15 मई तक खाली करना अनिवार्य होगा। इसके अलावा राजा रघुबीर सिंह स्टेडियम में भी प्लॉट आवंटित किए जाएंगे, जहां डोम लगाया जाएगा, जिसे 30 मई तक हर हाल में हटाना होगा इस बार मेला कमेटी ने प्लॉट सबलेट करने वालों पर सख्ती बरतने का निर्णय लिया है। प्लॉट लेने वाले का आधार कार्ड अनिवार्य होगा और यदि किसी ने प्लॉट आगे सबलेट किया तो उसकी राशि जब्त करने के साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

## 'किसमें कितना है दम' के ग्रैंड फिनाले में छाए डे स्टार स्कूल मनाली के छात्र

**अनंत ज्ञान, मनाली।** डे स्टार स्कूल मनाली के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विद्यालय की दो होनहार छात्राओं ने 'किसमें कितना है दम' के ग्रैंड फिनाले में स्थान बनाकर स्कूल का नाम रोशन किया। चंडीगढ़ में डीडी पंजाबी द्वारा आयोजित कविता पाठ प्रतियोगिता में कक्षा चौथी की छात्रा आधिरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, कक्षा आठवीं की छात्रा आराध्या शर्मा ने द्वितीय स्थान हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। स्कूल में दोनों विजेता छात्राओं व उनके अभिभावकों का भव्य स्वागत कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों और प्रबंधन ने छात्राओं की मेहनत, लगन व प्रतिभा की सराहना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश सहित समस्त प्रबंधन टीम ने दोनों छात्राओं, उनके अभिभावकों व शिक्षकों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मनाली के डॉ. सागर ने राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया हिमाचल का मान

अनंत ज्ञान




**मनाली।** हिमाचल प्रदेश की वादियों से निकलकर स्वास्थ्य व वेलनेस की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाने वाले प्रिणी (मनाली) के हेल्थ कोच सागर के नाम एक बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है।

दिल्ली में आयोजित वर्ल्ड कल्चर एंड एजुकेशनल ऑर्गेनाइजेशन के भव्य समारोह में उन्हें 'मानद डॉक्टरेट' की उपाधि से नवाजा गया। उन्हें यह सम्मान प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री और नृत्यांगना सुधा चंद्रन के हाथों प्राप्त हुआ। सनद रहे कि डॉ. सागर पिछले 19 वर्षों से लोगों को बिना दवाइयों के, प्राकृतिक और आध्यात्मिक तरीकों से स्वस्थ रहने का मार्ग दिखा रहे हैं। डायबिटीज मैनेजमेंट, तनाव मुक्ति और समग्र स्वास्थ्य पर रहा है। डॉ. सागर का मिशन केवल कॉटेज तक सीमित नहीं है, वे स्कूलों, कॉलेजों और यहां तक कि जेल के कैदियों को भी मानसिक शांति और ध्यान का प्रशिक्षण देते हैं। डॉ. सागर मनाली में अपना 'नेचर विष्ट कॉटेज' चलाते हैं और नेचर विष्ट कॉटेज' के माध्यम से हेल्थ टूरिज्म को प्रमोट कर रहे हैं। यहां देश-विदेश से आने वाले पर्यटक मनाली की वादियों में प्रकृति के करीब रहकर स्वस्थ रहने की कला सीखते हैं। प्रसिद्ध भारतीय भरतनाट्यम नृत्यांगना और अभिनेत्री सुधा चंद्रन ने डॉ. सागर को उपाधि प्रदान करते हुए कहा कि आज के दौर में जब जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां बढ़ रही हैं, तब डॉ. सागर जैसे मार्गदर्शकों की समाज को बहुत जरूरत है, जो लोगों को आत्म-चेतना और समग्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर रहे हैं। डॉ. सागर ने अपनी उपलब्धि को उन सभी लोगों को समर्पित किया है जिन्होंने उन पर भरोसा किया है।

# ऊझी घाटी में गैस का गहराया संकट, आधुनिक रसोई से पारंपरिक चूल्हों की ओर लौटे ग्रामीण

अनंत ज्ञान



**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले की ऊझी घाटी में इन दिनों एलपीजी सिलेंडरों की भारी किल्लत ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। घाटी के दूरस्थ इलाकों में आपूर्ति बाधित होने के कारण ग्रामीणों के घरों व व्यावसायिक होटलों में रसोई का काम लगभग ठप हो गया है। स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि लोग एक बार फिर लकड़ी के चूल्हों व पारंपरिक ईंधन पर निर्भर होने को मजबूर हैं।

अनंत ज्ञान मुद्दा

बशकोला निवासी शेर सिंह ने बताया कि गैस न मिलने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं अब लकड़ी जुटाने के काम में लग गई हैं, ताकि परिवार के लिए भोजन का प्रबंध किया जा सके। यह संकट न केवल घरेलू स्तर पर, बल्कि पर्यटन व्यवसाय के लिए भी एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। गैस किल्लत का सीधा प्रहार कुल्लू-मनाली के पर्यटन व्यवसाय पर पड़ा है। होटल संचालक अनिल के अनुसार, गैस की कमी से खाना बनाने में घंटों लग रहे हैं, जिससे न केवल पर्यटक नाराज हो रहे हैं, बल्कि होटलों को अपना 'मेन्यू' भी सीमित करना पड़ा है। इस संकट के बीच भारत गैस मनाली के संचालक देवेंद्र नेगी ने एक अलग पहलू सामने रखा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एजेंसी की ओर से पिछले एक माह से लगातार आपूर्ति जारी है, लेकिन कुछ लोगों द्वारा की जा रही सिलेंडरों की जमाखोरी इस किल्लत की मुख्य वजह बनी हुई है। प्रशासन व एजेंसी अब इन जमाखोरों पर नकेल कसने की तैयारी में है, ताकि आम जनता और पर्यटन उद्योग को इस समस्या से राहत मिल सके।

**योगदान** 21 अप्रैल को 'ठाकुर वेदराम पुरस्कार' समारोह, 14 विभूतियां होंगी सम्मानित

# श्रीलंका के डब्लयू. यू. हॅराथ को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय सम्मान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** सहकारिता व हथकरघा जगत के पुरोधा स्व. ठाकुर वेदराम की स्मृति में आयोजित होने वाला प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह इस वर्ष 21 अप्रैल को कुल्लू में आयोजित किया जाएगा।

भुट्टिको के सभागार में होने वाले इस गरिमामयी कार्यक्रम में कला, साहित्य, सहकारिता व मीडिया जगत की दिग्गज हस्तियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। भुट्टिको के अध्यक्ष व पूर्व बागवानी मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर ने विजेताओं की आधिकारिक घोषणा करते हुए बताया कि चयन प्रक्रिया में निष्पक्षता व उत्कृष्टता को सर्वोपरि रखा गया है। ठाकुर सत्य प्रकाश ने पुरस्कार चयन समिति के निर्णय की घोषणा करते हुए बताया कि समारोह 21 अप्रैल को सुबह 11 बजे शुरू होगा। उन्होंने बताया कि ठाकुर वेदराम अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय पुरस्कार' समारोह में हर साल की तरह इस बार भी देश और विदेश की प्रतिष्ठित प्रतिभाओं को उनके असाधारण योगदान के लिए नवाजा जाएगा। सत्य प्रकाश ठाकुर ने कहा कि स्व. ठाकुर वेदराम ने सहकारिता की जो मशाल जलाई थी, आज वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रकाश फैला रही है। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार समारोह न केवल उनकी दूरदर्शी सोच को श्रद्धांजलि है, बल्कि उन प्रतिभाओं का सम्मान भी है, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में समाज के लिए मील का पत्थर स्थापित किया है। यह पुरस्कार ठाकुर वेदराम की स्मृति को जीवंत रखने और समाज में निस्वार्थ सेवा करने वाली प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिवर्ष दिए जाते हैं।



बैठक के दौरान सभा के सभी पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

### प्रमुख पुरस्कारों की सूची

**इन** पुरस्कारों को विभिन्न श्रेणियों में विभाजित किया गया है, जिनमें श्रीलंका से लेकर हिमाचल के दूरदराज क्षेत्रों की प्रतिभाएं शामिल हैं: अंतरराष्ट्रीय सहकारिता पुरस्कार डब्लयू.यू. हॅराथ (श्रीलंका), राष्ट्रीय सहकारिता पुरस्कार सुभाष चंद आर्य (राजस्थान) एवं करनैल राणा (कांगड़ा), बुनकर क्षेत्र पुरस्कार विश्व नाथ सुम्मा, जुगत राम एवं राजू (कुल्लू), साहित्य पुरस्कार गणेश गनी भारद्वाज (कुल्लू), इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पुरस्कार संजीव शर्मा (एडिटर, दैनिक सवेरा डिजिटल),प्रिंट मीडिया पुरस्कार ववन्द्रि वशिष्ठ (स्थानीय संपादक, अमर उजाला),लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड राजेंद्र राजन (हमीरपुर) एवं डॉ. कमला सैनी रतू (जालंधर)।

### विशेष सांस्कृतिक व भाषाई पुरस्कार

साहित्य व संस्कृति के संरक्षण के लिए भी विशेष सम्मानों की घोषणा की गई है, जिसमें पुरोहित चंद्र शेखर बेबस लोक साहित्य राष्ट्रीय पुरस्कार डॉ. हेमेंद्र वाली (कुमारसैन, शिमला)। चांद कुल्लवी लाल चंद प्रार्थी पहाड़ी कला संस्कृति पुरस्कारः सविता सहगल (सिरमौर)। ठाकुर मौलू राम पहाड़ी भाषा साहित्य राष्ट्रीय पुरस्कारः यतिन पंडित (कुल्लू)।

# सोलन : जिप; पंचायत समितियां, पंचायत प्रधान व वार्डों के आरक्षण की नई अधिसूचना जारी

● **जिला परिषद :**
अधिसूचना के अनुसार दाड़ला, वार्ड नंबर 1 महिला, सूरजपुर, वार्ड नंबर 2 अनारक्षित, डुमैहर, वार्ड नंबर 3 महिला, वाकना, वार्ड नंबर 4 अनारक्षित, धंगील, वार्ड नंबर 5 अनारक्षित, डांगरी, वार्ड नंबर 6 अनुसूचित जाति महिला, चेवा, वार्ड नंबर 7 अनुसूचित जाति महिला, धर्मपुर, वार्ड नंबर 8 अनुसूचित जाति, टकसाल, वार्ड नंबर 9 अनारक्षित, दाड़वा, वार्ड नंबर 10 अनुसूचित जाति महिला, मन्धाला, वार्ड नंबर 11 अनारक्षित, खेड़ा, वार्ड नंबर 12 अनुसूचित जन जाति महिला, रड़याली, वार्ड नम्बर 13 महिला, दभोटा, वार्ड नंबर 14 महिला, लग, वार्ड नंबर 15 अनुसूचित जाति, बवासनी, वार्ड नंबर 16 महिला तथा बगलैहड, वार्ड नंबर 17 अनारक्षित है।

● **पंचायत समितियां :**
अधिसूचना के अनुसार जाबल झमरोट, वार्ड नंबर 1 महिला, जाडली, वार्ड नंबर 2 अनुसूचित जाति महिला, शड़ीयाणा, वार्ड नंबर 3 अनुसूचित जाति, देवठी, वार्ड नंबर 4 अनुसूचित जाति, बसाल, वार्ड नंबर 5 अनुसूचित जाति, सेरी, वार्ड नंबर 6 अनारक्षित, सलोगड़ा, वार्ड नंबर 7 अनारक्षित, जौणाजी, वार्ड नंबर 8 अनुसूचित जाति महिला, शमरोड़, वार्ड नंबर 9 महिला, ओच्छघाट, वार्ड नंबर 10 महिला, सन्होल, वार्ड नंबर 11 महिला, सपरून, वार्ड नंबर 12 महिला, बड़ोग, वार्ड नंबर 13 अनारक्षित, चेवा, वार्ड नंबर 14 अनुसूचित जाति महिला, बोहली, वार्ड नंबर 15 अनारक्षित, भोजनगर, वार्ड नंबर 16 अनुसूचित जाति महिला तथा डांगरी, वार्ड नंबर 17 अनारक्षित है।

**पंचायत समिति पट्टा :** बढलग, वार्ड नंबर 1 अनुसूचित जाति महिला, दाड़वा, वार्ड नंबर 2 महिला, जाडला, वार्ड नंबर 3 अनुसूचित जाति, जगजीत नगर, वार्ड नंबर 4 महिला, बाड़ियां, वार्ड नंबर 5 अनारक्षित, कैंडोल, वार्ड नंबर 6 अनुसूचित जाति, कालुझंडा, वार्ड नंबर 7 अनुसूचित जन जाति महिला, मन्धाला, वार्ड नंबर 8 महिला, सूरजपुर, वार्ड नंबर 9 अनारक्षित, भटोली कलां, वार्ड नंबर 10 अनारक्षित, गुल्लरवाला, वार्ड नंबर 11 अनारक्षित, सौड़ी, वार्ड नंबर 12 अनुसूचित जाति महिला, साईं, वार्ड नंबर 13 अनुसूचित जाति महिला, गोयला, वार्ड नंबर 14 महिला तथा चण्डी, वार्ड नंबर 15 अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित है।

**पंचायत समिति धर्मपुरः** रौडी, वार्ड नंबर 1 महिला, गुल्हाड़ी, वार्ड नंबर 2 अनुसूचित जाति महिला, धर्मपुर, वार्ड नंबर 3 अनारक्षित, गड़खल सनावर, वार्ड नंबर 4 अनारक्षित, कसौली गड़खल, वार्ड नंबर 5 महिला, जाबली, वार्ड नंबर 6 अनारक्षित, कोटी नाम्ब, वार्ड नंबर 7 अनुसूचित जाति, आंजी मातला, वार्ड नंबर 8 अनारक्षित, बनासर, वार्ड नंबर 9 अनुसूचित जाति, नरायणी, वार्ड नंबर 10 अनुसूचित जाति महिला, टकसाल-1, वार्ड नंबर 11 अनारक्षित, कामली, वार्ड नंबर 12 महिला, जंगेशु, वार्ड नंबर 13 अनुसूचित जाति महिला, कोट बेजा, वार्ड नंबर 14 अनुसूचित जाति, गनोल, वार्ड नंबर 15 महिला तथा कोट, वार्ड नंबर 16 महिला वर्ग के लिए आरक्षित है।

**पंचायत समिति कंडाघाटः** छावशा, वार्ड नंबर 1 महिला, तुन्दल, वार्ड नंबर 2 अनुसूचित जाति महिला, बीशा, वार्ड नंबर 3 अनुसूचित जाति, बांजणी, वार्ड नंबर 4 अनुसूचित जाति महिला, चायल, वार्ड नंबर 5 अनारक्षित, धंगील, वार्ड नंबर 6 अनारक्षित, हिन्नर, वार्ड नंबर 7 अनुसूचित जाति महिला, क्वारग, वार्ड नंबर 8 अनारक्षित, सिरीनगर, वार्ड नंबर 9 महिला, देलगी, वार्ड नंबर 10 महिला, कोट, वार्ड नंबर 11 अनुसूचित जाति, ममलीग, वार्ड नंबर 12 अनुसूचित जाति, सतड़ोल, वार्ड नंबर 13 महिला, सायरी, वार्ड नंबर 14 अनारक्षित तथा कनैर, वार्ड नंबर 15 महिला वर्ग के लिए आरक्षित है।

**पंचायत समिति कुनिहारः** मांगल, वार्ड नंबर 1 अनारक्षित, सेवड़ा चंडी, वार्ड नंबर 2 महिला, पारनू, वार्ड नंबर 3 महिला, मांगु, वार्ड नंबर 4 अनुसूचित जाति महिला, दाड़ला, वार्ड नंबर 5 महिला, दानोघाट, वार्ड नंबर 6 अनुसूचित जाति, कोटली, वार्ड नंबर 7 अनारक्षित, पलोग, वार्ड नंबर 8 महिला, प्लानियां, वार्ड नंबर 9 महिला, घनागू घाट, वार्ड नंबर 10 महिला, देवरा, वार्ड नंबर 11 अनारक्षित, कोठी, वार्ड नंबर 12 अनारक्षित, डुमैहर, वार्ड नंबर 13 अनुसूचित जाति महिला, मान, वार्ड नंबर 14 अनुसूचित जाति महिला, भूमती, वार्ड नंबर 15 अनारक्षित, शहरोल, वार्ड नंबर 16 अनुसूचति जाति, बखालग, वार्ड नंबर 17 अनुसूचित जाति, धुन्धन, वार्ड नंबर 18 महिला, सनयाडी मोड़, वार्ड नंबर 19 महिला, दसेरन, वार्ड नंबर 20 अनारक्षित, बलेरा, वार्ड नंबर 21 अनुसूचित जाति महिला, कुंहर, वार्ड नंबर 22 अनारक्षित तथा मटेरनी, वार्ड नंबर 23 अनारक्षित है।

**विकास खंड सोलन, ग्राम पंचायत प्रधान पद**
ग्राम पंचायत तोप की बेड़ में प्रधान पद अनुसूचित जाति महिला, ग्राम पंचायत डांगरी में अनारक्षित, ग्राम पंचायत ओच्छघाट में अनारक्षित, ग्राम पंचायत सन्होल में महिला, ग्राम पंचायत शड़ियाणा में महिला, ग्राम पंचायत भारती में अनुसूचित जाति, ग्राम पंचायत पट्टा बरावरी में अनुसूचित जाति महिला, ग्राम पंचायत जाडली में अनुसूचित जाति महिला, ग्राम पंचायत कक्कड़हट्टी में अनुसूचित जाति महिला तथा ग्राम पंचायत हरिपुर में प्रधान पद महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। ग्राम पंचायत सेर बनेड़ा में प्रधान पद महिला, ग्राम पंचायत शमरोड़ में अनारक्षित, ग्राम पंचायत सलोगड़ा में अनारक्षित, ग्राम पंचायत पड़ग में अनुसूचित जाति, ग्राम पंचायत कोठों में अनारक्षित, ग्राम पंचायत शामती में अनुसूचित जाति, ग्राम पंचायत आंजी में अनारक्षित, ग्राम पंचायत सपरुन में महिला, ग्राम पंचायत भोजनगर में अनुसूचित जाति तथा ग्राम पंचायत काबा कलां में प्रधान पद महिला वर्ग के लिए आरक्षित है।

**ग्राम पंचायत नेरी कलां** में प्रधान पद अनुसूचित जाति महिला, ग्राम पंचायत बसाल में महिला, ग्राम पंचायत धरोट में अनुसूचित जाति, ग्राम पंचायत मशीवर में अनुसूचित जाति महिला, ग्राम पंचायत जौणाजी में अनारक्षित, ग्राम पंचायत जाबल झमरोट में अनुसूचित जाति, ग्राम पंचायत चेवा में अनारक्षित, ग्राम पंचायत कोरों कैंथड़ी में अनुसूचित जाति महिला, ग्राम पंचायत सुल्तानपुर में अनारक्षित तथा ग्राम पंचायत बड़ोग में प्रधान पद महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। ग्राम पंचायत चामत भड़ेच में प्रधान पद अनुसूचित जाति, ग्राम पंचायत देवठी में महिला, ग्राम पंचायत रणो में अनुसूचित जाति महिला, ग्राम पंचायत अन्हेच में अनुसूचित जाति महिला, ग्राम पंचायत बोहली अनारक्षित, ग्राम पंचायत नौणी मझगांव में महिला, ग्राम पंचायत सेरी में अनुसूचित जाति, ग्राम पंचायत मनसार में अनारक्षित तथा ग्राम पंचायत धार बखूना में प्रधान पद महिला वर्ग के लिए।

**विकास खंड पट्टा :** ग्राम पंचायत बढलग में प्रधान पद महिला, ग्राम पंचायत सूरजपुर में अनारक्षित, ग्राम पंचायत मंधाला में महिला, ग्राम पंचायत बरोटीवाला में अनुसूचित जन जाति महिला, ग्राम पंचायत नालका में अनारक्षित, ग्राम पंचायत कालुझण्डा में अनुसूचित जाति, ग्राम पंचायत गोयला में अनुसूचित जाति महिला, ग्राम पंचायत जगजीतनगर में अनारक्षित, ग्राम पंचायत दाड़वा में अनुसूचित जाति महिला, ग्राम पंचायत बुघार कनैता में अनुसूचित जाति, ग्राम पंचायत जाडला में महिला, ग्राम पंचायत चण्डी में अनुसूचित जाति महिला तथा ग्राम पंचायत कृष्णगढ़ में प्रधान पद अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। ग्राम पंचायत बाड़ियां में प्रधान पद अनारक्षित, ग्राम पंचायत घड़सी में महिला, ग्राम पंचायत ढकरियाणा में महिला, ग्राम पंचायत भावगुड़ी में अनुसूचित जाति, ग्राम पंचायत पट्टानाली में महिला, ग्राम पंचायत कैंडोल में अनुसूचित जाति, ग्राम पंचायत मंढेसर में महिला, ग्राम पंचायत हरिपुर संडोली में अनुसूचित जन जाति, ग्राम पंचायत साईं में अनुसूचित जाति महिला, ग्राम पंचायत सौडी में अनुसूचित जाति महिला, ग्राम पंचायत भटोली कलां में अनारक्षित, पंचायत गुल्लरवाला में अनारक्षित तथा पंचायत चडियार में प्रधान पद अनारक्षित है।

**विकास खंड कुनिहार :** ग्राम पंचायत बड़ोग में प्रधान पद अनुसूचित जाति, ग्राम पंचायत बागा (करोग) में अनारक्षित, ग्राम पंचायत बखालग में अनारक्षित, ग्राम पंचायत बलेरा में अनुसूचित जाति महिला, ग्राम पंचायत बनोह खरड़हट्टी में अनुसूचित जाति महिला, ग्राम पंचायत बरायली में अनारक्षित, ग्राम पंचायत बसंतपुर में अनुसूचित जाति महिला, ग्राम पंचायत बातल में महिला, ग्राम पंचायत बेरल में अनारक्षित, ग्राम पंचायत भूमति में महिला, ग्राम पंचायत चाखड़ में अनारक्षित, ग्राम पंचायत चम्यावल में अनुसूचित जाति महिला, ग्राम पंचायत चईयांधार में महिला, ग्राम पंचायत दधोगी में अनारक्षित, ग्राम पंचायत दानोघाट में अनारक्षित, ग्राम पंचायत दाडला में अनारक्षित, ग्राम पंचायत दसेरन में महिला, ग्राम पंचायत दावटी में अनारक्षित तथा ग्राम पंचायत देवरा में प्रधान पद अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित है। पंचायत धुंधन में प्रधान पद अनारक्षित, ग्राम पंचायत डुमैहर में अनारक्षित, ग्राम पंचायत घनागुघाट में महिला, ग्राम पंचायत ग्याणा में अनुसूचित जाति महिला, ग्राम पंचायत हनुमान बड़ोग में महिला, ग्राम पंचायत जघून में अनारक्षित, पंचायत कश्लोग में अनुसूचित जाति, ग्राम पंचायत खनलग में अनुसूचित जाति, ग्राम पंचायत कोठी में अनारक्षित, पंचायत कोटली में अनारक्षित, ग्राम पंचायत कोटलू में महिला, ग्राम पंचायत कुंहर में अनारक्षित, ग्राम पंचायत कुनिहार में अनुसूचित जाति, ग्राम पंचायत क्यारड़ में महिला, पंचायत मान में अनुसूचित जाति महिला, ग्राम पंचायत मांगल में महिला, ग्राम पंचायत मांगू में अनुसूचित जाति महिला, ग्राम पंचायत मटेरनी में अनारक्षित तथा ग्राम पंचायत नवगांव में प्रधान पद महिला वर्ग के लिए आरक्षित है। ग्राम पंचायत पलोग में प्रधान पद महिला, ग्राम पंचायत पारनू में महिला, ग्राम पंचायत पलानिया में महिला, ग्राम पंचायत पट्टा में अनारक्षित, ग्राम पंचायत रोहांज जलाणा में महिला, ग्राम पंचायत रौड़ी में महिला, ग्राम पंचायत साईं में अनुसूचित जाति, ग्राम पंचायत समोग में अनारक्षित, ग्राम पंचायत सानण में अनुसूचित जाति, पंचायत संघोई में अनुसूचित जाति महिला, पंचायत सन्याड़ी मोड में अनारक्षित, ग्राम पंचायत सरली में अनुसूचित जाति, ग्राम पंचायत सारमा में महिला, ग्राम पंचायत सरयांज में महिला, ग्राम पंचायत सेवड़ा चण्डी में महिला, ग्राम पंचायत शहरोल में महिला, ग्राम पंचायत सूरजपुर में महिला, पंचायत चमाकड़ी में अनारक्षित, ग्राम पंचायत जमरोटी स्थित चुनाड़ ब्राहमणा में अनुसूचित जाति महिला तथा ग्राम पंचायत टुईरू में प्रधान पद अनारक्षित है।

**विकास खंड कंडाघाट :** ग्राम पंचायत बांजणी में प्रधान पद अनुसूचित जाति महिला, ग्राम पंचायत बाशा में अनुसूचित जाति महिला, ग्राम पंचायत बीशा में अनुसूचित जाति महिला, ग्राम पंचायत सैंज में अनुसूचित जाति, ग्राम पंचायत चायल में अनारक्षित, ग्राम पंचायत छावशा में अनुसूचित जाति, ग्राम पंचायत देलगी में अनारक्षित, ग्राम पंचायत धंगील में अनारक्षित तथा ग्राम पंचायत हिन्नर में प्रधान पद अनुसूचित जाति महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। ग्राम पंचायत रहेड़ में प्रधान पद अनारक्षित, ग्राम पंचायत जधाणा में महिला, ग्राम पंचायत झाझा में अनारक्षित, ग्राम पंचायत काहला में अनारक्षित, ग्राम पंचायत कनैर में अनुसूचित जाति महिला, ग्राम पंचायत क्वारग में अनारक्षित, ग्राम पंचायत कोट में अनुसूचित जाति, ग्राम पंचायत मही में महिला तथा ग्राम पंचायत ममलीग में प्रधान पद अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। ग्राम पंचायत नगाली में प्रधान पद अनारक्षित, ग्राम पंचायत पौधना में महिला, ग्राम पंचायत सकौड़ी में महिला, ग्राम पंचायत सतडोल में महिला, ग्राम पंचायत सायरी में अनारक्षित, ग्राम पंचायत सिरीनगर में महिला, ग्राम पंचायत तुन्दल में अनुसूचित जाति, ग्राम पंचायत वाकना में महिला, ग्राम पंचायत घाट कुम्हाला में महिला तथा ग्राम पंचायत बशील में प्रधान पद महिला वर्ग के लिए आरक्षित है।

**विकास खंड धर्मपुर :** ग्राम पंचायत टकसाल में प्रधान पद अनारक्षित, ग्राम पंचायत चम्मों में महिला, ग्राम पंचायत नरायणी में अनुसूचित जाति, ग्राम पंचायत बनासर में अनुसूचित जाति महिला, ग्राम पंचायत प्राथा में अनुसूचित जाति महिला, ग्राम पंचायत हुंडग में अनारक्षित, ग्राम पंचायत कोट में अनुसूचित जाति महिला, ग्राम पंचायत जंगेशु में अनारक्षित तथा ग्राम पंचायत गुल्हाड़ी में प्रधान पद अनुसूचित जाति महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। ग्राम पंचायत गांगुड़ी में प्रधान पद महिला, ग्राम पंचायत जाबली में महिला, ग्राम पंचायत रौड़ी में अनारक्षित, ग्राम पंचायत नाहरी में अनुसूचित जाति, ग्राम पंचायत गड़खल सनावर में महिला, ग्राम पंचायत कसौली गड़खल में महिला, ग्राम पंचायत गनोल में अनारक्षित, ग्राम पंचायत चामियां में अनारक्षित और ग्राम पंचायत आंजी मातला में प्रधान पद महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। पंचायत कोट बेजा प्रधान पद अनारक्षित, ग्राम पंचायत धर्मपुर अनारक्षित, ग्राम पंचायत सनवारा में अनुसूचित जाति महिला, ग्राम पंचायत मैहलों में अनुसूचित जाति, ग्राम पंचायत कोटला में अनारक्षित, ग्राम पंचायत कोटी नाम्ब में अनुसूचित जाति, ग्राम पंचायत कामली में महिला तथा ग्राम पंचायत अम्बोटा में प्रधान पद महिला वर्ग के लिए।

## न्यूज ब्रीफ

### सिरमौर में ओलावृष्टि से सेब-मटर की फसल तबाह, मुआवजे की मांग तेज

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने प्रदेश में विशेष तौर पर सिरमौर में हाल ही में हुई ओलावृष्टि से सेब बागवानों और मटर की फसलों को हुए भारी नुकसान को लेकर कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में प्रदेश के कई क्षेत्रों, विशेषकर सिरमौर, शिमला और आसपास के कृषि व बागवानी क्षेत्रों में ओलावृष्टि से सेब और मटर की फसलों को करोड़ों का नुकसान हुआ है, लेकिन सरकार अब तक हाथ पर हाथ धरे बैठी है। मेलाराम शर्मा ने कहा कि सेब व नगदी फसलें इस प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। ऐसे समय में जब बागवानों और किसानों को तत्काल राहत की आवश्यकता है, कांग्रेस सरकार की निष्क्रियता अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि जब किसान और बागवान संकट में है, तब सरकार मौन है। उन्होंने मांग की कि राज्य सरकार तुरंत प्रभावित क्षेत्रों में किसान का जायजा लेने के लिए विशेष सर्वेक्षण अभियान चलाए और बागवानों को शीघ्र मुआवजा दिया जा सके।

### लक्षय कॉन्वेंट स्कूल मंज्याट में उत्साह और उमंग के साथ मनाया विश्व स्वास्थ्य दिवस

**अनंत ज्ञान, अर्की ।** लक्षय कॉन्वेंट स्कूल मंज्याट में विश्व स्वास्थ्य दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम सीसीए के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें वेलनेस इंचार्ज द्वारा स्वास्थ्य से संबंधित प्रेरणादायक भाषण दिया गया। विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य शपथ ली और सकारात्मक विचार प्रस्तुत किए। इसके साथ ही सामान्य ज्ञान के प्रश्न भी पूछे गए। सभा के अंत में हल्के व्यायाम सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें वार्म-अप, स्ट्रेचिंग, सरल व्यायाम और श्वास अभ्यास शामिल थे।

### जीनियस ग्लोबल स्कूल में आयोजित किए गए छात्र कैबिनेट चुनाव




मतदान के दौरान छात्र। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शहर के आनंद विहार स्थित जीनियस ग्लोबल स्कूल में स्कूल कैबिनेट चुनाव-2026 का आयोजन किया गया। छात्रों ने चुनाव को लेकर मतदान में भारी उत्साह दिखाया। लोकतांत्रिक तरीके से छात्रों की उंगली में स्याही लगाकर मतदान करवाया गया। स्कूल मैनेजमेंट के अनुसार इस बार कुल 45 उम्मीदवार मैदान में हैं। अलग-अलग वर्गों और पदों के लिए छात्रों ने अपने-अपने वर्ग के पसंदीदा उम्मीदवारों का चयन किया। इस बार कुल 130 छात्रों ने वोटिंग में हिस्सा लिया और मतदान प्रतिशत लगभग 98 फीसदी रहा। चुनाव में स्कूल कैप्टन और असिस्टेंट कैप्टन, डिसिप्लिन कैप्टन और असिस्टेंट, एक्टिविटी कैप्टन और असिस्टेंट, तथा स्पोर्ट्स कैप्टन और असिस्टेंट के लिए कड़ा मुकाबला देखने को मिला। स्कूल एमडी नीति शर्मा ने बताया कि चुनाव से बच्चों में नेतृत्व करने की क्षमता, टीम में काम करने की आदत, जिम्मेदारी और अपनी चीजों पर ध्यान देने की भावना बढ़ी। उन्होंने बताया कि चुनावी नतीजे सोमवार को घोषित किए जाएंगे, जबकि इन्वेस्टिचर समारोह 16 या 17 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा।

### चौगान मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित

**अनंत ज्ञान, नाहन।** ऐतिहासिक चौगान मैदान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में सिरमौर के पुलिस अधीक्षक निश्चित सिंह नेगी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के दौरान संबोधित करते हुए निश्चित सिंह नेगी ने कहा कि आज का युवा पीढ़ी मोबाइल और कंप्यूटर की वर्चुअल दुनिया में खोई हुई है, जो न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी घातक है। उन्होंने जोर दिया कि खेल अनुशासन और टीम भावना सिखाते हैं। मुख्य अतिथि ने युवाओं से नशे से दूर रहने की पुरजोर अपील की। बीबीए अकादमी द्वारा आयोजित प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और नाहन के युवाओं को एक सकारात्मक दिशा देना है।

### कालाअंब में तेज रफ्तार से ट्राला पलटा हादसे में 20 मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त

**अनंत ज्ञान, नाहन।** औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब में रेत से भरा एक ट्राला अचानक अनियंत्रित होकर एक उद्योग के गेट के बाहर पलट गया। हादसे में उद्योग के बाहर खड़ीं करीब 20 बाइकें ट्राले के नीचे दबकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे के तुरंत बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। चालक पर 31 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। जांच में सामने आया है कि 3 बाइकें पूरी तरह कबाड़ में तबदील हो गई हैं। इस मामले पर एएसपी योगेश रोल्टा ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है।

# सोलन में अप्रैल में दिसंबर जैसी ठंड, शहरवासी गर्म कपड़ों पर लौटे

## बारिश और ओलावृष्टि से किसानों व बागवानों की मुश्किलें बढ़ी

अनंत ज्ञान



सोलन में बारिश से तापमान में आई गिरावट। अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** अप्रैल के महीने में गर्मी की उम्मीद के बजाय जिला सोलन में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। पिछले कुछ दिनों से शहर में लगातार बादल छाए रहना, ठंडी हवाएं और हल्की बूंदाबांदी से तापमान इतना गिर गया कि दिसंबर जैसी सर्दी का एहसास होने लगा। अधिकतम तापमान 20-25 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 8-10 डिग्री के बीच रहने से सुबह-शाम लोग स्वेटर-जैकेट पहनने को मजबूर हो गए हैं।

बाजारों में फिर से गर्म कपड़ों की अचानक मांग बढ़ गई है। मौसम के बेरुखी से बाजार भी मंदा पड़ गया। बारिश के कारण लोग खरीददारी में रूचि नहीं दिखा रहे इससे व्यापारी वर्ग मायूस है। डॉ. वाईएस परमार उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, 9 अप्रैल तक हल्की से मध्यम वर्षा, गरज-चमक, तेज हवाओं और ओलावृष्टि की संभावना है। यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हुआ है, जो जिले में पिछले कुछ दिनों से मौसम को परिवर्तनशील बनाए हुए है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी कि आने वाले दिन भी मौसम अस्थिर रहेगा। इस ठंड ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। बच्चों और बुजुर्गों में सर्दी-खांसी के मामले बढ़ने लगे हैं। क्षेत्रीय अस्पताल सोलन के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय पाठक ने सलाह दी कि गर्म कपड़े पहनें, साफ-सफाई रखें।

### गुठलीदार फसलों को हुआ नुकसान

**बारिश** और ओलावृष्टि से गेहूं, सब्जियों व फलों को नुकसान का खतरा है। कई क्षेत्रों में ओलावृष्टि से सेब व गुठलीदार फसलों को नुकसान हुआ है। विवि विशेषज्ञों ने फसलों की निगरानी, जल निकासी, हेल नेट का उपयोग व पशुओं को ठंड से बचाने की सलाह दी। किसान राम सिंह ने कहा कि बारिश-ओले से फसल बर्बाद हो सकती है।

# सुनेड़ ग्राम पंचायत से राधे चौधरी ने पेश की प्रधान पद को दावेदारी

अनंत ज्ञान

**ओम शर्मा, बीबीएन।** प्रदेश में पंचायती राज चुनावों का बिगुल बजते ही दून हल्के में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। चुनावी रोस्टर जारी होने के बाद जिला परिषद, पंचायत प्रधान, उपप्रधान और पंच पदों के लिए संभावित उम्मीदवारों ने अपनी दावेदारियां पेश करनी शुरू कर दी हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों की सक्रियता बढ़ गई है और फेसबुक जैसे माध्यम दावेदारों से भरे नजर आ रहे हैं। इसी क्रम में दून हल्के की ग्राम पंचायत सुनेड़ में भी चुनावी माहौल गरमा गया है। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित प्रधान पद पर राधे चौधरी ने अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है। उनके मैदान में उतरने से पंचायत में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। राधे चौधरी को एक युवा, सक्रिय और जमीनी स्तर से जुड़े नेता के रूप में देखा जा रहा है। वे लंबे समय से पंचायत की समस्याओं को विभिन्न मंचों पर उठाते रहे हैं। इसके अलावा, उन्होंने राजनीतिक क्षेत्र में भी विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए अपनी कार्यक्षमता और नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया है।



◆ **इस बार अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है ग्राम पंचायत सुनेड़**

उन्होंने पंचायत के समग्र विकास को अपनी प्राथमिकता बताते हुए पेयजल, सड़क, स्ट्रीट लाइट, स्वच्छता व्यवस्था और जरूरतमंद परिवारों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का वादा किया है। साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने और ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर भी जोर दिया है। समर्थकों का मानना है कि राधे चौधरी का मिलनसार स्वभाव और जमीनी पकड़ उन्हें चुनाव में बढ़त दिला सकती है, जिससे पंचायत में एक नई विकासात्मक दिशा संभव है।

### जिप वार्ड नंबर 2 दाना घाटो आखिर किस नियम के तहत बार-बार आरक्षित : रावत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर भाजपा के जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने जिला परिषद वार्ड नंबर 2 संगड़ाह (अब दाना घाटो) के बार-बार आरक्षण पर सवाल उठाए हैं। अन्य वार्डों में रोस्टर बदला गया है, लेकिन इस वार्ड में वर्षों से उचित बदलाव नहीं हुआ। रावत के अनुसार 1995 से अब तक यह वार्ड अलग-अलग श्रेणियों महिला ओपन, ओबीसी, एससी महिला व ओबीसी महिला के लिए आरक्षित रहा है, लेकिन आज तक पुरुष ओपन के लिए आरक्षित नहीं हुआ। इससे सामान्य वर्ग के पुरुष उम्मीदवार चुनाव लड़ने से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने सरकार और प्रशासन से इस स्थिति पर स्पष्टीकरण मांगा है।

# शॉर्ट सर्किट से पोल्ट्री फार्म में आग हजारों मुर्गियां, उपकरण जलकर राख

अनंत ज्ञान

**पांवटा साहिब/नाहन।** पांवटा साहिब के अंतर्गत ग्राम किशनपुरा में सुबह करीब 4:30 बजे एक पोल्ट्री फार्म में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की घटना सामने आई। फार्म में मौजूद ज्वलनशील सामग्री के चलते आग तेजी से फैली, जिससे पूरे परिसर में धुआं और लपटें फैल गईं। कर्मचारियों ने स्थिति को देखते हुए तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी और आग को नियंत्रित करने का प्रयास भी किया। इस घटना में लगभग 4 से 5 हजार मुर्गियों की मौत हुई है, जिससे आर्थिक नुकसान का अनुमान लाखों रुपए लगाया जा रहा है। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची व कर्मचारियों के साथ मिलकर आग बुझाने की प्रक्रिया शुरू की। करीब 2 से 3 घंटे की मेहनत के बाद स्थिति को नियंत्रण में लाया जा सका।

आग से जाल, पाइपलाइन, फीडिंग सिस्टम सहित अन्य आवश्यक उपकरण भी नष्ट हो गए। फार्म संचालक शेखर गुप्ता के अनुसार आग से फार्म की संरचना और संचालन से जुड़े लगभग सभी संसाधनों को नुकसान पहुंचा है, जिससे भविष्य में संचालन प्रभावित होने की संभावना है। पुलिस ने घटना का संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज कर लिया है और आग लगने के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है।

# हर ग्राम पंचायत में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता: डॉ. शांडिल

अनंत ज्ञान

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य हर ग्राम पंचायत में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। वह सोलन विधानसभा क्षेत्र के नौणी में विभिन्न ग्राम पंचायतों नौणी मझगांव, शमरोड़, सेर बनेड़ा, सन्होल और ओच्छघाट के लोगों की समस्याएं सुनने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के संतुलित विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इन पंचायतों में पिछले तीन वर्षों के दौरान लगभग 2.65 करोड़ रुपए की राशि से विभिन्न विकास कार्य पूरे किए गए हैं, जिससे स्थानीय लोगों को सीधा लाभ मिला है। डॉ. शांडिल ने स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने पर जोर देते हुए कहा कि हर व्यक्ति तक बेहतर चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। इसी दिशा में नौणी में लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण शीघ्र शुरू किया जाएगा। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण पर भी विशेष बल दिया और बताया कि विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना के तहत 1 लाख रुपये से कम आय वाली विधवा महिलाओं के बच्चों की शिक्षा का खर्च सरकार उठा रही है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनके शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

◆ **सोलन में विकास कार्यों को गति, नौणी में बनेगा 5 करोड़ की लागत से स्वास्थ्य केंद्र**

**निशाना** ‘सीमेंट-सरिया महंगा जनता रोए, कांग्रेस सोए’ की नीति पर चल रही सरकार

# महंगाई का बोलबाला, घर बनाना हुआ सपना : डॉ. राजीव सहजल

अनंत ज्ञान

**सोलन।** भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री डॉ. राजीव सहजल ने प्रदेश में लगातार बढ़ रही निर्माण सामग्री की कीमतों को लेकर कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में आज महंगाई ही कांग्रेस सरकार की सबसे बड़ी पहचान बन चुकी है और आम आदमी का घर बनाना अब एक सपना बनकर रह गया है। डॉ. सहजल ने कहा कि हाल ही में सीमेंट के दामों में प्रति बैग 15 तक की बढ़ोतरी और सरिये के दामों में 20 दिनों के भीतर 1000 प्रति क्विंटल तक उछाल ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। जो व्यक्ति अपने जीवनभर की बचत से घर बनाने का सपना देखता है, कांग्रेस सरकार ने उस सपने को महंगाई के बोझ तले कुचल दिया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार का मॉडल साफ है। टैक्स बढ़ाओ, कीमतें बढ़ाओ और जनता को तड़पाओ’। डॉ. सहजल ने कहा कि प्रदेश में पहले ही स्टांप ड्यूटी, बिजली, पानी और परिवहन के खर्च बढ़ चुके हैं, और अब निर्माण सामग्री की महंगाई ने आम आदमी के लिए जीवन और भी कठिन बना दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार महंगाई को नियंत्रित करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है और माफिया व बिचौलियों को खुली छूट दे रखी है। डॉ. सहजल ने कहा कि भाजपा इस मुद्दे को जनता के बीच मजबूती से उठाएगी और कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों का हर स्तर पर विरोध करेगी।



### सीमेंट कीमतों में बढ़ोतरी से जनता परेशान : अरुष

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरुष गुप्ता ने कहा कि प्रदेश में सीमेंट की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। हाल ही में सीमेंट के दामों में लगभग 15 रुपए प्रति बैग की वृद्धि और आने वाले दिनों में 15 से 20 रुपए तक और बढ़ोतरी की आशंका ने प्रदेशवासियों की चिंताओं को और बढ़ा दिया है। भाजपा का मानना है कि यह स्थिति प्रदेश की कांग्रेस सरकार की नीतिगत विफलता का प्रत्यक्ष परिणाम है।

# ठोडो ग्राउंड के पास चालक की लापरवाही से 3 वाहन क्षतिग्रस्त




अनंत ज्ञान

**सोलन।** सोलन के ठोडो ग्राउंड के समीप बुधवार दोपहर एक लापरवाह चालक की गलती से बड़ा हादसा टल गया। तेज रफ्तार में आ रहे एक चालक ने पहले दो अन्य वाहनों से जोरदार टक्कर मारी, फिर अनियंत्रित होकर नगर निगम के डस्टबिन को भी ठोक दिया। घटना में तीनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। इस दुर्घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ।

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस टीम पहुंची। प्रारंभिक जांच में चालक की लापरवाही सामने आई। चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## गोवा नाइट क्लब अग्निकांड मामले में लूथरा बंधुओं को जमानत मिली

**एजेंसी, पणजी।** गोवा की एक अदालत ने आग से तबाह हुए नाइटक्लब 'बर्च बाय रोमियो लेन' के मालिकों सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को जालसाजी के एक मामले में बुधवार को जमानत दे दी, जिससे उनकी जेल से रिहाई का रास्ता साफ हो गया। लूथरा बंधुओं को इससे पहले पिछले साल दिसंबर में लगी भीषण आग से संबंधित एक मामले में जमानत मिल चुकी है। इस घटना में 25 लोगों की मौत हो गई थी। लूथरा बंधुओं का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता पराग राव ने पत्रकारों को बताया कि न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (मापुसा) जूड सेक्वेरा ने जालसाजी मामले में आरोपियों को नियमित जमानत दे दी है। राव ने कहा कि इस फैसले के साथ ही दोनों भाइयों को अब जेल से रिहा कर दिया जाएगा। राव ने बताया कि उनके मुवक्किलों को अगले पांच दिन तक मापुसा थाने में हाजिरी लगाने के लिए कहा गया है। (अनंत ज्ञान)

# भारत बना निवेश का पसंदीदा ठिकाना, एशिया-प्रशांत में शीर्ष पर

### हिस्सेदारी 21% तक बढ़ी, 50 से अधिक संस्थाओं पर किया सर्वे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वैश्विक निवेशकों की नजर में भारत सबसे आकर्षक बाजार के रूप में उभर रहा है। मैकिन्से के एक सर्वे के मुताबिक, एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सीमित साझेदारों (लिमिटेड पार्टनर्स) ने भारत को निवेश के लिए शीर्ष स्थान दिया है।

50 से अधिक संस्थाओं पर किए गए सर्वे में 31 फीसदी निवेशकों ने भारत को पहला स्थान दिया, जबकि 76 फीसदी ने इसे अपने शीर्ष तीन निवेश विकल्पों में शामिल किया। एशिया-प्रशांत के कुल निवेश में भारत की हिस्सेदारी भी 12 फीसदी से बढ़कर करीब 21 फीसदी हो गई है। यह रुझान ऐसे समय में दिखा, जब भू-राजनीतिक और आर्थिक दबावों के कारण एशिया-प्रशांत क्षेत्र के अन्य बाजारों में निवेश गतिविधियां धीमी पड़ी हैं। भारत ने इस सुस्ती के बीच बेहतर प्रदर्शन किया है। देश में निजी इक्विटी व उद्यम पूंजी निवेश 2016-20 से 2021-25 के बीच 1.6 गुना बढ़कर 207 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। (अनंत ज्ञान)

**इन क्षेत्रों में सर्वाधिक निवेश**

2021-25 के दौरान तीन-चौथाई निवेश प्रमुख सेक्टरों में हुआ।

| | |
|---|---|
| टेक्नोलॉजी | 29 फीसदी |
| वित्तीय सेवाएं | 15 फीसदी |
| आईटी सेवाएं | 13 फीसदी |

**भारत पर बढ़ता भरोसा**

**सर्वे** के अनुसार, भारत अब एशिया-प्रशांत में कुल निवेश का एक-तिहाई से अधिक हिस्सा आकर्षित कर रहा है। यूरोपीय निवेशकों की हिस्सेदारी 60 फीसदी तक पहुंच गई है। भारत में होने वाले कुल निवेश का करीब 64 फीसदी निजी बाजारों में लगाया जा रहा है। 50 फीसदी से अधिक निवेशक भारत में निवेश बढ़ाने की योजना बना रहे हैं, सिर्फ 5 फीसदी ही निवेश घटाने के पक्ष में हैं।

**चुनौतियां भी कम नहीं**

**रिपोर्ट** में कहा गया कि भारत के सामने कुछ बड़ी चुनौतियां भी मौजूद हैं, जैसे-मुद्रा जोखिम, जटिल कर प्रणाली, व्यापार करने में कठिनाइयां, अनुबंध लागू करने की समस्या और सीमित क्षेत्रों में निवेश का अधिक केंद्रित होना। विशेषज्ञों का मानना है कि पूंजी बाजार में सुधार और नियामकीय बाधाओं में कमी लाने के बाद निवेश और बढ़ सकता है।

## खड़गे ने गुजरातियों पर किए कमेंट के लिए मांगी माफी

### बोले- हमेशा रहेगा सम्मान

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को गुजरातियों से जुड़े विवादित बयान पर खेद जताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि मेरे बयान को जानबूझकर गलत तरीके से पेश किया गया। मैं शब्दों पर खेद व्यक्त करता हूं। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, खड़गे ने रविवार को केरल के इडुक्की में कहा था कि राज्य के लोग 'पढ़े-लिखे और समझदार' हैं और उन्हें गुमराह नहीं किया जा सकता, जबकि गुजरात और कुछ अन्य जगहों के लोग 'अनपढ़' हैं। उधर, गुजराती समुदाय के लोगों ने खड़गे के बयान को लेकर आज दिल्ली में कांग्रेस कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। खड़गे के खिलाफ नारेबाजी की और माफी मांगने की अपील की। वहीं भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस नेतृत्व से इस पर जवाब मांगा। उन्होंने राहुल गांधी, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा से पूछा कि क्या वे खड़गे के बयान से सहमत हैं। प्रसाद ने कहा कि 'क्या वे इस बयान से सहमत हैं? अगर राहुल गांधी में समझ है तो उन्हें इस टिप्पणी से दूरी बनानी चाहिए, इसकी निंदा करनी चाहिए और माफी की मांग करनी चाहिए।' गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि खड़गे को माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने साढ़े छह करोड़ गुजरातियों का अपमान ही नहीं किया है, बल्कि महात्मा गांधी और सरदार पटेल की पवित्र भूमि के गौरव को भी ठेस पहुंचाई है। (अनंत ज्ञान)

## चांदी 13 हजार रुपए बढ़ी सोना भी चार हजार महंगा



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**अमेरिका** और ईरान के बीच दो सप्ताह के युद्धविराम के बाद सोने और चांदी के दामों बुधवार को बढ़त रही।

इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 4 हजार रुपए बढ़कर 1.52 लाख रुपए पर पहुंच गया। इससे पहले 7 अप्रैल को इसकी कीमत 1.48 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, एक किलो चांदी 13 हजार रुपए बढ़कर 2.44 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले ये 2.31 लाख रुपए प्रति किलो थी। सोना 2026 में अब तक 19 हजार रुपए और चांदी 14 हजार रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.52 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.44 लाख रुपए पर पहुंच गई है। (अनंत ज्ञान)

## विदेश मंत्री जयशंकर होंगे हिंद महासागर सम्मेलन में शामिल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर 9 से 12 अप्रैल तक मॉरीशस और संयुक्त अरब अमीरात का दौरा करेंगे। इसकी जानकारी विदेश मंत्रालय ने बुधवार को दी। मॉरीशस दौरे के दौरान, विदेश मंत्री जयशंकर 9वें हिंद महासागर सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके साथ ही द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा के लिए मॉरीशस के नेतृत्व से मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है, 'वे नौवें हिंद महासागर सम्मेलन में मुख्य भाषण भी देंगे। इसके अलावा, विदेश मंत्री अन्य प्रतिभागी देशों के समकक्षों के साथ चर्चा करेंगे। यह दौरा भारत की पड़ोसी पहले नीति, विजन महासंघ और वैश्विक दक्षिण के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।' वहीं, विदेश मंत्री जयशंकर 11 अप्रैल से संयुक्त अरब अमीरात की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। दो दिवसीय यात्रा के दौरान, वे संयुक्त अरब अमीरात के नेतृत्व से मुलाकात करेंगे। (अनंत ज्ञान)

# टीएमसी का आरोप- चुनाव आयोग ने 5 मिनट में भगाया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**पश्चिम** बंगाल चुनाव को लेकर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और चुनाव आयोग आमने-सामने आ गए हैं। सांसद डेरेक ओ'ब्रायन के नेतृत्व में टीएमसी का प्रतिनिधि मंडल बुधवार सुबह दिल्ली में चुनाव आयोग से मिलने पहुंचा। डेरेक ने कहा कि हमने एसआईआर के मुद्दे पर समय मांगा था, लेकिन मीटिंग के दौरान हमारे साथ खराब व्यवहार किया गया।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने हमें सिर्फ 5 मिनट में भगा दिया। डेरेक ओ'ब्रायन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि बैठक सुबह 10:02 बजे शुरू हुई और 10:07 बजे खत्म हो गई। चुनाव आयोग के सूत्रों के मुताबिक, डेरेक ओ'ब्रायन ने ष्टश्वष्ट को बोलने से रोका और धमकी दी। वह कोई बात सुन ही नहीं रहे थे। उधर, विपक्षी दलों ने शाम 4.45 बजे इस मुद्दे पर प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई है। इसमें कांग्रेस, टीएमसी, सपा, डीएमके, 'आप', आरजेडी, शिवसेना, सीपीआई (एम) और सीपीआई के नेता शामिल होंगे। (अनंत ज्ञान)

### चुनाव आयोग ने कहा- बंगाल में चुनाव भय रहित होंगे

**टीएमसी** के साथ बैठक खत्म होने के बाद चुनाव आयोग ने सुबह 10:20 बजे सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया। चुनाव आयोग की टीएमसी को दो टूक। बंगाल में इस बार चुनाव भय रहित और हिंसा रहित होंगे। चुनाव आयोग के अधिकारियों के मुताबिक, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने डेरेक ओ'ब्रायन से बैठक में शालीनता बनाए रखने को कहा था, लेकिन डेरेक आयोग के परिसर में चिल्लाने लगे और अनुचित व्यवहार करने लगे। प्रतिनिधिमंडल में डेरेक ओ ब्रायन के अलावा साकेत गोखले, मेनका गुरुस्वामी और सागरिका घोष शामिल थीं।

# उत्तर कोरिया ने समुद्र की तरफ दागी बैलिस्टिक मिसाइल

### दो दिनों में दूसरा मिसाइल परीक्षण, कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव और बढ़ा दिया

**एजेंसी, सियोल**



**उत्तर** कोरिया ने बुधवार को एक बार फिर उकसावे वाली कार्रवाई करते हुए समुद्र की ओर कई शॉर्ट-रेंज बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। यह लगातार दो दिनों में दूसरा मिसाइल परीक्षण है, जिसने कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव और बढ़ा दिया है। उत्तर कोरिया के एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा सियोल के साथ सौहार्दपूर्ण संबंधों की उम्मीदों के विपरीत शर्मनाक टिप्पणियां जारी करने के कुछ घंटों बाद यह घटना हुई।

दक्षिण कोरिया की सेना ने यह जानकारी दी। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि मिसाइलें उत्तर कोरिया के पूर्वी तटीय क्षेत्र वॉनसन से दागी गईं जो लगभग 240 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए उत्तर कोरिया के पूर्वी जलक्षेत्र की ओर गईं। उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरिया, अमेरिका के साथ अपने मजबूत सैन्य गठबंधन के तहत उत्तर कोरिया द्वारा किसी भी प्रकार की उकसावे वाली कार्रवाई का जवाब देने के लिए तत्पर है। दक्षिण कोरिया ने बाद में कहा कि उत्तर कोरिया ने अपने पूर्वी जलक्षेत्र की ओर एक और बैलिस्टिक मिसाइल दागी लेकिन उसने इसके बारे में और कोई जानकारी नहीं दी। दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा कि उसे मंगलवार को उत्तर कोरिया की राजधानी के आसपास एक अज्ञात मिसाइल के प्रक्षेपण का पता चला है। उसने कहा कि दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी खुफिया एजेंसियां मंगलवार के प्रक्षेपण के विवरण का विश्लेषण कर रही हैं।

दक्षिण कोरिया के मीडिया ने बताया कि पहले दागी गई मिसाइल संभवतः एक बैलिस्टिक मिसाइल थी। प्रक्षेपण के प्रारंभिक चरण में दक्षिण कोरियाई सैन्य रडारों पर असामान्य गतिविधि दिखने के बाद यह रडार से गायब हो गया। रिपोर्ट के अनुसार, इससे संकेत मिलता है कि प्रक्षेपण विफल रहा। उत्तर कोरिया यह स्पष्ट कर चुका है कि उसका दक्षिण कोरिया के साथ संबंध सुधारने का कोई इरादा नहीं है, जिसके बाद लगातार दो मिसाइल प्रक्षेपण हुए। वहीं, दक्षिण कोरिया की उदारवादी सरकार लंबे समय से ठप पड़े संवाद को फिर से शुरू करने की आशा को दृढ़ता से व्यक्त कर चुकी है। मंगलवार रात को उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय के प्रथम उप मंत्री जांग कुम चोल ने कहा कि दक्षिण कोरिया हमेशा उनके देश का 'सबसे कट्टर शत्रु देश' बना रहेगा। (अनंत ज्ञान)

## अगस्ता वेस्टलैंड मामले में बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की जेल से रिहाई की याचिका

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने 3,600 करोड़ रुपए के अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलिकॉप्टर घोटाले में कथित बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की जेल से रिहाई की याचिका बुधवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा की पीठ ने कहा कि ब्रिटिश नागरिक की याचिका में कोई आधार नहीं है। जेम्स को दिसंबर 2018 में दुबई से प्रत्यर्पित किया गया था। अपनी याचिका में जेम्स ने भारत-यूएई प्रत्यर्पण संधि के एक प्रावधान को चुनौती दी थी। उसने सात अगस्त 2025 के निचली अदालत के उस आदेश को भी चुनौती दी थी, जिसमें दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 436ए के तहत उसकी रिहाई की अर्जी खारिज कर दी गई थी। जेम्स ने 1999 में हुई संधि के अनुच्छेद 17 को चुनौती दी, जो अनुरोध करने वाले देश (इस मामले में भारत) को प्रत्यर्पित व्यक्ति पर न केवल उस अपराध के लिए, जिसमें प्रत्यर्पण किया गया है, बल्कि उससे जुड़े अन्य अपराधों के लिए भी मुकदमा चलाने की अनुमति देता है। जेम्स की ओर से दलील दी गई कि प्रत्यर्पित व्यक्ति पर केवल उन्हीं अपराधों के लिए मुकदमा चलाया जा सकता है, जिनके लिए उसका प्रत्यर्पण हुआ है, न कि उनसे जुड़े अन्य अपराधों के लिए। (अनंत ज्ञान)

## बैंक खातों, एफडी व ब्याज राशि की जांच करेंगे सभी विभाग

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा में आए दिन सामने आ रहे बैंक घोटालों पर सरकार सतर्क हो गई है। राज्य सरकार के वित्त विभाग ने राज्य के सभी विभागों, बोर्डों, निगमों और विश्वविद्यालयों को बैंक खातों और फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) पर मिलने वाले ब्याज की तत्काल जांच और मिलान करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की ओर से जारी पत्र के बाद अब विभाग ने रिमाइंडर-1 जारी कर इसे अत्यंत जरूरी और समयबद्ध कार्य बताया है। वित्त विभाग के पत्र के अनुसार, सरकार ने पहले 17 मार्च 2026 को जारी निर्देशों में सभी विभागों को अपने बैंक खातों और एफडी की समीक्षा कर यह सुनिश्चित करने को कहा था कि बैंकों द्वारा ब्याज तय दरों के अनुसार ही जमा किया गया है और परिपक्वता राशि भी सही है, लेकिन अधिकांश विभागों ने इस पर गंभीरता नहीं दिखाते हुए रिपोर्ट नहीं भेजी। वित्त विभाग ने निर्देश जारी किए हैं कि सभी विभाग अपने बैंक खातों और एफडी की तुरंत जांच करें। बैंक द्वारा दी गई ब्याज दर और वास्तविक जमा ब्याज का मिलान करें।

# प्री-एग्जाम के बाद यूपीएससी, एचपीएससी व ज्यूडिशरी की तैयारी करने पर मिलेगी वित्तीय सहायता : नायब सैनी

**अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा की कि राज्य के यूपीएससी, एचपीएससी और ज्यूडिशरी के प्री-एग्जाम उत्तीर्ण करने वाले युवाओं को आगे की कोचिंग फीस की प्रतिपूर्ति करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय सहायता दी जाएगी।

मुख्यमंत्री युवा प्रतिभा प्रोत्साहन योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं को 25 हजार से लेकर 70 हजार रुपए तक वित्तीय मदद की जाएगी। मुख्यमंत्री बुधवार को संघ लोक सेवा आयोग द्वारा हरियाणा के नव-चयनित युवाओं के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन परिवारों की वार्षिक आय एक लाख रुपये है,उनके बच्चों को 70 हजार,1.80 लाख रुपए तक आय वाले परिवारों के बच्चों को 60 हजार,1.80 लाख रुपए से लेकर 3 लाख रुपए तक आय वाले परिवार के बच्चों को 50 हजार तथा 3 लाख रुपए से लेकर 5 लाख रुपए तक आय वाले परिवार के बच्चों को 25 हजार रुपए की वित्तीय सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि राज्य के सभी सरकारी विश्वविद्यालयों में यूपीएससी ,एचपीएससी एग्जाम की कोचिंग दी जाएगी इसके लिए सायंकालीन पारी में कक्षाएं शुरू की जाएगी ताकि प्रदेश के अधिक से अधिक युवा उक्त परीक्षाओं में सफल हो सकें। सैनी ने इस अवसर पर कहा कि भारतीय प्रशासनिक अधिकारी की सोच, उसकी योजनाएं और निर्णय भारत के भविष्य की दिशा तय करते हैं। इनके निर्णय से लाखों लोगों का जीवन प्रभावित होता है। उन्होंने संघ लोकसेवा आयोग की भारतीय प्रशासनिक सेवा परीक्षा परिणाम में तीसरा स्थान हासिल करने वाले एकांश ढुल समेत हरियाणा के सफल 77 होनहार युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा केवल एक नौकरी नहीं है, यह एक जिम्मेदारी है, एक कर्तव्य है, एक सेवा है। यह वह मंच है, जहां आपके निर्णय लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित करते हैं। अब तक आपकी यात्रा व्यक्तिगत उपलब्धियों की यात्रा थी, लेकिन अब आगे की यात्रा जनसेवा की यात्रा है।

इस अवसर पर संघ लोक सेवा आयोग के परीक्षा परिणाम में देश में तीसरे स्थान पर आने वाले एकांश ढुल,छठे रैंक पर आई जिन्निया अरोड़ा के अलावा नव-चयनित युवा नितीश , शगुन मेहरा , शिखा ने भी अपने लक्ष्य तक पहुंचने की अपनी यात्रा सांझा की।

## हरियाणा विधानसभा के अधिकारियों को मिलेगी एआई की ट्रेनिंग

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा के प्रथम और द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह तकनीकी प्रशिक्षण हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान के पंचकूला के सेक्टर 25 स्थित केंद्र में 9 और 10 अप्रैल को करवाया जाएगा। प्रशिक्षण प्रतिदिन लगभग 4 घंटे की अवधि का होगा, जिसमें दो बैच बनाए गए हैं। पहला बैच सुबह 9:15 बजे से शुरू होगा जबकि दूसरा बैच दोपहर 1:30 बजे से शुरू होगा। सभी प्रतिभागियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रथम बैच के लिए सुबह 9:00 बजे तथा द्वितीय बैच के लिए दोपहर 1:00 बजे निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित हों। इस प्रशिक्षण का निर्णय हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण तथा हिपा महानिदेशक मनोज यादव के बीच हुई बैठक में लिया गया। सभी संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि वे इस प्रशिक्षण अवधि के दौरान बिना किसी अत्यावश्यक कारण के अवकाश न लें, क्योंकि यह प्रशिक्षण अनिवार्य है।

# बलबीर ने हाईकोर्ट के जून तक डीए बकाया जारी करने के आदेश का स्वागत किया

**अनंत ज्ञान**



**मोहाली।** पंजाब के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बलबीर सिंह सिद्धू ने पंजाब व हरियाणा हाई कोर्ट द्वारा पंजाब सरकार को कर्मचारियों और पेंशनरों के लंबित महंगाई भत्ता को जून तक जारी करने के निर्देशों का स्वागत किया। साथ ही उन्होंने आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की कर्मचारियों के अधिकारों की अनदेखी करने को लेकर कड़ी आलोचना की।

बलबीर सिंह सिद्धू ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कर्मचारी, जो राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था की रीढ़ हैं, उनको अपने अधिकारों के लिए अदालत का रुख करना पड़ा। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट के सख्त निर्देशों ने एक बार फिर पंजाब सरकार की विफलता को उजागर कर दिया है, जो बढ़ती महंगाई और बार-बार की गई मांगों के बावजूद समय पर डीए जारी करने में असफल रही है। 'यह फैसला पंजाब सरकार की नाकामी का स्पष्ट प्रमाण है। सरकार ने कर्मचारियों और पेंशनर्स को उनका हक देने के बजाय भुगतान में लगातार देरी की और उन्हें अदालत के दरवाजे खटखटाने के लिए मजबूर किया। बलबीर सिंह सिद्धू ने कहा कि यह और भी चौंकाने वाला है कि जहां पंजाब सरकार अपनी छवि सुधारने व भ्रामक प्रचार पर सार्वजनिक धन खर्च कर रही है। वहीं, वह कर्मचारियों व पेंशनरों के वैध बकाया जारी करने के लिए अदालत से और समय मांग रही थी। सिद्धू ने कहा कि यह सरकार की गलत प्राथमिकताओं को दर्शाता है, जो शासन के बजाय छवि निर्माण पर अधिक ध्यान दे रही है। बलबीर सिंह सिद्धू ने यह भी कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों व निचले स्तर के कर्मचारियों के बीच डीए दरों में असमानता अन्यायपूर्ण और भेदभावपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ऐसी नीतियां आम कर्मचारियों की आर्थिक परेशानियों के प्रति सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाती हैं। उन्होंने मांग की कि पंजाब सरकार तुरंत हाई कोर्ट के निर्देशों का पूरी तरह पालन करे, सभी लंबित बकाया बिना किसी और देरी के जारी करे और भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न उत्पन्न होने दे।

## बिजली चोरों से वसूला सर्वाधिक जुर्माना

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक नवदीप सिंह विर्क ने ब्यूरो के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक से अधिक बार आदतन बिजली चोरी करने वालों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाना होगा। बिजली चोरी केवल राजस्व की क्षति नहीं है बल्कि एक अपराध है। विर्क ने बताया कि हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरों ने धारा 135 आईईसी एक्ट 2003 के तहत मुकदमें दर्ज करके इरादतन एवं आदतन बिजली चोरों को गिरफ्तार किया गया है। वर्ष 2026 में जनवरी से मार्च तक इस प्रकार के 90 लोंगों के खिलाफ शिकायत दर्ज करके गिरफ्तारी हुई है। इसके बाद छह अप्रैल 2026 को बिजली चोरी के पांच अभियोगों का आरोपी रमेश पुत्र धनपत सिंह निवासी कला थाना जाटुसाना जिला रेवाड़ी को 5 मुकदमों में बिजली चोरी का जुर्माना बिजली निगम में जमा करने बारे बार-बार नोटिस दिये जाने पर भी जुर्माना राशि जमा न करने पर आदतन अपराधी होने के कारण आरोपी को सभी अभियोगों में शामिल अनुसंधान करके चालान तैयार कर अदालत में पेश किया गया। इस तरह चिन्हित कर हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरों द्वारा पूरे राज्य में कार्रवाई की जा रही है।

# विकास कार्यों में ढिलाई बर्दाश्त नहीं : राव इंद्रजीत सिंह

**अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** रेवाड़ी में बुधवार को आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में केंद्रीय योजना राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की सभी विकास योजनाएं निर्धारित समय सीमा में पूरी की जाएं।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हर निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। बैठक में बावल-बनीपुर नेशनल हाईवे पर बन रहे फ्लाईओवर की धीमी प्रगति पर मंत्री ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि कार्य में देरी के कारण आम जनता को जाम की समस्या झेलनी पड़ रही है। उन्होंने मनोज कुमार व संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य की निगरानी कर इसे तेज गति से पूरा कराने के निर्देश दिए। राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी को दो माह का समय दिया गया है, जिस पर मंत्री ने गति बढ़ाने को कहा। महेंद्रगढ़-बेरली रोड पर रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) और अंडरब्रिज (आरयूबी) निर्माण को लेकर भी समीक्षा की गई।

मंत्री ने रेलवे अधिकारियों को जल्द मंजूरी दिलाने का आश्वासन दिया। साथ ही लोक निर्माण विभाग को धारूहेड़ा में छह बेस और रेवाड़ी में 18 बेस के बस स्टैंड निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। मंत्री ने उपायुक्त अभिषेक मीणा को एम्स कनेक्टिविटी रोड अपने स्तर पर मॉनिटर करने को कहा। वहीं मसानी बैराज में जल प्रबंधन परियोजना पर करीब 268 करोड़ रुपये खर्च किए जाने की जानकारी दी गई।

सीएनडी वेस्ट को लेकर भी मंत्री ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने एसपी हेमेंद्र मीणा को रात्रि गश्त बढ़ाने और अवैध कचरा डालने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में रेवाड़ी विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, बावल के विधायक डा कृष्ण कुमार, कोसली के विधायक अनिल यादव व भाजपा जिलाध्यक्ष वंदना पोपली सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# दो करोड़ की फिरौती मांगने वाले छह आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** जुलाना में व्हाट्सअप कॉल कर चौथ मांगने के छह आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार किए गए बदमाशों को बाजार में भी घुमाया गया, ताकि लोगों में भय कम हो सके। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि मोबाइल फोन व सिम कार्ड खरीद कर विभिन्न लोगों को गैंग के नाम पर धमकी देकर फिरौती मांगते थे। फिरौती राशि न देने पर जान से मारने की धमकी तक दी जाती थी। फिलहाल पुलिस ने सभी आरोपितों को अदालत में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपितों से वारदातों में शामिल रहे अन्य लोगों तथा तथ्यों की जानकारी जुटाएगी। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बुधवार को को पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि 25 मार्च 2026 को गांव टिटोली निवासी अनूप थाना जुलाना में शिकायत दी थी कि उसके मोबाइल नंबर पर व्हाट्सअप कॉल के माध्यम से अज्ञात व्यक्ति द्वारा स्वयं को एक गैंग का सदस्य बता कर दो करोड़ रुपए की फिरौती मांगी तथा पैसे न देने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई है, जिसकी शिकायत के आधार पर थाना जुलाना में मामला दर्ज कर लिया गया था। मामले की जांच सीआईए स्टाफ जींद को सौंपी गई थी। सीआईए स्टाफ ने तकनीकी जांच व साइबर शाखा की मदद से आरोपितों का सुराग लगाते हुए सोनीपत जिला पुलिस से समन्वय स्थापित किया। सात अप्रैल को माननीय अदालत से प्रोडक्शन वारंट के आधार पर जिला जेल सोनीपत से आरोपित आयुष उर्फ मोटा उर्फ सरिया वासी कुंडली (सोनीपत), नरेला दिल्ली निवासी आकाश उर्फ काना, आयुष उर्फ मोटा उर्फ सरिया, आदित्य भारद्वाज उर्फ यश, यश खत्री उर्फ शिकारी, अंकित कुमार उर्फ विनय, आदित्य खत्री को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गहन पूछताछ के दौरान उन्होंने बतया कि मोबाइल फोन व सिम कार्ड खरीद कर विभिन्न लोगों को गैंग के नाम पर धमकी देकर फिरौती मांगने की योजना बनाई थी।

# बाजवा ने ऊधम सिंह व ठीकरीवाला की धरती का अपमान किया, बिना शर्त माफी मांगें : धालीवाल

**अनंत ज्ञान**



**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के मुख्य प्रवक्ता व विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल ने पंजाब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा द्वारा संगरूर की धरती को 'दीमक' पैदा करने वाली धरती बताने वाले बयान पर तीखा हमला बोला है।

धालीवाल ने इसे बाजवा की घटिया मानसिकता और पंजाब के गौरवशाली इतिहास के प्रति उनकी अज्ञानता का प्रतीक करार दिया। बुधवार को एक प्रेस कान्फ्रेंस को संबोधित करते हुए धालीवाल ने कहा कि प्रताप सिंह बाजवा को बोलने से पहले संगरूर का इतिहास पढ़ लेना चाहिए था, जिस धरती ने शहीद-ए-आजम उधम सिंह, सेवा सिंह ठीकरीवाला जैसे महान देशभक्त, नामधारी कूका लहर व रियासती आंदोलनों को जन्म दिया, उसे 'दीमक' कहना बेहद शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि संगरूर वह जिला है जिसने हमेशा इंकलाबी लहरों की अगुवाई की है, चाहे वह आजादी की जंग हो या हालिया किसान आंदोलन। धालीवाल ने सवाल किया कि बाजवा जिस कांग्रेस नेता संत राम सिंगला की बरसी पर बोल रहे थे, क्या वह भी 'दीमक' थे? उन्होंने कहा कि वहां मौजूद पूर्व मंत्री विजय इंदर सिंगला की जमीर ने उन्हें कैसे नहीं टोका कि बाजवा संगरूर की धरती को क्या कह रहे हैं? क्या बाजवा के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री राजिंदर कौर भट्ठल और उनके स्वतंत्रता सेनानी पिता हीरा सिंह भट्ठल भी 'दीमक' थे? बाजवा को पंजाब के लोगों से और संगरूर के निवासियों से तुरंत माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस पर पलटवार करते हुए धालीवाल ने कहा कि असल में कांग्रेस वह 'दीमक' है, जिसने 75 सालों तक देश और पंजाब को लूटा है। उन्होंने कहा कि बाजवा साहब, आप उस पार्टी के नेता हैं जिसने पंजाब में इमरजेंसी लगाई, ऑपरेशन ब्लू स्टार किया, सिखों का कत्लेआम किया और हजारों युवाओं को झूठे पुलिस मुकाबलों में मरवा दिया। कोयला घोटाला से लेकर कैप्टन सरकार के समय साधु सिंह धर्मसोत और आशु जैसे मंत्रियों के भ्रष्टाचार तक, आपकी पार्टी ने पंजाब को केवल बर्बाद किया है। कुलदीप सिंह धालीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी कोई साधारण पार्टी नहीं, बल्कि संगरूर की इसी क्रांतिकारी मिट्टी से उठी एक लहर है, जिसने कैप्टन अमरिंदर सिंह, बादल परिवार और भट्ठल जैसे बड़े-बड़े राजनीतिक किलों की जड़ें हिला दीं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जो लहर संगरूर से चली थी, वह 2027 में बाजवा के गढ़ कादियां तक पहुंचेगी और कांग्रेस का पूरी तरह सफाया कर देगी। पिछली बार 92 सीटें आई थीं, अगली बार 100 से पार होंगी क्योंकि पंजाब के लोग अब कांग्रेस की 'लूट और कूट' वाली राजनीति को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## स्पोर्ट्स विंडो

### अर्जेंटीना दौरे के लिए 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम घोषित

**एजेंसी, नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने अर्जेंटीना दौरे के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम की 24 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। यह दौरा 13 से 17 अप्रैल तक ब्यूनस आयर्स में खेला जाएगा, जहां भारत को मेजबान टीम के खिलाफ चार मैचों की सीरीज खेलनी है। यह दौरा एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप 2026 और एशियाई खेलों की तैयारियों के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। मिडफील्डर सलीमा टेटे को एक बार फिर टीम की कमान सौंपी गई है, जो अपने शांत स्वभाव और बेहतरीन खेल के लिए जानी जाती हैं। इस दौरे की सबसे बड़ी खबर फॉरवर्ड दीपिका की वापसी है, जो चोट से उबरकर टीम में लौटी हैं। उनकी वापसी से टीम को पेनल्टी कॉर्नर पर मजबूती मिलेगी। उनके गैरमौजूदगी में नवनीत कौर, मनीषा चौहान, उदिता और अन्नू जैसे खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया था। गोलकीपिंग विभाग में अनुभवी सविता की वापसी टीम के लिए राहत भरी खबर है। हाल के क्वालिफायर में उनकी अनुपस्थिति में बिचू देवी ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी उपयोगिता साबित की थी। अब दोनों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा टीम के लिए फायदेमंद साबित होगी। डिफेंस में ज्योति और फॉरवर्ड मुमताज खान की वापसी भी टीम को मजबूती देगी। वहीं, बलजीत कौर, वैष्णवी फाल्के, रुतुजा पिसाल, ईशिका और साक्षी राणा जैसे युवा खिलाड़ियों पर भी सभी की नजरें रहेंगी। (अनंत ज्ञान)

### राष्ट्रमंडल खेल प्रतिनिधिमंडल ने की अहमदाबाद में तैयारियों की समीक्षा

**एजेंसी, अहमदाबाद।** राष्ट्रमंडल खेलों की सर्वोच्च वैश्विक संस्था कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के एक प्रतिनिधिमंडल ने अहमदाबाद में 2030 में होने वाले इन खेलों की तैयारियों की समीक्षा के लिए बुधवार को गुजरात का अपना चार दिवसीय दौरा शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के अध्यक्ष डोनाल्ड रुकारे के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल आठ से 11 अप्रैल तक राज्य में रहेगा। इस प्रतिनिधिमंडल में भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अधिकारी भी शामिल हैं। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट की आम सभा की पिछले साल नवंबर में हुई बैठक में अहमदाबाद को 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी का अधिकार दिया गया था। भारत ने इससे पहले 2010 में नयी दिल्ली में इन खेलों की मेजबानी की थी। इस प्रतिनिधिमंडल ने गांधीनगर में राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से शिष्टाचार मुलाकात के साथ अपने दौरे की शुरुआत की। सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के अध्यक्ष रुकारे और सीईओ केटी सैडलियर अपने शानदार स्वागत से गदगद थे। मुख्यमंत्री पटेल ने एक्स पर लिखा, ''राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारियों की समीक्षा के लिए कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के प्रमुख डोनाल्ड रुकारे के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल से मिलकर मुझे बेहद खुशी हुई।' (अनंत ज्ञान)

### टेनिस : युगल में जीत के बावजूद थाईलैंड से 1-2 से हारी भारतीय टीम

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रुतुजा भोसले और अंकिता रैना की युगल मुकाबले में जीत के बावजूद भारत बुधवार को यहां सहजा यमलापल्ली की तीन सेट तक चले मुकाबले में पैचरिन चीपचंदेज से पराजय के कारण बारिश से प्रभावित बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) टेनिस टूर्नामेंट के एशिया-ओशिनिया ग्रुप एक के पहले मुकाबले में थाईलैंड से 1-2 से हार गया। विश्व रैंकिंग में 384वें स्थान पर काबिज सहजा पर बहुत कुछ निर्भर था। यह मैच बारिश के कारण मंगलवार को बीच में रोकना पड़ा था। भारत पहला एकल मुकाबला हारने के कारण सहजा से वापसी करने की उम्मीद कर रहा था, लेकिन यह 25 वर्षीय खिलाड़ी उसे मुकाबले में बनाए रखने में नाकाम रही। वह विश्व रैंकिंग में 449वें नंबर पर काबिज पैचरिन से 4-6, 6-1, 4-6 से हार गई। यह मैच दो घंटे 25 मिनट तक चला। इसके बाद भोसले और रैना की युगल जोड़ी ने थासापोर्न नाकलो और पैंगटार्न प्लिप्यूच को एक घंटे और 11 मिनट में 6-3 6-4 से हराकर थाईलैंड को क्लीन स्वीप नहीं करने दिया। (अनंत ज्ञान)

### खूबसूरत अंदाज में एलिस कैप्सी

**एलिस** कैप्सी इंग्लैंड की एक युवा और प्रतिभाशाली ऑलराउंडर हैं, जो आक्रामक दाएं हाथ की बल्लेबाजी और दाएं हाथ की ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी के लिए जानी जाती हैं। 2022 में अंतरराष्ट्रीय डेब्यू के बाद से, वह टी-20आई में इंग्लैंड के लिए सबसे तेज अर्धशतक (21 गेंद) का रिकॉर्ड रखती हैं ।



# अंक तालिका से लेकर ऑरेंज-पर्पल कैप तक, हर जगह गुलाबी जर्सी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राजस्थान रॉयल्स तीन मैचों में तीन जीत के साथ छह अंक लेकर पहले स्थान पर है। पंजाब किंग्स तीन मैचों में दो जीत और एक रद्द मैच से पांच अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु दो मैचों में दो जीत के साथ चार अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। दिल्ली कैपिटल्स दो मैचों में दो जीत के साथ चार अंक लेकर चौथे स्थान पर है।

सनराइजर्स हैदराबाद तीन मैचों में एक जीत और दो हार के बाद दो अंक के साथ पांचवें स्थान पर है। एलएसजी दो मैचों में एक जीत और एक हार के साथ दो अंक लेकर छठे स्थान पर है। मुंबई इंडियंस तीन मैचों में एक जीत और दो हार के साथ दो अंक लेकर सातवें स्थान पर है। कोलकाता नाइट राइडर्स तीन मैचों में दो हार और एक रद्द मैच से मिले एक अंक लेकर आठवें स्थान पर है। गुजरात टाइटंस ने अपने दोनों मैच गंवाए हैं और नौवें स्थान पर है, जबकि सीएसके अपने तीन मैच गंवाकर दसवें स्थान पर है। समान अंकों के बावजूद अंकतालिका में टीमों की रैंकिंग रन रेट के आधार पर तय की गई है। (अनंत ज्ञान)





### जायसवाल के पास ऑरेंज बिश्नोई के पास पर्पल कैप

**मुंबई** इंडियंस के खिलाफ बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में हुए मुकाबले में 32 गेंदों पर 77 रनों की विस्फोटक पारी खेलने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के पास ऑरेंज कैप आ गई है। जायसवाल ने तीन मैचों की तीन पारियों में 170 रन बनाए हैं। दूसरे स्थान पर दिल्ली कैपिटल्स के समीर रिजवी हैं। इनके दो मैच में 160 रन हैं। वहीं, राजस्थान रॉयल्स के रवि बिश्नोई के पास ही पर्पल कैप है। मंगलवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ दो विकेट लेने वाले बिश्नोई के तीन मैचों में सात विकेट हो गए हैं।

### निडर बल्लेबाजी का नया नाम 'वैभव सूर्यवंशी' जो डर नहीं जानता: हार्दिक

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से सभी को चौंका दिया। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या भी उनके मुरीद हो गए और मैच के बाद उनकी जमकर तारीफ की। इस मुकाबले में राजस्थान ने शानदार जीत दर्ज की। हार्दिक पांड्या ने राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की जमकर तारीफ की। मैच के बाद हार्दिक ने कहा, 'यह देखना काफी दिलचस्प है कि 16-17 साल का लड़का जिस तरह खेल रहा है। मैच से पहले भी हम उसके बारे में काफी चर्चा कर रहे थे। जिस तरह वह बल्लेबाजी करता है, उसकी निडरता और शॉट्स खेलने की क्षमता शानदार है। मैं उसके भविष्य के लिए उसे शुभकामनाएं देता हूं।' (अनंत ज्ञान)



# केकेआर को लखनऊ के खिलाफ आईपीएल में पहली जीत की आस

## बल्लेबाजों को तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी से मिलेगी कड़ी चुनौती

**एजेंसी, कोलकाता**

लय हासिल करने के लिए जूझ रही कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में वीरवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ होने वाले मैच में सत्र की पहली जीत हासिल करने के लिए अपनी अंतिम एकादश में व्यापक बदलाव कर सकती है।

केकेआर के लिए वापसी करना आसान नहीं होगा क्योंकि उसका सामना मोहम्मद शमी जैसे तेज गेंदबाज से होगा, जिन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पिछले मैच में चार ओवर में नौ रन देकर दो विकेट लिए थे। उन्होंने लगातार ओवरों में अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड को आउट किया था। घरेलू क्रिकेट में बंगाल की तरफ से खेलने वाले शमी यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ हैं। वह सीधी सीम गेंदबाजी और गेंद की स्विंग कराने में माहिर हैं तथा वह ईडन गार्डन्स की परिस्थितियों का भरपूर फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। केकेआर ने अभी तक तीन मैचों में जीत हासिल नहीं की है। यहां की पिच तेज गेंदबाजों के लिए मददगार हो सकती है। बारिश के कारण रद्द कर दिए गए पिछले मैच में पंजाब किंग्स के ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट ने दिखाया कि अधिक घास वाली पिच पर सीधी सीम गेंदबाजी कितनी प्रभावी हो सकती है। उन्होंने तीन गेंद के अंदर फिन एलन और कैमरन ग्रीन को आउट करके केकेआर के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया था।

केकेआर भाग्यशाली रहा कि यह मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। इससे उसने अंक तालिका में अपना खाता भी खोला। पश्चिमी बंगाल के गंगा वाले क्षेत्र से लेकर मन्नार की खाड़ी तक निम्न दबाव बनने के कारण यहां पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश हो रही है। (अनंत ज्ञान)




### संभावित टीमें

**केकेआर:** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, सुनील नारायण, रमनदीप सिंह, अनुकूल रॉय, वरुण चक्रवर्ती, वैभव अरोड़ा, उमरान मलिक, कैमरून ग्रीन, फिन एलन, मथीशा पथिराना, तेजस्वी सिंह, कार्तिक त्यागी, प्रशांत सोलंकी, राहुल त्रिपाठी, टिम सीफर्ट, सार्थक रंजन, दक्ष कामरा, रचिन रवींद्र, ब्लेसिंग मुजाराबानी, सौरभ दुबे और नवदीप सैनी।

**एलएसजी:** ऋषभ पंत (कप्तान), मिचेल मार्श, एडेन मारक्रम, हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, मुकुल चौधरी, अक्षत रघुवंशी, जोश इंग्लिस, निकोलस पूरन, अब्दुल समद, शाहबाज़ अहमद, अर्शिन कुलकर्णी, आयुष बडोनी, मोहम्मद शमी, अवेश खान, एम सिद्धार्थ, दिग्वेश सिंह, आकाश सिंह, प्रिंस यादव, अर्जुन तेंदुलकर, एनरिक नोर्किया, नमन तिवारी, मयंक यादव, मोहसिन खान।

# फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में देशमुख ने अन्ना मुजिचुक को दी शिकस्त

## आर प्रज्ञानानंद को अनीश गिरी के सामने माननी पड़ी हार

**एजेंसी, साइप्रस**

फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट 2026 के आठवें राउंड में मंगलवार को भारत की दिव्या देशमुख ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष पर चल रहीं अन्ना मुजिचुक को हराकर संयुक्त बढ़त हासिल कर ली। वहीं, भारत के आर प्रज्ञानानंद को अनीश गिरी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। गिरी ने महत्वपूर्ण मूव के जरिए दबाव बनाया और प्रज्ञानानंद को अंततः हार माननी पड़ी।

अपने पहले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में खेल रहीं दिव्या ने शुरुआत में दबाव झेला, लेकिन एंडगेम में शानदार वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ वह मुजिचुक, आर वैशाली, झू जिनर और कटरीना लाग्नो के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गई हैं। मुकाबले के मिडिलगेम और शुरुआती एंडगेम में मुजिचुक का नियंत्रण दिख रहा था और खेल ड्रॉ की ओर बढ़ता नजर आ रहा था। हालांकि 76वें मूव के बाद दिव्या ने लगातार चेक देते हुए विरोधी राजा को खुली स्थिति में ला दिया।

80वें मूव पर मुजिचुक की एक गलती भारी पड़ी और दिव्या ने निर्णायक हमला बोलते हुए जीत दर्ज कर ली। महिला वर्ग के अन्य मुकाबलों में वैशाली ने बिबिसारा अस्साउबायेवा के खिलाफ ड्रॉ खेला, जबकि लाग्नो ने अलेक्जेंड्रा गोर्याच्किना को हराया। झू जिनर ने तान झोंगयी पर जीत हासिल की। ओपन वर्ग में शीर्ष पर चल रहे जावोखिर सिंदारोव और आंद्रेई एसिपेंको के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। खेल के मध्य चरण में दोनों खिलाड़ियों ने संतुलित खेल दिखाया और अंततः मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ।

अन्य मुकाबलों में हिकारू नाकामुरा ने फैबियानो कारुआना को हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की, जबकि वेई यी और मैथियास ब्लूबाउम के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। (अनंत ज्ञान)

◆ बिबिसारा अस्साउबायेवा के खिलाफ वैशाली ने खेला ड्रॉ



### बीसीसीआई कैंप के लिए हिमाचल की दो महिला क्रिकेटरों का चयन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) के 2 लड़कियों का चयन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस अंडर-19 गर्ल्स एलीट कैंप के लिए हुआ है। यह कैंप 27 अप्रैल से 23 मई तक देश के बेंगलुरु स्थित सेंटर पर आयोजित किया जाएगा। दोनों खिलाड़ियों को 26 मई को सेंटर में रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। एचपीसीए से चयनित इन खिलाड़ियों में कांगड़ा से धन्यलक्ष्मी और अहाना शर्मा शामिल हैं। कैंप में शामिल होने से पहले इन खिलाड़ियों की शारीरिक फिटनेस का आकलन धर्मशाला स्थित एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम में किया जाएगा। फिटनेस परीक्षण में सफल होने के बाद ही खिलाड़ियों को कैंप में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। उधर, एचपीसीए के मानद सचिव मनुज शर्मा ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह अवसर खिलाड़ियों के लिए अपने खेल को निखारने और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का अहम मंच है। (अनंत ज्ञान)



धन्यलक्ष्मी



अहाना शर्मा

### आयुष शेट्टी ने विश्व नंबर 7 खिलाड़ी फेंग को हराया

**एजेंसी, निंगबो।** भारत के आयुष शेट्टी ने बुधवार को यहां बैडमिंटन एशियाई चैंपियनशिप में चीन के विश्व में सातवें नंबर के खिलाड़ी लिन शी फेंग को सीधे गेम में हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। पिछले साल यूएस ओपन सुपर 300 का खिताब जीतने वाले विश्व के 25वें नंबर के खिलाड़ी आयुष ने 51 मिनट में 21-13 21-16 से जीत दर्ज की। लिन ने शुरुआत में ही 4-1 की बढ़त बना ली, लेकिन आयुष ने शानदार वापसी करते हुए स्कोर 7-7 से बराबर कर दिया। इसके बाद उन्होंने धीरे-धीरे खेल पर नियंत्रण बनाकर पहला गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में चीन के खिलाड़ी ने अच्छी शुरुआत करके 4-1 से बढ़त हासिल कर दी और फिर इसे 12-9 तक बढ़ा दिया, लेकिन आयुष ने लगातार छह अंक बनाकर मैच का रुख पलट दिया और स्कोर 18-13 कर दिया। लिन ने अंतर कम करते हुए स्कोर 16-18 कर दिया, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने अपना संयम बनाए रखा और खिताब के दावेदार माने जा रहे लिन को बाहर का रास्ता दिखा दिया। (अनंत ज्ञान)



# बैडमिंटन चैंपियनशिप में सिंधु की रोमांचक जीत

## एक घंटा सात मिनट तक चले मुकाबले में मलेशिया की वोंग लिंग चिंग को हराया

**एजेंसी, निंगबो**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधु ने बुधवार को बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के पहले दौर में कड़ा मुकाबला जीतकर दूसरे दौर में जगह बनाई। करीब दो महीने बाद कोर्ट पर उतरी सिंधु को मलेशिया की वर्ल्ड नंबर-38 वोंग लिंग चिंग के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। पहला गेम 15-21 से गंवाने के बाद सिंधु ने शानदार वापसी करते हुए अगले दो गेम 21-11, 21-19 से जीत लिए। एक घंटे सात मिनट तक चले इस मुकाबले में जीत दर्ज करने के बाद अब उनका सामना दूसरे वरीयता प्राप्त चीन की वांग झी यी से होगा। इससे पहले आयुष शेट्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वर्ल्ड नंबर-7 और पिछले साल के कांस्य पदक विजेता ली शी फेंग को 21-13, 21-16 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। 51 मिनट में मिली इस जीत के बाद आयुष अब प्री-क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे के ची यू जेन से भिड़ेंगे। हालांकि, भारत के लक्ष्य सेन को निराशा हाथ लगी और उन्हें हांगकांग के ली चेक यू के खिलाफ 12-21, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल में मालविका बंसोड़ और तन्वी शर्मा भी अपने-अपने मुकाबले सीधे गेम में हारकर बाहर हो गईं। दिन के बाद के मुकाबलों में एच एस प्रणय, किदांबी श्रीकांत और उन्नति हुड्डा एकल वर्ग में एक्शन में नजर आएंगे। (अनंत ज्ञान)



### तमीम इकबाल को बनाया बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड का नया अध्यक्ष

**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के 2025 चुनाव अब गंभीर विवादों में घिर गए हैं। बांग्लादेश सरकार द्वारा गठित जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में चुनाव प्रक्रिया को पूरी तरह संदिग्ध बताया है। पूर्व जज एकेएम असदुज्जमान की अगुआई वाली पांच सदस्यीय समिति ने खेल मंत्रालय को सौंपी रिपोर्ट में कहा कि चुनाव में वोटर डराए गए, नियमों का उल्लंघन हुआ और निष्पक्षता पूरी तरह गायब थी।

जांच समिति ने ई-वोटिंग प्रक्रिया को भी संदिग्ध बताया। रिपोर्ट के अनुसार, वोटिंग एक ही जगह से कराई गई और गोपनीयता का पालन नहीं हुआ। इस बड़े विवाद के बाद सरकार ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बीसीबी बोर्ड को भंग कर दिया और 11 सदस्यीय एडहॉक कमेटी का गठन किया है। पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को इस नई समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि तमीम ने चुनाव से पहले ही अमीनुल पर सत्ता के दुरुपयोग के आरोप लगाए थे। (अनंत ज्ञान)



### हावर्ट्ज के गोल से आर्सेनल ने स्पोर्टिंग लिस्बन को हराया

**एजेंसी, लंदन।** काई हावर्ट्ज के इंजरी टाइम में किए गए गोल की मदद से आर्सेनल ने क्वार्टर फाइनल की पहले चरण में स्पोर्टिंग लिस्बन को 1-0 से हराकर लगातार दूसरी बार चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम चार में जगह बनाने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। स्थानापन्न खिलाड़ी हावर्ट्ज ने गोलकीपर रुई सिल्वा को छकाते हुए करीब से गोल दागकर आर्सेनल को अगले सप्ताह होने वाले दूसरे चरण के मैच से पहले महत्वपूर्ण बढ़त दिला दी। (अनंत ज्ञान)

**आईपीएल** पांच आईपीएल खिताब जीतने वाली टीम का घर के बाहर प्रदर्शन खराब

# विपक्षी टीमों के मैदान पर हार से मुंबई बेहाल

**एजेंसी, गुवाहाटी**

आईपीएल में मुंबई इंडियंस (एमआई) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) दो ऐसी टीमें हैं, जिनके पास पांच-पांच बार खिताब जीतने का रिकॉर्ड है। फिलहाल ये दोनों ही टीमें बुरे दौर से गुजर रही हैं। सीएसके की बात फिर कभी, इस लेख में हम मुंबई इंडियंस की बात करेंगे जिसके लिए आईपीएल 2023 से विपक्षी टीमों का घरेलू मैदान किसी बुरे स्वप्न से कम नहीं रहा है।

आईपीएल 2026 में मंगलवार को मुंबई इंडियंस का सामना राजस्थान रॉयल्स (आरआर) से था। एमआई इस मैच के लिए आरआर के दूसरे होम ग्राउंड गुवाहाटी पहुंची थी। बारिश की वजह से मैच मात्र 11-11 ओवरों का हुआ। आरआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बता दिया कि एमआई उनके सामने कहीं नहीं है।

टॉस गंवाने के बाद आरआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए यशस्वी जायसवाल के 32 गेंदों पर नाबाद 77 और वैभव सूर्यवंशी के 14 गेंदों पर 39 रन की मदद से तीन विकेट पर 150 रन बनाए। एमआई नौ विकेट पर 123 रन बना सकी और मैच 27 रन से हार गई। (अनंत ज्ञान)




### 2023 से 2026 तक खेले 25 मुकाबलों में 16 में मिली हार

**विपक्षी** टीमों के घर में यह निराशाजनक प्रदर्शन एमआई के लिए अब नया नहीं रह गया है। आईपीएल 2023 से विपक्षी टीमों के घरेलू मैदान पर एमआई लगातार फिसड्डी साबित हो रही है। विपक्षी टीमों के मैदान एमआई के लिए बुरा सपना साबित हो रहे हैं। आईपीएल 2023 से आईपीएल 2026 में सात अप्रैल को आरआर के खिलाफ हुए मैच तक एमआई ने कुल 25 मुकाबले विपक्षी टीमों के मैदान पर खेले हैं। इसमें 16 मैचों में एमआई को हार का सामना करना पड़ा है, जबकि नौ मैचों में जीत मिली है। पांच बार खिताब जीत चुकी मुंबई का 2023 से विपक्षी टीम के मैदान में जीत का प्रतिशत मात्र 36 है, जो किसी भी टीम के मुकाबले सबसे खराब है।

# मुंबई की गेंदबाजी में नजर आई इरादों की कमी : कुंबले

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले ने कहा कि राजस्थान रॉयल्स के हाथों इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में 27 रन से मिली हार के दौरान मुंबई इंडियंस की गेंदबाजी में उद्देश्य और इरादों की कमी नजर आई। यशस्वी जायसवाल के नाबाद 77 रन और सूर्यवंशी की 14 गेंदों में खेली गई 39 रन की तूफानी पारी की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस पर आसानी से जीत हासिल कर ली। बारिश से प्रभावित इस मैच में राजस्थान रॉयल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 11 ओवर में तीन विकेट पर 150 रन बनाए। इसके जवाब में मुंबई इंडियंस नौ विकेट पर 123 रन ही बना पाया।

कुंबले ने जिओ हॉटस्टार से कहा, 'ऐसा लगा जैसे मुंबई इंडियंस की गेंदबाजी में कुछ उद्देश्य और इरादे की कमी थी। इसका असर निश्चित रूप से उनकी बल्लेबाज़ी पर भी पड़ा। 11 ओवरों में 151 रन बनाना आसान नहीं था।' सूर्यवंशी ने जिस तरह से जसप्रीत बुमराह का सामना किया उससे भी कुंबले हैरान थे। सूर्यवंशी ने इस तेज गेंदबाज की पहली गेंद पर ही छक्का जड़ दिया था।

उन्होंने कहा, 'सूर्यवंशी ने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक के खिलाफ इसे आसान बना दिया। पहली ही गेंद पर उन्होंने बुमराह को छक्का मारा और फिर उन पर हावी हो गए। हमने अक्सर बुमराह को बल्लेबाजों पर हावी होते हुए देखा है लेकिन यहां सूर्यवंशी ने बुमराह को धीमी गेंद फेंकने के लिए उकसाया। सूर्यवंशी की बल्लेबाजी शानदार थी। जिस तरह से उन्होंने गेंद को हिट किया और स्ट्राइक रेट में जो निरंतरता दिखाई, वह सराहनीय है। वह हर मैच में लगभग 300 के स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं, जो शानदार है।' (अनंत ज्ञान)



◆ 11 ओवर में 150 रन बनाने देना बहुत ही कमजोर गेंदबाजी

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
'अनंत ज्ञान' की प्रति प्राप्त करने समाचार, विज्ञापन, शुभकामना संदेश एवं निविदा प्रकाशित करने के लिए संपर्क करें।
''अनंत ज्ञान – आपकी आवाज, आपका समाचार पत्र''
शिमला – सत्यदेव भारद्वाज, ब्यूरो चीफ, मो. 70181-60595
धर्मशाला – राजेश कुमार, जिला प्रभारी, मो. 98164-48474
सोलन – मोहन चौहान, जिला प्रभारी, मो. 94181-57519
मंडी – अनिल शर्मा, ब्यूरो चीफ, मो. 94189-80288
हमीरपुर – विक्रम ढटवालिया, ब्यूरो चीफ, मो. 94180-03422
बिलासपुर – अरुण डोगरा, जिला प्रभारी, मो. 90159-09310
चंबा – राहुल सहगल, वरिष्ठ संवाददाता, मो. 78278-66759
ऊना – राजेश शर्मा, ब्यूरो चीफ, मो. 98163-96500
कुल्लू एवं लाहौल/स्पीति – कमलेश वर्मा, जिला प्रभारी, मो. 86298-97600
पठानकोट – अशोक ठाकुर, विशेष संवाददाता, मो. 94184-85666
चंडीगढ़/मोहाली – गुरनाम सागर, स्टाफ रिपोर्टर, मो. 99153-26615
Head Office:- Plot No.8, Phase-II, Ind. Area Nagrota Bagwan, Distt. Kangra (H. P.)- 176047
Contact: 01892-299098, 98168-75517
Email: anantgyaanmedia@gmail.com